आश्विन कृष्ण पक्ष सप्तमी उपरांत 12:39 अष्टमी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 24 सितंबर 2024
वर्ष 4, अंक 218, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





दिसानायके ने नया युग लाने का किया वादा 14

सुर्खियों से दूर भारत के तारणहार बने रहे हैं जडेजा 13


## किच्छा में पकड़ा बरेली का तस्कर, स्मैक बरामद

- चेकिंग के दौरान पुलिस ने दबोचा साथी बाइक लेकर फरार
- देहरादून सप्लाई की जानी थी बरामद 161 ग्राम स्मैक की खेप

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार :** चेकिंग के दौरान किच्छा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। बरेली के एक तस्कर को पकड़ा गया है, उसके पास से 161 ग्राम स्मैक बरामद की गई है। इस बीच तस्कर का साथी बाइक से फरार हो गया। बरामद स्मैक की कीमत 50 लाख रुपये बताई जा रही है। जांच में दो अन्य तस्करों के बारे में भी जानकारी मिली है, पुलिस उन पर शिकंजा कसने में जुट गई है।



किच्छा पुलिस की गिरफ्त में आरोपी तस्कर। ● अमृत विचार

प्रभारी निरीक्षक सुंदरम शर्मा ने बताया कि दरऊ चौकी प्रभारी दीवान सिंह बिष्ट के नेतृत्व में पुलिस ने ग्राम कुरैया में ग्राम मिलक संपर्क मार्ग पर चेकिंग के दौरान बरेली नंबर की मोटर साइकिल को रोकने का प्रयास किया। बाइक पर दो लोग सवार थे और बाइक की नंबर प्लेट पर यूपी 25 लिखा हुआ साफ प्रतीत हो रहा था लेकिन आगे के नंबर छुपा रखे थे। पुलिस के रोकने पर बाइक सवार युवकों ने बाइक सहित भागने की कोशिश की। पुलिस ने पीछा कर एक युवक को पकड़ लिया लेकिन दूसरा युवक बाइक समेत फरार हो गया। पकड़े गए युवक के पास से 161 ग्राम स्मैक बरामद हुई।

पुलिस के मुताबिक पकड़ा गया आरोपी कमल सिंह निवासी ग्राम बंजरिया, थाना शेरगढ़ (बरेली) है। उसके पास से मोबाइल फोन तथा 4890 रुपये भी बरामद हुए। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि बरामद स्मैक को देहरादून सप्लाई किया जाना था। जांच में दो अन्य आरोपियों के नाम भी पता चले हैं, जल्दी ही उन पर भी कार्रवाई की जाएगी।

## भक्त प्रह्लाद की मूर्ति तोड़ने पर हंगामा

- आधी रात सड़क पर उतरे संगठन, फलों के ठेले पलटाए
- भारी पुलिस बल तैनात, बनभलपुरा में तनाव की आशंका

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** शहर के मुख्य सिंधी चौराहे पर देर रात हंगामा शुरू हो गया। सबसे पुराने होली मैदान में लगी भक्त प्रह्लाद की मूर्ति तोड़ने की खबर से हिंदूवादी संगठन के लोग बड़ी संख्या में सड़क पर आ गए। मूर्ति तोड़ने का आरोप समुदाय विशेष के लोगों पर लगाते हुए अराजकता करने लगे। समुदाय विशेष के लोग होली ग्रांउड के आसपास फलों के ठेले लगाते हैं।



होली ग्राउंड पर भक्त प्रहलाद की खंडित मूर्ति मिलने के बाद लगी भीड़। (इनसेट में) टूटी पड़ी मूर्ति।

बवाल की सूचना पर भारी पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। घटना से बनभलपुरा इलाके में भी तनाव की आशंका है। देर रात तक पुलिस हिंदूवादी लोगों से मानमनौव्वल में जुटी रही। सिंधी चौराहे पर शहर का प्रमुख होली मैदान है। यहां शहर का मुख्य होलिका दहन किया जाता है। जुलाई माह में मैदान के एक पिलर में भक्त प्रह्लाद की मूर्ति लगाई गई थी। जिसे एक व्यक्ति ने जमीन पर गिरे देखा। अफवाह फैली की ये काम समुदाय विशेष के उन लोगों का है जो मैदान के आसपास ठेला लगाते है। इसके बाद हिंदूवादी संगठन के लोगों का मौके पर पहुंचना शुरू हो गया। करीब आधे घंटे में सैकड़ों लोगों की भीड़ जमा हो गई। धार्मिक नारे लगने लगे और देखते देखते लोगों अराजकता शुरू कर दी। जानकारी मिलते की कई थानों, चौकियों का पुलिस बल और आलाधिकारी मौके पर पहुंच गए। घटना की सूचना बनभलपुरा पहुंची तो दूसरी ओर से भी लोग एकत्र होने लगे। सीओ सिटी नितिन लोहनी रात तक नाराज लोगों को समझाने में लगे रहे। एहतियातन बाजार से ठेले वालों को पुलिस ने हटा दिया। नारेबाजी करते हिंदूवादी संगठन के लोग मूर्ति तोड़ने वाले को तुरंत गिरफ्तार करने की मांग पर अड़ गए। पुलिस सुबह 11 बजे तक गिरफ्तारी की बात कहती रही और लोग जिद्द पर अड़े रहे।

### एक नजर

#### विधायक अमानतुल्लाह की हिरासत 7 तक बढ़ाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने सोमवार को धन शोधन के एक मामले में आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक अमानतुल्लाह खान की न्यायिक हिरासत 7 अक्टूबर तक बढ़ा दी। खान की न्यायिक हिरासत की समय सीमा समाप्त होने पर उसे विशेष न्यायाधीश राकेश स्याल के समक्ष पेश किया गया जिन्होंने यह आदेश पारित किया। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दो सितंबर को खान को गिरफ्तार किया था। एजेंसी ने अदालत को बताया था कि अगर उसे रिहा किया गया तो वह गवाहों को प्रभावित कर सकता है और जांच को बाधित कर सकता है।

#### अवैध पटाखा फैक्ट्री से बड़ी मात्रा में बारूद बरामद

**मुरैना।** मध्यप्रदेश के मुरैना जिले के महुआ थाना पुलिस ने एक अवैध पटाखा फैक्ट्री पर छापा मारकर बड़ी मात्रा में बने हुए पटाखे, पोटाश और बारूद बरामद किया है। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि महुआ थाना पुलिस को कल रात सूचना मिली कि ग्राम रुधावली में एक अवैध पटाखा फैक्ट्री में दीपावली के लिए बड़ी मात्रा में प्थाखों का निर्माण किया जा रहा है। महुआ थाना पुलिस ने इसकी सूचना समीप के अंबाह थाना पुलिस को भी दी। अंबाह और महुआ थाना पुलिस ने संयुक्त रूप से ग्राम रुधावली में जाकर उक्त फैक्ट्री पर छापा मार करवाई की।

# चाइल्ड पोर्नोग्राफी देखना डाउनलोड करना अपराध

## सुप्रीम कोर्ट ने मद्रास हाईकोर्ट का फैसला पलटा, कहा-अदालतें इस शब्द का इस्तेमाल भी न करें

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को अपने एक ऐतिहासिक फैसले में बच्चों से जुड़ा पोर्नोग्राफी कंटेंट देखना या डाउनलोड करना कानूनी अपराध घोषित किया है। शीर्ष न्यायालय ने कहा है कि चाइल्ड पोर्नोग्राफी कंटेंट को देखना या डाउनलोड करना पॉक्सो एक्ट और आईटी लॉ (सूचना एवं तकनीकी कानून) के तहत अपराध है।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने गैर सरकारी संगठन ''जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन अलायंस'' की अपील और राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के हस्तक्षेप पर इस विषय में मद्रास हाईकोर्ट के एक फैसले को पलटते हुए नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। पीठ ने अपने फैसले में केंद्र सरकार को बाल पोर्नोग्राफी (चाइल्ड पोर्नोग्राफी ) शब्द की जगह संशोधित शब्दावली ''बाल यौन शोषण और दुर्व्यवहार सामग्री'' (चाइल्ड सेक्शुअल एक्सप्लॉइटेटिव एंड अब्यूजिव मटीरियल) रखने के लिए जरूरी प्रक्रिया अपनाने के निर्देश दिए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अदालतें भी चाइल्ड पोर्नोग्राफी शब्द का इस्तेमाल न करें।



### चाइल्ड पोर्नोग्राफी शब्दावली बदलने को लाया जाए अध्यादेश

तीन जजों की पीठ ने कहा कि संसद को चाइल्ड पोर्नोग्राफी शब्दावली को चाइल्ड सेक्शुअल एक्सप्लॉइटेटिव एंड अब्यूजिव मटीरियल शब्दावली से प्रतिस्थापित करने के लिए से पॉक्सो में संशोधन लाने पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। पीठ ने यह भी कहा कि इस संशोधन के लिए फिलहाल सरकार अध्यादेश जारी कर सकती है। शीर्ष अदालत ने इसके साथ ही देश में यौन शिक्षा कार्यक्रमों को व्यापक रूप से लागू करने का भी सुझाव दिया, जिसमें नाबालिगों के साथ रतिक्रिया के चित्रण के कानूनी और नैतिक नतीजों की भी जानकारी शामिल की जाए।

अदालत ने पूरे देश में बच्चों को कम उम्र से ही पॉक्सो के बारे में जागरूक बनाने पर जोर दिया है, ताकि बाल संरक्षण, शिक्षा और यौन कल्याण के लिए एक मजबूत और सुविचारित दृष्टिकोण सुनिश्चित किया जा सके। शीर्ष अदालत ने यह भी माना है कि यदि सोशल मीडिया मंच सरकार या उसकी एजेंसियों द्वारा समुचित रूप से बाल यौन सामग्री के रूप में अधिसूचित आपत्तिजनक सामग्री को साक्ष्य को अप्रभावित रखते हुए अपने मंच से शीघ्रता पूर्वक नहीं हटाते हैं तो ऐसे मंचों को सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 79 के तहत दी गई सुरक्षा का लाभ नहीं मिलेगा।

दरअसल, एक मामले की सुनवाई में मद्रास हाईकोर्ट ने कहा था कि अगर कोई पोर्नोग्राफी कंटेंट डाउनलोड करता और देखता है, तो यह अपराध नहीं, जब तक कि नीयत इसे प्रसारित करने की न हो। वहीं सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ऐसे कंटेंट का स्टोरेज, इसे डिलीट न करना और इसकी शिकायत न करना बताता है कि इसे प्रसारित करने की नीयत से स्टोर किया गया है। हाईकोर्ट ने यह मामला खारिज करके अपने फैसले में गंभीर गलती की है। हम उसका फैसला रद करते हैं और मामले को वापस सेशन कोर्ट भेजते हैं।

## छत्तीसगढ़ में वज्रपात से पांच बच्चों समेत आठ लोगों की मौत

- भोजनावकाश में स्कूल में खेल रहे थे बच्चे

**राजनांदगांव, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले में सोमनी के पास जोरातराई गांव के स्कूल में सोमवार को बिजली गिरने (वज्रपात) से पांच बच्चों समेत आठ लोगों की मौत हो गई तथा कुछ अन्य घायल हो गए। ये बच्चे भोजन अवकाश में खेल रहे थे। तभी बारिश के बीच बिजली गिरी जिसकी चपेट में उक्त छात्र और अन्य लोग आ गए। जिलाधिकारी संजय अग्रवाल ने स्कूली बच्चों समेत आठ लोगों की मौत की पुष्टि की है। बताया गया कि सोमनी थाना क्षेत्र के जोरातराई गांव में करीब डेढ़ बजे के आसपास मौसम खराब हुआ और बिजली की कडक़ड़ाहट के साथ बारिश हुई। उस वक्त गांव के सरकारी स्कूल के बच्चे भोजन अवकाश पर मैदान में खेल रहे थे और वे बिजली की चपेट में आ गए। इससे घटनास्थल पर ही पांच बच्चों समेत आठ लोगों की मौत हो गई। कुछ बच्चों के घायल होने की भी खबर है। जिलाधिकारी संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक व जिला शिक्षाधिकारी के साथ मेडिकल टीम गांव पहुंची और घायल बच्चों का उपचार शुरू किया।

## राज्य में एनसीसी विस्तार को केंद्र सरकार ने दी मंजूरी

ब्यूरो, देहरादून

- एनसीसी के साढ़े सात हजार नए पदों पर होगी भर्ती

**अमृत विचार :** राज्य में एनसीसी की चाह रखने वाले युवाओं के लिए खुशखबरी है। रक्षा मंत्रालय ने उत्तराखंड में एनसीसी के विस्तार को मंजूरी देदी है। इसी के साथ अब राज्य में एनसीसी में 7500 नए कैडेट्स भर्ती किए जाएंगे।

नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के संयुक्त राज्य प्रतिनिधियों की द्विवार्षिक कार्यक्रम में रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार ने उत्तराखंड में एनसीसी के विस्तार को मंजूरी दी है। बैठक में प्रदेश के शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने प्रतिभाग कर राज्य में एनसीसी के विस्तार, बजट, एवं अवसंरचना से मुद्दों को प्रमुखता से रखा। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ की अध्यक्षता में हुई बैठक में देशभर के शिक्षा मंत्रियों, रक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों, सभी राज्यों के एनसीसी प्रमुखों तथा डीजीएनसीसी मुख्यालय के अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। बैठक में एनसीसी के विस्तार योजना, नीतियों को परिष्कृत करने, वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा करने और प्रशिक्षण एवं शिविर से जुड़े नए बुनियादी ढ़ांचे की स्थापना को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

शिक्षा मंत्री रावत ने बताया कि प्रदेश के शैक्षणिक संस्थानों में एनसीसी की बढ़ती मांग के दृष्टिगत 10 हजार कैडेट्स की भर्ती की मांग की गई थी। जिस पर भारत सरकार ने साढ़े सात हजार कैडेट्स की भर्ती को मंजूरी दी है। जिसमें 50 फीसदी गर्ल्स कैडेट्स भर्ती की जाएंगी। प्रदेश के शिक्षण संस्थानों में वर्तमान में 55214 एनसीसी कैडेट्स हैं, जिसमें से माध्यमिक शिक्षा के तहत 23534 तथा उच्च शिक्षा के अंतर्गत 31680 कैडेट्स शामिल हैं। एनसीसी की गतिविधियों के संचालन के लिये प्रदेश में 9 वाहिनियां वर्तमान में कार्यरत हैं, जिन्हें बढ़ाने की मांग भी केंद्र सरकार से की गई है।

## खाली छोड़ी केजरीवाल की कुर्सी

नई दिल्ली, एजेंसी

- आतिशी ने संभाला दिल्ली के 8वें मुख्यमंत्री का पदभार
- कहा-भरत की तरह करेंगी मुख्यमंत्री पद का काम

आम आदमी पार्टी (आप) की नेता आतिशी ने सोमवार को दिल्ली की 8वीं मुख्यमंत्री का प्रभार संभाला और कहा कि वह उसी तरह काम करेंगी, जैसे भरत ने अपने बड़े भाई भगवान राम की 'खड़ाऊं' को अयोध्या के सिंहासन पर रखकर काम किया था। वह मुख्यमंत्री कार्यालय में केजरीवाल की कुर्सी पर नहीं बैठीं और उन्होंने कहा कि केजरीवाल की कुर्सी खाली रहेगी। वह केजरीवाल की कुर्सी के बगल में रखी सफेद रंग की एक अन्य कुर्सी पर बैठीं।



आतिशी ने केजरीवाल सरकार में उनके पास रहे 13 विभागों का प्रभार अपने पास रखा है जिनमें शिक्षा, राजस्व, वित्त, बिजली और पीडब्ल्यूडी शामिल हैं। उन्होंने प्रभार संभालने के बाद कहा कि मैं दिल्ली के मुख्यमंत्री के रूप में चार महीने तक उसी तरह काम करूंगी, जैसे भरत ने भगवान राम की खड़ाऊं को सिंहासन पर रखकर काम किया था। अरविंद केजरीवाल ने इस्तीफा देकर राजनीति में गरिमा की मिसाल कायम की है।

### मुख्यमंत्री पद का अनादर : भाजपा

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री का कार्यभार संभालने के बाद आतिशी के बयान पर भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने तंज किया है। उन्होंने कहा कि आतिशी एक खाली कुर्सी दिखाती हैं तो इसका मतलब वह अपने को मुख्यमंत्री नहीं मानती हैं। यह कृत्य मुख्यमंत्री पद और संविधान का अनादर है। भाजपा की दिल्ली इकाई के प्रमुख वीरेंद्र सचदेवा ने आतिशी की आलोचना करते हुए कहा कि यह मुख्यमंत्री के पद का अपमान है। भाजपा प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने कहा आतिशी जी और अरविंद केजरीवाल जी दिल्ली में लालू-राबड़ी मॉडल और सोनिया-मनमोहन मॉडल चलाना चाहते हैं।

## भारत में एमपॉक्स क्लेड-1 बी का पहला मामला मिला

- यूएई से केरल लौटे युवक में मिले लक्षण

**नई दिल्ली।** एमपॉक्स वायरस के जिस स्वरूप (स्ट्रेन) को विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने पिछले महीने सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित किया था, भारत में उसका पहला मामला सामने आया है। पिछले सप्ताह केरल में एक व्यक्ति के इससे संक्रमित होने की पुष्टि हुई।

सूत्रों ने बताया कि मल्लपुरम निवासी 38 वर्षीय व्यक्ति को 'क्लेड-1बी स्ट्रेन' से संक्रमण का पता चला है, जो हाल में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से लौटा है। सूत्रों ने बताया कि रोगी की हालत स्थिर है। यह इस स्वरूप का पहला मामला है। इस स्वरूप के कारण विश्व स्वास्थ्य संगठन ने पिछले महीने दूसरी बार एमपॉक्स को सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित किया था। इससे पहले राजधानी दिल्ली में सामने आया एमपॉक्स का एक मामला हरियाणा के हिसार निवासी 26 वर्षीय व्यक्ति का था, जो इस महीने की शुरुआत में पश्चिमी अफ्रीकी 'क्लेड 2' स्वरूप से संक्रमित पाया गया था।

## तिरुपति मंदिर का हुआ शुद्धिकरण

तिरुमला, एजेंसी

### प्रसाद विवाद : मंदिर में किया गया शांति होम

तिरुमला मंदिर में लड्डू प्रसाद में मिलावट के परिप्रेक्ष्य में तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) ने सोमवार सुबह तिरुमाला मंदिर की यज्ञशाला में वैखानस आगम के सिद्धांतों के अनुसार मंदिर का शुद्धिकरण करते हुए 'शांति होम' किया। टीटीडी के कार्यकारी अधिकारी जे. श्यामला राव और अतिरिक्त कार्यकारी अधिकारी सीएच वेंकैया चौधरी ने पवित्र समारोह के संपन्न होने के बाद बताया कि महा शांति होम का उद्देश्य बुरे प्रभावों को दूर करना, लड्डू प्रसादम और अन्य नैवेद्यम की पवित्रता को बहाल करना और श्रीवारी भक्तों का कल्याण करना है।

उन्होंने कहा कि यह पवित्र अनुष्ठान एक पाप-मुक्त अनुष्ठान है और इसके एक हिस्से के रूप में ऋत्विकों द्वारा वास्तु शुद्धि, कुंभजला संप्रोक्षण किया गया। भक्त लड्डू प्रसादम और नैवेद्यम की गुणवत्ता के बारे में अपनी आशंकाओं और गलतफहमियों को दूर कर सकते हैं। मंदिर के मुख्य पुजारियों में से एक वेणुगोपाल दीक्षितुलु ने कहा कि सुबह छह से दस बजे तक यज्ञशाला में संकल्पम, विश्वक्सेना आराधना, पुण्याहवचनम, वास्तु होम, कुंभ प्रतिष्ठा, पंचगव्य आराधना की गई।



मंदिर की रसोई में शुद्धि अनुष्ठान करते पुजारी।

### घी की आपूर्ति करने वाली कंपनी को दी नोटिस

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने तिरुमला तिरुपति बालाजी मंदिर में लड्डू प्रसादम के लिए घी की आपूर्ति करने वाली एक कंपनी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। मंत्रालय ने मंदिर में घी की आपूर्ति करने वाली चार कंपनियों के उत्पाद के नमूने मांगे थे और उनका परीक्षण किया था। इनमें से एक कंपनी के उत्पाद का नमूना मानकों के अनुरूप नहीं पाया गया है ।केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि तिरुमला तिरुपति प्रसाद मामले में आंध्र प्रदेश सरकार से रिपोर्ट मांगी गई है और इस पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## ऋषिकेश में रिवर राफ्टिंग शुरू, ऑनलाइन बुकिंग खुली

ब्यूरो, देहरादून

- बरसात की वजह से बीती 30 जून को बंद हो गया था संचालन

**अमृत विचार :** मानसून खत्म होने के बाद ऋषिकेश में गंगा नदी में रिवर राफ्टिंग सोमवार से शुरू हो गई है। इसके लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन बुकिंग को भी चालू कर दिया गया है। इसी के साथ राफ्टिंग से जुड़े व्यवसायी अपने राफ्ट व अन्य उपकरणों को व्यवस्थित करने में जुट गए हैं।

बरसात की वजह से बीती 30 जून को गंगा नदी में रिवर राफ्टिंग का संचालन बंद हो गया था। साहसिक खेल विभाग ने संयुक्त निरीक्षण टीम की रिपोर्ट पर गंगा में रिवर राफ्टिंग की अनुमति देदी थी। इसके बाद सोमवार से रिवर राफ्टिंग शुरू हो गई। ऋषिकेश में ब्रह्मपुरी और मरीन ड्राइव से राफ्टिंग की जा सकेगी। दिल्ली, हरियाणा, मुंबई, राजस्थान, कलकत्ता समेत कई प्रांतों के पर्यटक मुनि की रेती, शिवपुरी, लक्ष्मणझूला, तपोवन, स्वर्गाश्रम आदि क्षेत्रों में रिवर राफ्टिंग के लिए आते हैं। रोजाना सैकड़ों की तादात में पर्यटक शिवपुरी, ब्रह्मपुरी और क्लब हाउस राफ्टिंग प्वाइंट्स से राफ्टिंग का लुत्फ उठाते हैं। राफ्टिंग संचालन की अनुमति मिलने पर राफ्ट व्यावसायियों के चेहरे खिल गए हैं। वे रिवर राफ्टिंग की तैयारी में मुस्तैदी से जुट गए हैं।

## फिल्म लापता लेडीज ऑस्कर के लिए नामित

**चेन्नई।** किरण राव की 'लापता लेडीज' को ऑस्कर पुरस्कार 2025 के लिए भारत की आधिकारिक प्रविष्टि के तौर पर चुना गया है। फिल्म फेडरेशन ऑफ इंडिया ने सोमवार को यहां यह घोषणा की। पितृसत्ता पर हल्के-फुल्के व्यंग्य से भरपूर इस हिंदी फिल्म को 29 फिल्मों में से चुना गया है जिनमें बॉलीवुड की हिट फिल्म एनिमल, मलयालम की राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अट्टम और कान फिल्म महोत्सव की विजेता ऑल वी इमेजिन एज लाइट शामिल हैं। असमी फिल्म निर्देशक जाहनु बरुआ की अध्यक्षता वाली 13 सदस्यीय चयन समिति ने सर्वसम्मति से चुनाव किया।

## अतीत में शनि ग्रह के समान छल्लों से घिरी हुई थी पृथ्वी

संवाददाता, नैनीताल

### 466 मिलियन वर्ष पहले थे वलय, नए शोध से हुआ खुलासा

**अमृत विचार :** बेहद रोचक जानकारी सामने आ रही कि पृथ्वी भी कभी शनि ग्रह के समान छल्लों से घिरी हुई थी। ऑस्ट्रेलिया स्थित मोनाश यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने यह दावा किया है। शोध में बताया गया है कि 466 मिलियन वर्ष पहले पृथ्वी के चारों ओर वलय थे।

इसमें दो राय नहीं कि प्रकृति कभी एक समान नहीं हो सकती। बदलना इसका स्वभाव रहा है। हमारी धरती भी इससे अछूती नहीं है। कभी यह धधकती आग का गोला हुआ करती थी तो कभी भीषण हिमयुग की चपेट में रही। मगर अब जो जानकारी सामने आई है, वह आश्चर्य व्यक्त करने वाली है। हमारे सौर मंडल में रिंग सिस्टम आम हैं। शनि, बृहस्पति, यूरेनस, नेपच्यून और यहां तक कि कुछ बौने ग्रहों और क्षुद्रग्रहों में भी छल्ले हैं। अतीत में पृथ्वी के वलयों को लेकर किए गए शोध पर सच्चाई झलकती है। ऑस्ट्रेलिया के मोनाश विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने 16 सितंबर को इसका खुलासा किया है। 466 मिलियन वर्ष पहले यानी पृथ्वी मध्य ऑर्डोविशियन काल के दौरान छल्लों से घिरी हुई थी। वैज्ञानिकों ने कहा कि क्षुद्रग्रह प्रभाव से बने क्रेटर के अध्ययन से इसका पता चलता है। अर्थ एंड प्लैनेटरी साइंस लेटर्स में यह शोध प्रकाशित किया गया है। शोधकर्ताओं का अनुमान है कि लगभग 466 मिलियन वर्ष पहले एक बड़ा क्षुद्रग्रह पृथ्वी के रोश सीमा के भीतर से गुजरा था। रोश सीमा पृथ्वी से न्यूनतम दूरी होती है। जिसके भीतर पृथ्वी का आंतरिक गुरुत्वाकर्षण बल प्रभावी होता है। जिसके चलते पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण ने क्षुद्रग्रह को तोड़ दिया और मलबा छिटककर वलय बनकर पृथ्वी की परिक्रमा करने लगा।

शोधकर्ताओं ने 466 मिलियन वर्ष पहले मध्यकाल के 21 ज्ञात क्षुद्रग्रह प्रभावों के स्थानों की जांच की। तब पता चला कि सभी क्रेटर भूमध्य रेखा के 30 डिग्री के भीतर स्थित थे। अनुसंधान दल ने अनुमान लगाया कि क्रेटर मलबे से बने हैं जो धीरे-धीरे पृथ्वी से टकराते चले गए।



### दुनिया के तमाम क्षेत्रों का किया अध्ययन

वास्तव में इस पृथ्वी के वलयों का पता लगाना आसान नहीं था। जिसके लिए शोधकर्ताओं ने पृथ्वी के तलछट या बर्फ के नीचे दबे क्षेत्रों, नष्ट हुए क्षेत्रों और टेक्टोनिक गतिविधि से प्रभावित क्षेत्रों को बाहर रखा और पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया, अफ्रीका, उत्तरी अमेरिकी क्रेटन और यूरोप के छोटे हिस्सों सहित विभिन्न महाद्वीपों को अध्ययन क्षेत्र बनाया। तब यह जानकारी सामने आ पाई।

## सार-संक्षेप

### फाउंडेशन ने दिव्यांग छात्रा की कॉलेज फीस जमा कराई

**भीमताल :** भागीरथी फाउंडेशन ने एक दिव्यांग छात्रा की कॉलेज फीस जमा कराई है। भीमताल निवासी नीमा आर्या ने फाउंडेशन से संपर्क कर मदद मांगी थी। बताया था कि उनकी बेटी महिमा आर्या एक हाथ और एक पैर से दिव्यांग है। गरिमा का एडमिशन हरमन माइनर डिग्री कॉलेज में हुआ है, लेकिन आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण वह प्रथम वर्ष की फीस भरने में असमर्थ हैं। इस पर फाउंडेशन के अध्यक्ष मनोज प्रकाश ने आगे आकर गरिमा के कॉलेज में 23 हजार 740 रुपये फीस जमा करवाई। गरिमा के परिवार ने फाउंडेशन का आभार जताया है।

### काउंसलिंग की तिथि जल्द होगी जारी


सुरेश पांडे।

**भीमताल :** अतिथि शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष सुरेश पांडे ने जारी बयान में कहा कि निदेशक कुमाऊं मंडल ने अतिथि शिक्षकों की काउंसलिंग और समायोजन के लिए सूची बना दी है। सूची मुख्य शिक्षा कार्यालय को भेज दी गई है। मुख्य शिक्षा कार्यालय में सूची की जांच होगी, ताकि कोई शिक्षक छूट न पाए। जल्द ही काउंसलिंग की तिथि जारी कर दी जाएगी।

### भवाली-भीमताल रोड पर पानी का छिड़काव करें


सुनीता पांडे।

**भीमताल :** निवर्तमान सभासद सुनीता पांडेय ने लोनिवि के अधिशासी अभियंता से भवाली–भीमताल रोड पर पानी का छिड़काव करने की मांग की है। कहा कि गोरखपुर क्षेत्र में जहां रोड का निर्माण हो रहा है वहां धूल के कारण व्यापारी और क्षेत्रवासी परेशान हैं। धूल के कारण बच्चों को स्कूल जाने व बुजुर्गों को सांस लेने में दिक्कत हो रही है। उन्होंने विभाग से दिन में तीन बार पानी का छिड़काव करने की मांग की है।

### पुलिस कांस्टेबल का ग्रामीण को पागल कहना निंदनीय


राम सिंह कैड़ा।

**हल्द्वानी :** भाजपा के भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा ने बताया कि ओखलकांडा ब्लॉक में टांडा निवासी मनमोहन शर्मा के साथ खनस्यू थाने में हुई मारपीट पर आरोपी उपनिरीक्षक हुसैन की शिकायत एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा से की थी और उसे हटाने के लिए कहा था। इसके बाद एसएसपी ने इस प्रकरण में सख्त कार्रवाई करते हुए उप निरीक्षक को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया था। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की घटना पर्वतीय क्षेत्र में होना गंभीर है। किसी भी पुलिस अधिकारी या कर्मी को बिना वजह आम नागरिक से मारपीट का अधिकार नहीं है। एक पुलिस कांस्टेबल ने ग्रामीण को पागल कहा है जो निंदनीय है।

### फेरी वालों का सत्यापन कराने की उठाई मांग

**भीमताल :** ओखलकांडा की मारपीट की घटना के बाद अब पूरी विधानसभा में घर–घर जाकर फेरी लगाने वालों के पतों के सत्यापन करने की मांग जोर पकड़ने लगी है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनोज शर्मा, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष भुवन दर्मवाल ने संयुक्त रूप से बयान जारी कर कहा है कि भीमताल विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों में आये दिन अनजान फेरी वाले देखे जा रहे हैं। कई स्थानों में स्थानीय लोगों के द्वारा इस प्रकार के लोगों का प्रवेश बंद करने की मांग की जाती रही है। बावजूद इसके कार्यवाही नहीं हो रही है। उन्होंने प्रशासन से फेरी लगाने वालों के सत्यापन की मांग की है।

### सेंट जोसेफ कॉलेज ने जीती इंटर स्कूल टीटी प्रतियोगिता

**नैनीताल :** न्यू क्लब नैनीताल के तत्वावधान में टेबल टेनिस प्रतियोगिता संपन्न हो गई। बालक वर्ग में सेंट जोसेफ कालेज ने लगातार तीसरे वर्ष रोहित टंडन टीटी चैंपियनशिप जीती। बालिका वर्ग में मोहन लाल साह बाल विद्या मंदिर ने चैंपियनशिप पर कब्जा किया। बालक, सीनियर वर्ग में सेंट जोसेफ कोलेज के महीराज बिष्ट विजेता तथा उप विजेता इसी विद्यालय के सुयांश रहे। तृतीय स्थान पर जी डी गोइंका के आवेश रहे। बालक जूनियर वर्ग में बिड़ला विधा मन्दिर के वाशु विजेता तथा द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर सेंट जोसेफ कोलेज के रिशिक तथा आहिल रहे। बालिका वर्ग में प्रथम जीडी गोएंका की मानस्वी तथा बीएसएसवी की निहारिका द्वितीय, मोहन लाल साह बाल विद्या मंदिर की कावेरी तृतीय रही। यहां राकेश गुप्ता, समित टिक्कू, योगेश पांडे, सुदर्शन साह, शैलेश साह, चंदन सिंह मौजूद रहे।


गौलापार स्थित अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में आयोजित बालक वर्ग की तैराकी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते खिलाड़ी। ● अमृत विचार


नैनीताल में विभिन्न वर्गों में हुई जल क्रीड़ा प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी व मुख्य अतिथि। ● अमृत विचार

# तैराकी में हल्द्वानी के पार्थ ने जीते छह गोल्ड मेडल

## महिला तैराकों में तृषा वर्मा और ईशा पंवार का रहा जलवा

संवाददाता, हल्द्वानी


मेडल के साथ पार्थ। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** उत्तराखंड राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन विभिन्न चरणों में अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम गौलापार में हुआ। जिसमें हल्द्वानी के पार्थ ने सबसे ज्यादा छह गोल्ड मेडल हासिल किए।

पार्थ ने 100 मीटर फ्री स्टाइल, 200 मीटर फ्री स्टाइल, 400 मीटर फ्री स्टाइल, 100 मीटर बटरफ्लाई और 200 मीटर आईएम वर्ग में गोल्ड मेडल जीतकर सबको अचंभित कर दिया। उन्होंने एक मेडल रिले में भी जीता। पार्थ ने ओलंपिक में भारत के लिए गोल्ड मेडल जीतने की इच्छा जताई है। पुरुषों के 11 वर्ग में एकल तैराकी प्रतियोगिता हुई। जिसमें पार्थ पहले स्थान पर रहे। उनके अलावा 50 और 50 मीटर बैक स्ट्रोक में नैनीताल के नीतेश पहले स्थान पर रहे। 100 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक में पिथौरागढ़ के दीपक कुमार और 50 व 100 मीटर बैक स्ट्रोक में नैनीताल के प्रभात सिंह धपोला पहले स्थान पर रहे। 50 मीटर फ्री स्टाइल रिले में नैनीताल की टीम और फ्री स्टाइल मिक्स्ड रिले तैराकी में हरिद्वार की टीम पहले स्थान पर रही। महिला तैराकी वर्ग में देहरादून की तृषा वर्मा और इशा पंवार ने सबसे ज्यादा चार-चार गोल्ड मेडल जीते। तृषा ने 50 मीटर फ्री स्टाइल, 200 मीटर फ्री

**▸▸ महिला खिलाड़ियों ने भी दिखाई प्रतिभा**

स्टाइल, 400 मीटर फ्री स्टाइल और 200 मीटर आईएम ने गोल्ड मेडल जीता। वहीं 100 मीटर फ्री स्टाइल, 50 मीटर बैक स्ट्रोक, 100 मीटर बैक स्ट्रोक और 100 मीटर बटर फ्लाई में ईशा पंवार ने गोल्ड जीते। इसके अलावा हरिद्वार की काव्या भंडारी ने 50 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक, नैनीताल की श्रद्धा जोशी ने 100 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक और देहरादून की मेघा तिवारी ने 50 मीटर बटरफ्लाई में गोल्ड हासिल किया। 4 गुणा 50 मीटर फ्री स्टाइल रिले में हरिद्वार की महिला तैराकी टीम पहले स्थान पर रही। कार्यक्रम आयोजक सीमा मेहरोत्रा ने बताया कि तैराकी के कुल 25 इवेंट्स हुए। इसमें तीन इवेंट्स रिले के थे। कुल 34 गोल्ड, 34 सिल्वर और ब्रांस मेडल बांटे गए।

### अब खेलों में भी नाम होगा रोशन

**हल्द्वानी :** कहा जाता है कि खेलो कम और पढ़ाई पर ज्यादा ध्यान दो, लेकिन अब पुरानी धारणा को तोड़ते हुए युवा खेलों में भी आगे आ रहे हैं। पढ़ाई के साथ ही उनका ध्यान खेल पर भी है। तृषा वर्मा ने बताया कि उनके माता–पिता उत्तराखंड में भारतीय वन सेवा में अधिकारी हैं। उन्होंने हमेशा उन्हें खेलों में बढ़ावा दिया। जिस वजह से वह तैराकी में आईं। वह दिल्ली में पढ़ाई करती हैं, जबकि मूल रूप से देहरादून की रहने वाली हैं। वहीं हल्द्वानी के प्रभात सिंह धपोला ने बताया कि उनके पिता सरकारी नौकरी में हैं। ज्यादातर देखा जाता है कि जिनके पिता सरकारी नौकरी में होते हैं वहां बच्चों का भी रूझान अच्छी नौकरी में होता है, लेकिन परिवार के समर्थन के साथ प्रभात ने खेलों में भी रुचि दिखाई। बताया कि उनका सपना राष्ट्रीय खेलों में खेलने का है। श्रद्धा ने बताया कि उनके पिता ट्रांसपोर्ट का व्यापार करते हैं। पिता की इच्छा थी कि उनकी बेटी खेलों में नाम रोशन करे, इसलिए श्रद्धा ने तैराकी को अपना खेल चुना। श्रद्धा ने बताया कि उसका सपना ओलंपिक में भारत के लिए मेडल जीतना है।


तृषा।


प्रभात।


श्रद्धा।

# जल क्रीड़ा में टिहरी ओवरऑल विजेता

संवाददाता, नैनीताल


प्रतियोगिता के दौरान फाइनल मुकाबले में रेस करते खिलाड़ी।

**अमृत विचार :** पांचवें राज्य ओलंपिक के तहत आयोजित दो दिनी जल क्रीड़ा प्रतियोगिता का सोमवार को समापन हो गया। नैनी झील में खिलाड़ियों ने जमकर जोर आजमाइश की। दो दिनी कयाकिंग, कैनोइंग व रोइंग प्रतियोगिताओं में टिहरी ओवरऑल विजेता रहा। टीम के खिलाड़ियों ने 12 गोल्ड के साथ कुल 16 मेडल प्राप्त किये।

दूसरे दिन नैनी झील में कयाकिंग, कैनोइंग, रोइंग प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। पूर्वाह्न 11 बजे से शुरू हुई प्रतियोगिता दोपहर दो बजे तक चली। जिसमें टिहरी के खिलाड़ियों ने दूसरे दिन भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। मुख्य अतिथि कयाकिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष पुष्कर जैन, विशिष्ट अतिथि स्किंग एसोसिएशन के महासचिव प्रवीण शर्मा, अखिल भारतीय विश्वविद्यालयी प्रतियोगिता के विजेता गौरव जोशी समेत अन्य अतिथियों ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल देकर सम्मानित किया। जिसमें टिहरी के खिलाड़ियों ने 12 गोल्ड, दो सिल्वर व दो कास्य पदक प्राप्त किये। इस दौरान अपर निदेशक क्रीड़ा रसिका सिद्दीकी, जिला क्रीड़ा अधिकारी निर्मला पंत, भारतीय कयाकिंग-कैनोइग एसोसिएशन के निदेशक डॉ. सुमन कुलश्रेष्ठ, पूर्व भारतीय कोच जगबीर सिंह मौजूद रहे।

### यह रहा दूसरे दिन का परिणाम

- कयाकिंग एकल वर्ग में टिहरी के प्रभात कुमार ने पहला, नैनीताल के जितेंद्र सिंह ने दूसरा व रुद्रप्रयाग के निशांत राणा ने तीसरा स्थान हासिल किया।
- कयाकिंग महिला एकल वर्ग में टिहरी गढ़वाल की सोनिया देवी ने पहला, नैनीताल की रोजी देवी ने दूसरा व उधमसिंह नगर की फातिमा ने तीसरा स्थान हासिल किया।
- कयाकिंग पुरुष युगल वर्ग में टिहरी के साजो मैथ्यू व रविंद्र की जोड़ी ने पहला, हरिद्वार के अन्नू कुमार व आर्या कुमार ने दूसरा व नैनीताल के सुरेश कुमार व आनंद मोहन की जोड़ी ने तीसरा स्थान हासिल किया।
- कयाकिंग महिला युगल वर्ग में टिहरी की सोनिया देवी व असली एमके की जोड़ी ने पहला और नैनीताल की रोजी देवी व स्वाति शाहू की जोड़ी ने दूसरा स्थान हासिल किया।
- कैनोइंग एकल पुरुष वर्ग में टिहरी के जॉनसन सिंह ने पहला, नैनीताल के सतीश यादव ने दूसरा व पौड़ी के अंकुर चौधरी ने तीसरा स्थान हासिल किया।
- कैनोइंग महिला एकल वर्ग में टिहरी की मीरा दास ने पहला, नैनीताल की रामकन्या ने दूसरा व हरिद्वार की विचित्रा गुप्ता ने तीसरा स्थान हासिल किया।
- रोइंग पुरुष एकल में देहरादून के राहुल चौधरी ने पहला, रुद्रप्रयाग के सुशील ने दूसरा व टिहरी के मोहित ने तीसरा स्थान हासिल किया।
- रोइंग महिला एकल वर्ग में टिहरी की अनीता ने पहला, चमोली की संजना ने दूसरा, देहरादून की सोनिया ने तीसरा स्थान हासिल किया।
- रोइंग पुरुष डबल में हरिद्वार के इशू व संदीप की जोड़ी ने पहला, चमोली के धीरज व नरेंद्र कुमार ने दूसरा व टिहरी के रोहित व सुनील कुमार ने तीसरा स्थान हासिल किया।
- रोइंग महिला डबल में टिहरी की अंजली गुप्ता व अस्मिता की जोड़ी ने पहला, रुद्रप्रयाग की ज्योति कुशवाहा व ज्योति ठाकुर ने दूसरा व चमोली की रोशनी व अनुपमा की जोड़ी ने तीसरा स्थान हासिल किया।

# रंगोत्सव में निर्मला अकादमी विजेता

संवाददाता, नैनीताल


विजेता प्रतिभागियों के साथ क्लब के पदाधिकारी व अन्य।

**अमृत विचार :** लेक सिटी वेलफेयर क्लब और कूर्मांचल बैंक के तत्वाधान में डीएसबी परिसर में रंगोत्सव अंतर विद्यालय नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें नैनीताल व आसपास के 32 विद्यालयों के स्कूली बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक सरिता आर्या, विशिष्ट अतिथि सैनिक स्कूल घोड़ाखाल के प्रधानाचार्य ग्रुप कैप्टन विजय सिंह डंगवाल, डीएसबी परिसर की निदेशक प्रो. नीता बोरा शर्मा, उर्मिला चौहान ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रतियोगिता के दौरान बच्चों ने भारत के विभिन्न राज्यों के लोक नृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। अमेरिकन किड्स विद्यालय के बाल कलाकारों की कव्वाली विशेष आकर्षण का केन्द्र रही। उन्हें विशेष पुरस्कार से नवाजा गया। रंगोत्सव के सब जूनियर वर्ग में निर्मला अकादमी गेठिया प्रथम, रामा मोंटेसरी पब्लिक स्कूल नैनीताल द्वितीय एवं मोहन लाल शाह बाल विद्या मंदिर नैनीताल तृतीय स्थान पर रहा। जबकि लॉन्ग व्यू पब्लिक स्कूल एवं सेंट जॉन्स स्कूल को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ। जूनियर वर्ग में महर्षि विद्या मंदिर ताकुला प्रथम, सैनिक स्कूल घोड़ाखाल द्वितीय तथा राष्ट्रीय शहीद स्मारक विद्यापीठ निशांत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पार्वती प्रेमा जगाती सरस्वती विहार व रामा मोंटेसरी को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुए। संचालन मीनाक्षी कीर्ति व दीपा पांडे ने किया। इस दौरान क्लब की अध्यक्ष ज्योति ढौडियाल, दीपा पांडे, रमा भट्ट, दीपिका बिनवाल, प्रेमा अधिकारी, तनु सिंह, रानी शाह, हेमा मौजूद रहे।

# दिलरीत, नंदिनी, नेहमत बनीं सर्वश्रेष्ठ तैराक

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** ऑल सेंट्स कॉलेज के तरणताल में सोमवार को 16वीं एक्वेटिक मीट का आयोजन किया गया। जिसमें सब जूनियर, जूनियर, मिडिल तथा सीनियर छात्राओं ने फ्री स्टाइल, ब्रेस्ट स्ट्रोक, बैक स्ट्रोक, बटरफ्लाइ स्ट्रोक में 25मी, 50मी व 100मी रेस में तैराकी के जौहर दिखाये।

कक्षा 2 की छात्राओं ने लाइफ जेकेट रेस में प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के दौरान नंदिनी बिष्ट, दिलरीत कौर, नव्या सिंह, सिमर कौर व रागवी अचला सिंह ने अपनी-अपनी श्रेणी में अपने जौहर का प्रदर्शन कर पुराने रिकॉर्ड भी ध्वस्त किए। एक्वेटिक मीट 2024 में बेस्ट स्विमर का अवार्ड जूनियर श्रेणी नंदिनी बिष्ट, जबकि मिडिल श्रेणी में नेहमत कौर पुनियन और सीनियर श्रेणी में दिलरीत कौर को दिया गया। दुआ स्पेशल अवार्ड से वैदेही राठौड़ और ऐश्वर्य सिंह को नवाजा गया। स्विमर ऑफ द मीट का खिताब नंदिनी बिष्ट के नाम रहा। प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले रॉबिंसन सदन को एक्वाटिक शील्ड 2024 प्रदान की गई। मुख्य अतिथि राजभवन गोल्फ क्लब के गोल्फ कैप्टन रिटायर्ड कर्नल विवेक भट्ट ने छात्राओं को पुरस्कृत किया। इस दौरान विद्यालय की प्रधानाचार्या किरन जरमाया, शांति बिष्ट, रेवरेंड जॉन जॉर्ज मुन्नवर, ग्रुप कैप्टन अच्युत कुमार, आलोक साह, राखी साह, करिश्मा सनवाल, आलोक साह, गीता साह मौजूद रहे।

# खिलाड़ियों को खाना खाने के लिए छत तक नहीं मिली

**▸▸ राज्य खेलों में रेलिंग व पार्क में खुले में बैठ खाना खाते दिखे खिलाड़ी**

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** पांचवे राज्य ओलिंपिक आयोजन के लिए नैनीताल को चुना जाना गर्व की बात थी। मगर शहर में हुए जलक्रीड़ाओं के आयोजन में कई अनियमितताएं लोगों और खिलाड़ियों के गले के नीचे नहीं उतरीं।

जलक्रीड़ाओं का शुभारंभ व आयोजन तो शहर के प्रतिष्ठित क्लब में किया गया। जहां आयोजक तो जमे मिले, मगर बाहरी जिलों से पहुंचे खिलाड़ियों के खाना खाने के लिए एक अदद छत तक नसीब नहीं हुई। दोनों दिन कई खिलाड़ी सड़क किनारे रेलिंग तो कोई खुले में पार्क में जमीन पर बैठकर खाना खाता दिखा। वहीं प्रतियोगिता के बाद मेडल वितरण कार्यक्रम में भी देरी होने से कई खिलाड़ी बिना मेडल लिए ही लौट गए।

पहली बार शहर में राज्य खेलों के लिए नैनी झील को चुना गया। दो दिनों तक झील में विभिन्न जिलों से पहुंचे खिलाड़ियों ने जमकर पसीना बहाया। जिसके लिए आयोजन स्थल भी शहर के प्रतिष्ठित क्लब को बनाया गया। मगर आयोजक खिलाड़ियों की सुविधा का ध्यान रखना भूल गए। राज्य खेल जैसे आयोजन में खिलाड़ियों के लिए किसी छत के नीचे खाना खाने तक के इंतजाम मौजूद नहीं थे। दोपहर में खाने के समय पर खिलाड़ियों को आयोजकों की ओर से लंच के पैकेट थमा दिये गए। जिसके बाद कोई खिलाड़ी पार्क में जमीन पर बैठ तो कोई सड़क व झील किनारे की रेलिंग पर बैठकर भोजन करता दिखा। आयोजन की व्यवस्थाओं पर भी सवाल खड़े हो रहे है।

### दूसरे दिन बंद रखा नौकायन तो हुआ नुकसान

नैनी झील में जलक्रीड़ा आयोजन के पहले दिन तो सुचारू रूप से नौकायन चलता रहा। मगर दूसरे दिन पूर्वाह्न 11 से दोपहर दो बजे तक झील में नौकायन बंद करा दिया गया। जिससे नाव चालक व नौकायन को पहुंचने वाले पर्यटक बेहद मायूस नजर आए। दोपहर तक नैनीझील में सन्नाटा पसरा रहा। कारोबार चौपट होने से कई नांव चालक नाराज नजर आए।

# एमपी इंटर कॉलेज में दशहरा मनाने की अनुमति

विधि संवाददाता, नैनीताल



**अमृत विचार :** हाईकोर्ट ने रामनगर के एमपी इंटर कॉलेज के खेल मैदान में दशहरा त्योहार आयोजित करने की अनुमति दे दी है। रामनगर की रामलीला कमेटी की ओर से दायर प्रार्थना पत्र पर मुख्य न्यायाधीश ऋतु बाहरी और न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ में सुनवाई हुई। कमेटी की ओर से एमपी इंटर कॉलेज मैदान में दशहरा त्योहार मनाने के लिए अनुमति मांगी गई थी। खंडपीठ ने एक दिन की अनुमति प्रदान की है।

हाईकोर्ट ने सादाब उल हक की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए वर्ष 2022 में एमपी इंटर कॉलेज मैदान में खेल गतिविधियों के अलावा अन्य सभी गतिविधियों पर रोक लगा दी थी। वर्ष 2022 में दायर याचिका में कहा गया कि तत्कालीन सरकार ने वर्ष 1933 में रामनगर में स्थित 11 हजार वर्ग गज भूमि को तत्कालीन रामा एंग्लो वर्नाक्यूलर स्कूल (अब एमपी इंटर कालेज) को खेल गतिविधियों के लिए दी थी। उक्त भूमि पहले 30 साल की अवधि के लिये निशुल्क लीज पर दी गयी और इसके बाद 1965 में लीज बढ़ा दी गयी। इसका उद्देश्य खेल गतिविधियों को बढ़ावा देना था। इस खेल मैदान का मालिकाना हक व प्रबंधन रामनगर नगर पालिका के पास है, लेकिन कॉलेज प्रबंधन लीज शर्तों का उल्लंघन कर मैदान में व्यावसायिक गतिविधियां (नुमाइश व मेला) संचालित कर रहा है। वर्ष 1995 के बाद लीज का नवीनीकरण नहीं हुआ है।

### राज्य सरकार से चार सप्ताह में मांगा जवाब

**नैनीताल :** हाईकोर्ट ने सामाजिक कार्यकर्ता के पुलिस प्रताड़ना व गुंडा एक्ट लगाये जाने के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की एकलपीठ ने राज्य सरकार को जवाब पेश करने के लिए फिर से चार सप्ताह का समय दिया है। सोमवार को हुई सुनवाई पर पीड़ित भुवन पोखरिया ने स्वयं कोर्ट में पेश होकर कहा कि इस मामले को पहले सरकार ने चार साल लटकाया, बाद में उन्होंने हाईकोर्ट में याचिका दायर की तो अब सरकार इसमें जवाब पेश नहीं कर रही है। लिहाजा उनके प्रकरण में राज्य सरकार को निर्देश दिए जाए की जल्द अपना जवाब दे। इस पर सुनवाई के बाद कोर्ट ने राज्य सरकार से चार सप्ताह में जवाब पेश करने को कहा है। अब मामले की अगली सुनवाई चार सप्ताह बाद होगी। पूर्व में कोर्ट ने राज्य सरकार से तीन सप्ताह में जवाब देने को कहा था, जो अभी तक नहीं दिया। मामले के अनुसार चोरगलिया निवासी भुवन चन्द्र पोखरिया ने याचिका दायर कर कहा है कि वर्ष 2020 में राज्य सरकार ने स्टोन क्रशर, खनन भंडारण सहित एनजीटी व उच्च न्यायालय के आदेशों की अवहेलना की। इसका उन्होंने घोर विरोध किया, लेकिन सरकार ने इसको को छिपाने के लिए उनके खिलाफ प्रताड़नात्मक कार्रवाई की।

### खड़िया के अवैध खनन पर पर्यावरण विभाग से मांगा जवाब

**नैनीताल, अमृत विचार :** हाईकोर्ट ने बागेश्वर जिले की कपकोट तहसील में खनन माफियाओं की ओर से किए जा रहे अवैध खनन के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने राज्य पर्यावरण विभाग से चार सप्ताह में जवाब पेश करने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई चार सप्ताह बाद होगी। पूर्व में कोर्ट ने इस मामले की कोर्ट कमीशन कराकर, उसकी जांच रिपोर्ट के आधार पर जनहित याचिका को यह कहते हुए निस्तारित कर दिया था कि स्टेट इन्वायरमेंट इम्पेक्ट असिसमेन्ट अथॉरिटी इसमें निर्णय लेगी, परन्तु इस आदेश को याचिकाकर्ता ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले की फिर से सुनवाई करने हेतु उच्च न्यायालय को वापस भेज दिया। साथ में यह कहा कि खनन पर रोक जारी रहेगी। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर आज कोर्ट ने फिर से मामले की सुनवाई करते हुए राज्य पर्यावरण विभाग से चार सप्ताह में जवाब पेश करने को कहा। बागेश्वर निवासी हीरा सिंह पपोला ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर कर कहा है कि बागेश्वर जिले की तहसील कपकोट के रिमाघाटी, गुलाम प्रगड़ व भीयूं गांव में सरकार ने खड़िया खनन पट्टा दिया है। इसमें खनन माफिया निर्धारित मात्रा से अधिक अवैध खनन कर रहा है। अवैध खनन के उपखनिज को बाहर ले जाने के लिए वन भूमि में अवैध ढंग से सड़क भी बना ली है। अंधाधुंध हो रहे खनन के चलते गांव के जलस्रोत सूखने की कगार पर पहुंच चुके हैं।

### स्वच्छता ही सेवा भाषण प्रतियोगिता में सचिन रहे प्रथम

**नैनीताल :** राष्ट्रीय शहीद सैनिक स्मारक विद्यापीठ (निशांत) में सोमवार को स्वच्छता ही सेवा विषय पर कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। केंद्रीय संचार ब्यूरो नैनीताल की तरफ से स्वच्छता ही सेवा विषय पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में सचिन कुमार प्रथम, भावना कोहली द्वितीय और हिमांशु तृतीय स्थान पर रहे जबकि सबसे अच्छा स्लोगन लिखने के लिए अंजू शाही तथा आकाश को विजेता घोषित किया गया। प्रश्नोत्तरी में श्रेया, भावना, रक्षिता और कमल को पुरस्कार मिला। कार्यक्रम संयोजक शर्मिष्ठा बिष्ट ने बताया कि भारत सरकार 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक देश में स्वच्छता ही सेवा अभियान चला रही है। प्रधानाचार्या तारा बोरा ने कहा कि केंद्रीय संचार ब्यूरो ने छात्र–छात्राओं को पुरस्कार देकर उनकी स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी बढ़ा दी है। इस दौरान विद्यालय परिसर में एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधरोपण भी किया गया। इस मौके पर आनन्द बिष्ट, क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी नीरज, डीएस मेहरा, कुंदन सिंह, जितेंद्र भट्ट तथा विमलेश गोस्वामी मौजूद रहे।

### युवाओं को दी अग्निवीर बनने की जानकारी

**नैनीताल :** भारतीय वायुसेना में अग्निवीर भर्ती की जानकारी देने हेतु वायुसैनिक चयन केन्द्र, रेस कोर्स नई दिल्ली की टीम नैनीताल पहुंची। सोमवार को सार्जेंट संजय कुण्डू के नेतृत्व में टीम ने राजकीय इटंर कालेज ढोकाने, राजकीय इटंर कालेज मौना और राजकीय इटंर कालेज प्यूड़ा में जाकर छात्र–छात्राओं को अग्निवीर के रूप में लाभ आदि की जानकारी दी।

**पाठकों हेतु सूचना**

प्रिय पाठको,
हल्द्वानी, काशीपुर एवं रूद्रपुर में आपको अमृत विचार समाचार पत्र मिलने में असुविधा हो रही हो तो कृपया नीचे दिये गये नंबरों पर सम्पर्क करें।

हल्द्वानी कार्यालय — 7830460114, 9412987555
काशीपुर कार्यालय — 8218100208
रूद्रपुर कार्यालय — 8476843488

**पीपलपानी**



ॐ शान्ति!
नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि, नैनं दहति पावकः।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारूतः।।
अत्यन्त दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे पूज्यनीय पति **श्री आनन्द सिंह बगडवाल जी** का स्वर्गवास शनिवार, दिनांक 14 सितंबर 2024 को हो गया है। जिनका पीपलपानी दिनांक 25 सितंबर 2024, दिन बुधवार को हमारे निवास स्थान न्यू इन्दिरा कालौनी, अल्मोड़ा में दोपहर 1 बजे होगा।

शोक संतप्त परिवार :
नरेन्द्र सिंह बगडवाल-गीतू बगडवाल (पुत्र-पुत्रवधू)
ममता पोखरिया-पियूष पोखरिया (पुत्री-दामाद)
एवं समस्त बगडवाल परिवार

श्रीमती रजनी बगडवाल
न्यू इन्दिरा कालौनी, खत्याड़ी, अल्मोड़ा
9410363720, 9410598464

## आज का मौसम

धूप खिली रहेगी और आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे

| 36.0° | 27.0° |
| --- | --- |
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 06.01 | सूर्यास्त 18.06 |

## एक नजर

### युवक ने घर में फांसी लगाकर जान दी

**हल्द्वानी :** दमुवाढूंगा स्थित कुमाऊं कॉलोनी निवासी एक युवक ने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा ने बताया कि मनीष प्रसाद (26 वर्ष) नशे का आदी था। रविवार को उसने फांसी लगा ली। परिजन उसे फंदे से उतारकर डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया है।

### नियमितीकरण की मांग को लेकर महारैली 30 को

**हल्द्वानी :** राज्य निगम कर्मचारी-अधिकारी महासंघ की शासन से वार्ता विफल हो गई। जिसके बाद महासंघ ने 30 सितंबर को देहरादून में महारैली निकालने का निर्णय लिया है। महासंघ आउटसोर्स (संविदा, विशेष श्रेणी, दैनिक, पीआरडी) पर कार्य करने वाले कर्मचारियों को नियमित करने की मांग को लेकर जुलाई माह से आंदोलन चला रहा है। 5 सितंबर को शासन में मुख्य सचिव के साथ होने वाली बैठक स्थगित होने के बाद सोमवार को वार्ता के लिए त्रिपक्षीय बैठक बुलाई गई। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने कहा कि शासन स्तर पर उच्च स्तर से बैठक की जा रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने कर्मचारियों के नियमितीकरण के लिए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए हैं। इधर, महासंघ ने विधिवत वार्ता नहीं होने और सार्वजनिक निगमों के कर्मचारियों की समस्याओं के प्रति शासन की हीलाहवाली पर आक्रोश व्यक्त किया। महासंघ के अध्यक्ष दिनेश गोसाई ने पदाधिकारियों के साथ बैठक कर बताया कि 30 सितंबर को देहरादून में परेड ग्राउंड से सचिवालय तक महारैली निकाली जायेगी। इसके बाद कार्यबहिष्कार की घोषणा का निर्णय लिया जायेगा। इस दौरान बीएस रावत, दिनेश पंत, टीएस बिष्ट, श्याम सिंह नेगी, शिशुपाल रावत, आन सिंह जीना, मनमोहन चौधरी मौजूद रहे।

### खनन से इस वित्तीय वर्ष में 495 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ, वित्तीय वर्ष 2022-23 में मिले थे महज 472.25 करोड़

# पांच महीने में ही वसूल हो गई साल भर की कमाई

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**645** करोड़ 42 लाख रुपये का सरकार को राजस्व मिला था पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 में, निजी कंपनी को ठेका देने से लगी अवैध खनन पर रोक



**अमृत विचार :** प्रदेश में अवैध खनन पर शिकंजा कसा गया तो महज पांच माह में ही एक वर्ष से अधिक की कमाई का रिकॉर्ड टूट गया। यह हाल तब है जब अभी खनन सत्र शुरू नहीं हुआ है। ऐसे में इस वर्ष खनन से राजस्व में रिकॉर्ड बढ़ोत्तरी की संभावना तेज हो गई है।

खनन अधिकारियों के अनुसार, इस वित्तीय वर्ष 2024-25 में अप्रैल से अगस्त माह तक लगभग 495 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ है। पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 में सरकार को 645.42 करोड़ का राजस्व मिला था। इसके पिछले वित्तीय वर्ष 2022-23 में सिर्फ 472.25 करोड़ ही राजस्व मिला था। पांच माह में इस वित्तीय वर्ष के सापेक्ष लगभग 4.85 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। सरकार ने अवैध खनन और रॉयल्टी चोरी पर शिकंजा कसने के लिए वर्ष 2023-24 में निजी कंपनी को ठेका दिया है। यह कंपनी ऊधमसिंह नगर, नैनीताल, हरिद्वार और देहरादून में अवैध खनन की रोकथाम के लिए काम कर रही है। इधर, पांच माह में प्राप्त राजस्व से अंदाजा लगाया जा सकता है कि राज्य में किस स्तर पर अवैध खनन और रॉयल्टी चोरी हो रही थी। इससे सरकार को एक दो नहीं बल्कि कई सौ करोड़ का चूना लग रहा था। वहीं जनता पर भी महंगी निर्माण सामग्री की मार पड़ रही थी। खनन विभाग का दावा है कि राज्य सरकार ने रॉयल्टी शुल्क में कमी की थी। इसके बाद भी राजस्व में लगातार वृद्धि हो रही है, जो अवैध खनन की रोकथाम को दर्शाता है।

### राज्य में खोले जाएंगे नए चेकिंग बैरियर्स

राजस्व मिलने से उत्साहित खनन विभाग अब राज्य में 45 नए चेकिंग बैरियर्स बनाने की तैयारी कर रहा है। वहीं, नैनीताल जिले में अभी नया गांव, रामपुर रोड, बरेली रोड, छोई, पीरूमदारा, बेतालघाट, अमृतपुर समेत नौ जगह चेकिंग बैरियर्स हैं। अभी तीन नए स्थल चिन्हित किए गए हैं, जहां नए चेकिंग बैरियर्स बनाए जाएंगे।

> खनन विभाग को पांच माह में 495 करोड़ का राजस्व मिला है जो वित्तीय वर्ष 2022-23 के समूचे वर्ष की अपेक्षाकृत अधिक है। अवैध खनन व रॉयल्टी चोरी पर शिकंजा कसा जा रहा है। इस वित्तीय वर्ष में खनन से आय के लक्ष्य को पूरा किया जाएगा। **-ताजवर सिंह नेगी,** जिला खनन अधिकारी, नैनीताल

# मांगों को लेकर लोनिवि दफ्तर पर गरजे ठेकेदार

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** निविदाओं और पंजीकरण शर्तों में शिथिलता, भुगतान, रॉयल्टी छूट, बीमा समेत विभिन्न मांगों को लेकर ठेकेदारों ने मोर्चा खोल दिया है। सोमवार को भारी संख्या में लोनिवि कार्यालय पहुंचे ठेकेदारों ने सरकार और विभागों की नीतियों के विरोध में जमकर नारेबाजी की। साथ ही डीएम के माध्यम से 11 सूत्रीय मांगपत्र मुख्यमंत्री को भेजा।

नैनीताल कांट्रेक्टर्स वेलफेयर सोसाइटी और सिविल संविदाकार संघ के बैनर तले तमाम ठेकेदार लोनिवि कार्यालय में एकत्र हुए। जहां उन्होंने मांगों की उपेक्षा किये जाने पर सरकार और विभागों की नीतियों के विरोध में नारेबाजी की। ठेकेदारों ने कहा कि निविदा शर्तो को बेहद जटिल कर, कार्य के बाद भी भुगतान न होने, रॉयल्टी लेने के साथ ही अन्य नियमों में बाध्यता पैदा कर ठेकेदारों का शोषण किया जा रहा है। उन्होंने निविदा और पंजीकरण शर्तों को प्रदेश निवासी और छोटे ठेकेदारों के अनुरूप बनाये जाने, 2021 से से अब तक लंबित भुगतानों को तत्काल किये जाने, रॉयल्टी से छूट प्रदान करने, आपदा कार्यो में लगे लेबरों और मशीनों का बीमा कवर करने, केंद्र पोषित योजनाओं के कार्य प्रदेश व स्थानीय ठेकेदारों को देने समेत 11 सूत्रीय मांग पत्र डीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजा। उन्होंने चेताया कि यदि उनकी मांगों पर जल्द विचार नहीं किया गया तो कार्य बहिष्कार व अनशन किया जाएगा।

# गौला नदी के बीच में न बने टापू, हर 15 दिनों में होगा सर्वे

### डीएम ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए निर्देश, कहा- नदी में तकनीकी तौर पर सटीक ढंग से खनन की सुनिश्चितता की जाए

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



गौला नदी में बीचों-बीच जमा मलबे से बना टापू। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** गौला पुल की एप्रोच रोड बहने और पुल टूटने के बाद जिम्मेदारों को नियमानुसार खनन की याद आ गई है। जिला प्रशासन ने नदी में तकनीकी तौर पर नियमित खनन की जांच के लिए हर 15 दिन में सर्वे करने का फैसला किया है। इसमें खनन, वन विकास निगम, प्रशासन समेत कई विभागों की संयुक्त टीम नदी में खनन का सर्वे करेगी, ताकि नदी के उफान में आने पर पुल को नुकसान न हो।

बीती 12 व 13 सितंबर को हुई अतिवृष्टि में गौला नदी उफान पर आ गई थी। जिसकी वजह से पुल की एप्रोच रोड बह गई और पुल की सड़क ध्वस्त हो गई थी। विशेषज्ञों के अनुसार पानी के तेज बहाव के साथ नदी के बीचों-बीच और पुल के पास जमा मलबे का एक किस्म का टापू बन जाता है। उनका कहना है कि नदी में खनन तो बाढ़ बचाव के लिए किया जाता है। नदी के दोनों किनारों से (नदी की ओर) 25-25 प्रतिशत मार्जिन छोड़ा जाता है, इस बाउंड्री पर वन विभाग सीमांकन पिलर्स बनाता है। दोनों तरफ से इन क्षेत्रों में खनन पर प्रतिबंध होता है इन पिलर्स के बाहर यानी दोनों तरफ से 25-25 प्रतिशत (कुल 50 प्रतिशत) हिस्सा छोड़कर नदी के बीचों-बीच 50 प्रतिशत हिस्से में खनन किया जाता है। जिसमें आरबीएम, बोल्डर्स का खनन होता है। इसका मकसद होता है कि बारिश के दौरान उफान पर आने से नदी का पानी बीचों-बीच बहे और आबादी की ओर कटाव न हो। देखरेख के अभाव में प्रतिबंधित क्षेत्र में खनन होता है, नदी के बीचों-बीच से खनन नहीं होता है। हाल ही में मंडलायुक्त दीपक रावत ने पुल का स्थलीय निरीक्षण किया था तब भी यह वजह सामने आई थी। इस बार खनन सत्र में इस नियम का सख्ती से पालन कराने के लिए निगरानी की जाएगी। डीएम वंदना सिंह ने खनन समेत सभी संबंधित विभागों को प्रत्येक 15 दिनों में संयुक्त सर्वे करने के निर्देश दिए हैं, ताकि तकनीकी तौर पर सही ढंग से खनन हो सके। यदि खनन नियमानुसार नहीं होगा तो करवाया जाएगा। जिला खनन अधिकारी ताजवर सिंह नेगी ने बताया कि इस खनन सत्र में हर 15 दिन में सर्वे किया जाएगा। जांचा जाएगा कि खनन तकनीकी तौर पर सटीक ढंग से हो।

**बोल्डर्स हटाने के लिए इस्तेमाल की जाएगी मशीनः** गौला नदी में आरबीएम के साथ-साथ बड़े-बड़े बोल्डर्स भी जमा हो गए हैं, जिन्हें मैन पॉवर के जरिए तोड़ना, हटाना मुश्किल है। ये बोल्डर्स बाद में पानी की धारा बदलते हैं, इसलिए इस वर्ष इन बोल्डर्स को हटाने के लिए मशीनों का इस्तेमाल किया जाएगा। संबंधित एसडीएम से अनुमति लेकर जेसीबी से इन बोल्डर्स को निकाला जाएगा।

### एप्रोच रोड को शीघ्र ठीक करने का दावा

**हल्द्वानी :** गौला पुल की एप्रोच रोड बह जाने के बाद एनएचएआई इसके निर्माण में जुटा है, लेकिन पानी के बहाव से कार्य में दिक्कत हो रही है। गौला में अभी भी 1500 क्यूसेक पानी है। जिस कारण बड़े-बड़े बोल्डर पुल के पास पहुंच रहे हैं। मंडलायुक्त दीपक रावत ने 20 दिन के अंदर गौला पुल को हल्के वाहनों के लिए खोलने के निर्देश दिए हैं। इससे एनएचएआई और लोनिवि के अधिकारी दबाव में हैं। विभागीय अधिकारियों के अनुसार गौला पुल को लेकर आईआईटी रुड़की भी सर्वे कर चुकी है। अब देखना है कि पुल की पूरी मजबूती के लिए आईआईटी रुड़की इस बार किस तरह की रिपोर्ट देती है। परियोजना निदेशक विकास मित्तल ने बताया कि एप्रोच रोड को ठीक करने का काम शीघ्र पूरा कर लिया जायेगा।

### तो प्रतिबंधित क्षेत्र में खनन से हो रहा कटाव

गौला नदी दोनों किनारों पर भूकटाव कर रही है। एक तरफ अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम तो दूसरी तरफ रेलवे स्टेशन और लोनिवि की सड़क के नीचे से भूकटाव हुआ है। आशंका जताई जा रही है कि प्रतिबंधित क्षेत्र में खनन करने से नदी के पानी ने सुगमता से रास्ता बनाया और भूकटाव हुआ। जबकि बीचों-बीच मलबा जमा होने से बोल्डर्स-मलबे ने भी पुल को नुकसान पहुंचाया।

### वैकल्पिक मार्ग बनाने का काम शुरू

**हल्द्वानी :** एसडीएम परितोष वर्मा ने बताया कि गौला पार के लोग लंबे समय से वैकल्पिक व्यवस्था की मांग कर रहे थे। इसको देखते हुए गौला नदी को पार करने के लिए ह्यूम पाइप बनाने का काम शुरू कर दिया गया है। अगले दो-तीन दिनों में वैकल्पिक रास्ता बना लिया जाएगा। इस पर यातायात की व्यवस्था को फिर से सुचारु किया जाएगा।

## दिवंगत पुलिस कर्मी की पत्नी को ठगा, मुकदमा दर्ज

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** दिवंगत पुलिस कर्मी की पत्नी को उसी की परिचित एक महिला ने ठग लिया। उसने बैंक में गोल्ड निवेश कराया और महीनों गुजर जाने के बावजूद न तो गोल्ड वापस मिला और न ही निवेश किए गए गोल्ड पर ब्याज।

काठगोदाम थाना क्षेत्र की रहने वाली रिंकी ने पुलिस को दी तहरीर में परिचित महिला रजनी मेहता पर धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। रिंकी का कहना है कि उनके पति स्व. चंदन लाल पुलिस विभाग में कार्यरत थे। तीन साल पहले हरिद्वार में कुम्भ मेले में ड्यूटी के दौरान उनकी मौत हो गई थी। इसके बाद रजनी मेहता ने उनके जेवरात गोल्ड निवेश के नाम पर बैंक में रखवा दिए। साथ ही ब्याज समेत गोल्ड प्रति माह गोल्ड मिलने का आश्वासन दिया।

पिछले नौ माह से न तो उन्हें रुपये मिल रहे हैं और न ही गोल्ड। आरोप है कि धोखाधड़ी में रजनी का पति भी शामिल है। काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# मोर्चे पर डटी महिलाएं, नशेड़ियों के खिलाफ उठाई दराती और लाठी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



एसपी सिटी प्रकाश चंद्र को ज्ञापन देते दमुवाढूंगा के लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** नशेबाजों से परेशान हो चुकी महिलाओं ने अब हाथों में दराती उठा ली है। न सिर्फ वह खुद जंगल में कांबिंग कर रही हैं, बल्कि नशेड़ियों को भी खदेड़ रही हैं। सोमवार को महिलाओं ने एसपी सिटी को ज्ञापन देकर बताया कि वार्ड 37 में नशेड़ी हद पार कर चुके हैं।

एसपी सिटी को ज्ञापन देने के बाद महिलाओं ने जवाहर ज्योति दमुवाढूंगा स्थित जंगल से निकलने वाले बरसाती नाले में टेंट लगा दिया। घर जाने की बजाय महिलाओं ने यहीं पर खाना बना कर खाया और फिर लाठी व दराती लेकर जंगल में कांबिंग करने निकल गईं। पिछले तीनों से डेरा डाले महिलाओं के खौफ का आलम यह है कि अब नशेड़ी इस ओर फटकने से भी घबरा रहे हैं।

समाजसेवी मन्नू गोस्वामी का कहना है कि क्षेत्र में नशेड़ी खुलेआम नशा करते हैं और महिलाओं व बहनों से छेड़छाड़ व अभद्र टिप्पणी करते हैं। विरोध करने पर कई बार नशेड़ी हमलावर हो जाते हैं। जंगल किनारे टेंट लगाकर महिलाएं अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गई हैं। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से जंगल के पास पुलिस की ड्यूटी लगाने की मांग की। चेतावनी दी कि यदि अब भी किसी महिला के साथ घटना होती है तो इसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। कांबिंग के दौरान जीवन्ती देवी, मोहनी देवी, मंजू देवी, दीपा गोस्वामी, गीता देवी, मनोज टम्टा, विक्की टम्टा, सागर टम्टा, राजू श्रीवास्तव, यशपाल आदि रहे।

## पुष्पा कांडपाल बनीं मनरेगा में लोकपाल



**हल्द्वानी, अमृत विचार :** कमलुवागांजा के नरसिंह तल्ला की रहने वाली पुष्पा कांडपाल का चयन जिले में मनरेगा के तहत लोकपाल पद पर हुआ है। वह मंगलवार को अधिकारिक रूप से कार्यभार ग्रहण करेंगी। पांच जुलाई को देहरादून में लोकपाल चयन समिति अध्यक्ष और ग्राम्य विकास सचिव की मौजूदगी में हुए साक्षात्कार के बाद पुष्पा का चयन शासन स्तर पर हुआ है।

वह वर्तमान समय तक किशोर न्याय अधिनियम 2015 के अंतर्गत नैनीताल जिले में बाल कल्याण समिति की सदस्य रहीं। पुष्पा कांडपाल अल्मोड़ा में उत्तराखंड ग्राम्य विकास की ओर से संचालित परियोजना इंटीग्रेटेड लाइब्लीहुड स्पोर्ट प्रोग्राम में फेडरेशन एक्सपर्ट का कार्य भी कर चुकीं हैं।

# बोरा के मददगार परिवहन अधिकारी पर मुकदमा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** नैनीताल दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ के फरार अध्यक्ष मुकेश बोरा की मदद करने वाले परिवहन कर अधिकारी नंदन आर्या आखिरकार कानूनी शिकंजे में फंस गये। पुलिस ने उनके खिलाफ भी मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस को इस बात के ठोस सुबूत मिले हैं कि नंदन आर्या लगातार मुकेश बोरा के संपर्क में था। जिसकी पुष्टि नंदन आर्या के मोबाइल से हुई है।

मुकेश बोरा पर दुग्ध संघ में आउटसोर्स के जरिये नौकरी पर लगी महिला ने दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए एक सितंबर को लालकुआं कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था। महिला ने जो आरोप लगाये थे, वह सही पाए गये हैं। मुकेश पर महिला की नाबालिग बेटी से भी छेड़छाड़ का आरोप लगा। जिसके बाद मुकदमे में पॉक्सो की धारा बढ़ाई गई। इसे पूरे मामले में 19 सितंबर की रात मुकेश बोरा के उत्तराखंड से भागने की बात सामने आई थी। आरोप था कि भागने में परिवहन कर अधिकारी नंदन आर्या और एक महिला ने उसकी भागने में मदद की थी। जिसके लिए एक टैक्सी बुक कराई गई थी। जांच शुरू हुई तो यह पुष्टि हो गई कि मददगार नंदन आर्या था।

नंदन वर्तमान में जसपुर में तैनात हैं। पुलिस आरोपी परिवहन कर अधिकारी से पूछताछ कर रही है। पुलिस ने मुकेश के खिलाफ दर्ज मुकदमे में नंदन को नामजद करते हुए हार्बरिंग ऑफेंस की धारा के तहत उसका नाम शामिल किया है। सीओ नितिन लोहनी ने बताया कि फरार आरोपी की मदद करने के आरोप में नंदन को नामजद किया गया है।

मामले की जांच की जा रही है। मददगारों में कई और लोगों के नाम सामने आ सकते हैं।

### फंसते ही मेडिकल लीव पर चला गया नंदन

**हल्द्वानी :** परिवहन कर अधिकारी नंदन आर्या को पकड़े जाने का डर पहले से था। यही वजह रही कि उसने पहले ही छुट्टी पर जाने का इंतजाम कर लिया। नंदन आर्या ने परिवहन विभाग को एक चिकित्सा अवकाश का पत्र भेजा है। उसने 18 सितंबर 2024 से तबीयत ठीक होने तक अवकाश पर रहने की बात कही है। सूत्रों का कहना है कि चिकित्सकीय प्रमाण-पत्र में एलडी भट्ट सरकारी अस्पताल रामनगर रोड काशीपुर की ओपीडी का पर्चा संलग्न है।

### हल्द्वानी में है मुकेश, आज कर सकता है सरेंडर



मुकेश बोरा के यहां-वहां होने की खबरों के बीच पता चला है कि मुकेश बोरा हल्द्वानी में है। वह लगातार करीबियों के संपर्क में है और मंगलवार को कोर्ट में सरेंडर कर सकता है। इधर, मुकेश के सरेंडर होने की चर्चा के बीच पुलिस सोमवार को ही सक्रिय दिखी। जजी कोर्ट के आस-पास पुलिस ने कड़ा इंतजाम किया था। यहां तैनात पुलिस बल के ज्यादातर कर्मचारी सादी वर्दी में थे। इधर, पुलिस भी दावा कर रही है कि सात टीमें मुकेश की तलाश में हैं, जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### डीआईजी और जिला पुलिस के ग्रुप में है मुकेश

**हल्द्वानी :** पिछले 23 दिनों से मुकेश बोरा लगातार पुलिस को चकमा दे रहा है। सात-सात टीमें भी उसे गिरफ्तार नहीं कर पा रहीं। इन सबके बीच पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने वाजिब हैं, वो भी तब जब यह पता लगा कि पुलिस जिसे कोने-कोने में तलाश कर रही है वह पुलिस पर लगातार नजर रख रहा है। जिला पुलिस और डीआईजी ने जो व्हाट्सएप ग्रुप मीडिया के लिए बनाया था, उसमें मुकेश बोरा को भी जोड़ रखा है। जबकि दुग्ध संघ के ग्रुप से मीडिया कर्मियों को हटा दिया गया है।

**राहत** | सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेई ने एसटीएच के निरीक्षण के बाद अस्पताल प्रबंधन को दिए निर्देश

# एसटीएच में आज से दो अतिरिक्त पर्चा काउंटर लगेंगे

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



एसटीएच में बिलिंग काउंटर के निरीक्षण के दौरान जानकारी लेते सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेई। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल (एसटीएच) में अब मरीजों को पर्चा बनाने के लिए रजिस्ट्रेशन काउंटर पर ज्यादा समय नहीं लगाना होगा। प्रशासन ने एसटीएच का औचक निरीक्षण कर रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए जरूरी निर्देश दिए हैं।

सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेई व जिला सूचना विज्ञान अधिकारी राजेश तिवारी ने सोमवार को एसटीएच की ओपीडी व इमरजेंसी में रजिस्ट्रेशन व बिलिंग काउंटर का निरीक्षण किया। उन्होंने जांच में पाया कि एसटीएच बिरला सॉफ्ट का वर्ष 2004 का वर्जन इस्तेमाल कर रहा है, जिसकी एएमसी वर्ष 2009 में खत्म हो गई थी। सॉफ्टवेयर की कोडिंग पुरानी तकनीक की होने से सर्वर दिक्कत कर रहा है। पुराने कंप्यूटर के साथ लेजर प्रिंटर इस्तेमाल हो रहा है, जिसमें काफी समय लगता है। इस पर नए कंप्यूटर के साथ लेजर प्रिंटर इस्तेमाल करने का सुझाव दिया गया। ओपीडी व आईपीडी मरीजों की संख्या बढ़ने पर सर्वर पर लोड बढ़ता है, जिससे एक पर्चा बनाने में 15 से 20 मिनट का समय लगता है। क्योंकि इसी सॉफ्टवेयर से एसटीएच के 36 वार्ड एवं विभिन्न लैब भी जुड़ी हैं। सबके एक साथ काम करने पर सॉफ्टवेयर की गति धीमी हो जाती है।

सिटी मजिस्ट्रेट ने संक्रामक बीमारियों के प्रकोप को देखते हुए काउंटरों की संख्या बढ़ाने और फिलहाल मंगलवार से दो अतिरिक्त काउंटर लगाने को कहा। अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि बिलिंग के लिए अलग से नया सॉफ्टवेयर मॉड्यूल बनाया गया है, जो प्रयोग में लाया जा रहा है। इस पर भुगतान के लिए यूपीआई के विकल्प को शीघ्र लागू करने के निर्देश दिए गये हैं। सॉफ्टवेयर में पंजीकरण मॉड्यूल को जोड़ा जाना है, जिसका काम 15 दिनों पूर्ण हो जाएगा। इसके बाद सुधार हो जाएगा।

# चिकित्सक चार अक्टूबर को कार्य बहिष्कार पर रहेंगे

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** प्रांतीय चिकित्सा स्वास्थ्य सेवा संघ ने ग्रेड पे बढ़ाने समेत विभिन्न मांगों को लेकर स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत को ज्ञापन भेजा है। उन्होंने मांग पूरी नहीं होने पर चार अक्टूबर को कार्य बहिष्कार करने का ऐलान किया है।

संगठन के अध्यक्ष डॉ. मनोज वर्मा ने बताया कि चिकित्सकों को चार सालों से वेतनमान ग्रेड पे 5400 से 6600 रुपये दिया जा रहा है। नौ सालों में वेतनमान ग्रेड पे 6600 से 7600 रुपये, 13 सालों में वेतनमान ग्रेड पे 7600 से 8700 रुपये और 20 सालों में वेतनमान ग्रेड पे 8700 से 8900 रुपये होता है। इसके लिए हर साल दो बैठक की जाती हैं, लेकिन हर बार विलंब किया जाता है।

महासचिव डॉ. रमेश कुंवार ने कहा कि प्रतिवर्ष दो बार रिक्त पदों के सापेक्ष डीपीसी का प्रावधान है, लेकिन स्वास्थ्य विभाग में डीपीसी नहीं की जाती है। संरक्षक डॉ. तारा आर्य और संयोजक डॉ. नरेश सिंह नपलच्याल ने कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों में तैनात चिकित्सकों को 50 प्रतिशत प्रोत्साहन राशि दी जानी चाहिए। मीडिया प्रभारी डॉ. निशांत अंजुम ने कहा कि तीन अक्टूबर को सभी सरकारी चिकित्सक अपने हाथ में काली पट्टी बांधकर काम करेंगे। वहीं चार अक्टूबर को कार्य बहिष्कार करेंगे।

## गायब मिला स्टाफ छात्र भी कम मिले

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** प्रशिक्षण एवं सेवायोजन निदेशक संजय कुमार के निर्देश पर सोमवार को अपर निदेशक ऋचा सिंह और उप निदेशक आरएस मर्तोलिया ने चोरगलिया आईटीआई का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कुछ कार्मिक ड्यूटी में नहीं पाए गए और बिना अनुमति के अवकाश पर थे। साथ ही छात्रों की अनुपस्थिति भी कम पाई गई। इसके अलावा कई आईटीआई प्रशिक्षुओं को अपने पाठ्यक्रम का ज्ञान तक नहीं था। वहीं कक्षाओं और परिसर में साफ-सफाई भी नहीं पाई गई। इसकी रिपोर्ट निरीक्षण टीम ने प्रशिक्षण एवं सेवायोजन निदेशक को उपलब्ध करा दी है। निदेशक की ओर से कमियों के आधार पर कठोर कदम उठाने की कार्रवाई की जा रही है।

# स्टील प्लांट से बेलबाबा मंदिर तक बनेगी रिंग रोड

## ग्रामीणों के भारी विरोध को देखते हुए कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत ने लोनिवि के अधिकारियों को दिए निर्देश


ग्रामीणों से बात करते हुए विधायक बंशीधर भगत। ● अमृत विचार


गन्ना सेंटर के पास विधायक का पुतला फूंकते लोग। ● अमृत विचार

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** विधायक बंशीधर भगत ने सोमवार को रिंग रोड प्रोजेक्ट से प्रभावित हो रहे कमलुवागांजा और रामपुर रोड क्षेत्र के ग्रामीणों से मुलाकात की। उन्होंने रिंग रोड के लिए ग्रामीणों को प्रभावित नहीं करने का आश्वासन दिया।

रिंग रोड प्रोजेक्ट को लेकर लोक निर्माण विभाग ने कमलुवागांजा और रामपुर रोड क्षेत्र के कई गांवों में सीमांकन किया था। सीमांकन में स्थानीय काश्तकारों की भूमि, मकान, नलकूप और मंदिर आ रहे हैं। इस मामले में स्थानीय लोगों ने विरोध भी किया। सोमवार को भाखड़ा पुल पहुंचकर विधायक भगत ने अधिकारियों को कमुलवागांजा नोवा स्टील प्लांट से सटे वन क्षेत्र से आनंदपुर चौकी से बेलबाबा मंदिर तक आबादी एवं काश्तकारों की भूमि से बाहर रिंग रोड बनाने के निर्देश दिये। कहा कि इससे रिंग रोड आबादी और काश्तकारों की भूमि से बाहर बनेगी। साथ ही वन भूमि पर अतिक्रमण का खतरा भी नहीं रहेगा। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि स्थानीय जनता को इसके बाद भी जो नुकसान होगा, उसका विधिवत आकलन कर शासन में रिपोर्ट प्रस्तुत करें। साथ ही आबादी क्षेत्र के बाद सटे वन क्षेत्र से रिंग रोड निर्माण की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट शासन में प्रस्तुत करें। इस दौरान एसडीएम परितोष वर्मा, लोनिवि ईई अशोक कुमार, तहसीलदार सचिन कुमार, राजेंद्र सिंह बिष्ट, नवीन भट्ट ,लाखन सिंह निगलटिया, कमल नयन जोशी, आनंद दरम्वाल, प्रमोद तोलिया, त्रिलोक निगलटिया मौजूद रहे।

### आश्वासन

- कमलुवागांजा और रामपुर रोड क्षेत्र के ग्रामीणों से मिले विधायक
- रिंग रोड के लिए ग्रामीणों को प्रभावित न करने का दिया भरोसा

### विधायक भगत का पुतला फूंका, जताया आक्रोश

**हल्द्वानी :** गन्ना सेंटर के पास रामलीला मैदान में रिंग रोड के विरोध में चल रहे आंदोलन के दौरान ग्रामीणों ने विधायक बंशीधर भगत का पुतला फूंका। आंदोलनकारियों ने कहा कि विधायक वार्ता करने के लिए धरना स्थल तक नहीं आये। इस दौरान कार्तिक उपाध्याय,आनंद सिंह, कैलाश सिंह क्वीरा, प्रेमानंद उपाध्याय, चंदन सिंह, गोविंद रजवार, कमल दुर्गापाल आदि थे।

## छुट्टा गोवंश के गले में रेडियम बेल्ट लगाने की मांग

**लालकुआं, अमृत विचार:** छुट्टा गोवंश के कारण बढ़ती दुर्घटनाओं व किसानों की फसलों को हो रहे नुकसान को लेकर सामाजिक कार्यकर्ताओं ने एसडीएम तुषार सैनी से भेंट की और ऐसे गोवंश पर नियंत्रण करने की मांग की।

सामाजिक कार्यकर्ता पीयूष जोशी के नेतृत्व में लालकुआं एसडीएम तुषार सैनी से भेंट करते हुए सामाजिक कार्यकर्ताओं ने छुट्टा गौवंश के गले में रेडियम बेल्ट लगाने में सहयोग करने, जंगलों में जानवरों के पेयजल के लिए जल संग्रहण की व्यवस्ता करने तथा चारे की बेल्ट विकसित करने की मांग की। साथ ही दुर्घटनाओं में घायल लोगों के परिवारों को मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से सहायता प्रदान करने, गंगापुर कबडाल में मौजूद गौशाला के विस्तारीकरण पर चर्चा की। जिस पर उप जिलाधिकारी ने जल्द कार्रवाई करने का आश्वाशन दिया। एसडीएम तुषार सैनी ने बताया कि शीघ्र ही ग्रामीण क्षेत्र में पशु पालकों का सत्यापन करने के साथ ही पालतू पशुओं को छोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## सार-संक्षेप


पौधरोपण के दौरान प्राचार्य व एनएसएस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### निरोगी जीवन के लिए पौधों का संरक्षण जरूरी: पांडे

**रामनगर :** जीवन को निरोगी बनाना है तो पौधों के संरक्षण पर ध्यान देना होगा। यह बात पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सेवा पखवाड़े के तहत आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य प्रो. एमसी पांडे ने कही। राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की तरफ से आयोजित कार्यक्रम में प्राचार्य ने कहा कि अधिक से अधिक पौधों को लगाकर भावी पीढ़ी प्रदूषण मुक्त जीवन देने के लिए मिलकर प्रयास करे। महाविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. नरेश कुमार ने विभिन्न प्रकार के छायादार और फलदार पौधे प्रदान किये। इस दौरान प्रो. जगमोहन सिंह नेगी, डॉ. लतिका अमित, डॉ. ललित मोहन, डॉ. जेपी त्यागी, डॉ. ऋचा पुनेठा एवं एनएसएस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### साप्ताहिक बाजार अन्यत्र लगाने की मांग

**कालाढूंगी :** प्रत्येक शुक्रवार को लगाने वाले साप्ताहिक हाट बाजार से ग्रामीण परेशान हैं। इस संबंध में ग्रामीणों ने एसडीएम रेखा कोहली को ज्ञापन सौंपकर हाट बाजार अन्यत्र लगाने की मांग की है। उनका कहना है कि जिस मार्ग में हाट बाजार लगता है। वहां शिव मंदिर, जामा मस्जिद और एक स्कूल है। यह मार्ग ग्रामीण क्षेत्रों को जोड़ता है। बाजार लगने से हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती है। साथ ही दुर्घटना का अंदेशा भी रहता है। मांग करने वालों में रवि दिगारी, प्रेम सिंह बनौला, कुलदीप बनौला, भूपाल राम टम्टा, मनोज सिंह खोलिया, चंद्र मोहन कुंवर, कमल रहे।

### कालाढूंगी में दो दिन बैटें पूर्ति निरीक्षक

**कालाढूंगी :** पूर्ति निरीक्षक के हर सप्ताह नहीं आने से क्षेत्रवासियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। नगर पंचायत के पूर्व नामित सभासद जाहिद हबीबी ने एसडीएम रेखा कोहली को मांग पत्र देकर पूर्ति निरीक्षक को सप्ताह में दो दिन कालाढूंगी में बैठाने की मांग की है। हबीबी ने बताया कि सप्ताह में सोमवार को पूर्ति निरीक्षक द्वारा नगर पालिका हॉल में राशन कार्ड संबंधित कार्य किया जाता है। हर सोमवार को पूर्ति निरीक्षक के नहीं आने से काफी भीड़ एकत्र हो जाती है। जिस कारण लोगों को परेशानी उठानी पड़ती है।


परिषद के गठन की विद्यार्थियों को जानकारी देती शिक्षिका। ● अमृत विचार

### डिग्री कालेज में हिंदी परिषद का गठन

**रामनगर :** पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हिन्दी विभाग द्वारा विभागीय परिषद के लिए भारती पाठक अध्यक्ष, पदमा उपाध्यक्ष, कैलाश चंद्र सचिव, रितेश कुमार उप सचिव चुने गए। जबकि कोषाध्यक्ष पद पर प्रियंका आर्या को मनोनीत किया गया। कार्यक्रम में हिन्दी विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. पुनीता कुशवाहा ने उम्मीद जताई कि परिषद हिंदी विभाग के विद्यार्थियों की समस्याओं के निदान के साथ ही महाविद्यालय में होने वाले रचनात्मक कार्यों में बढ़ चढ़ कर भागीदारी करेगी। उन्होंने परिषद के गठन और उसके द्वारा भविष्य में किए जाने वाले क्रियाकलापों पर भी प्रकाश डाला। इस दौरान डॉ. ललित मोहन, डॉ. सुरेश चन्द्रा तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### रामलीला को लेकर रिसीवर के साथ बैठक 26 को

**रामनगर :** प्रगतिशील सांस्कृतिक पर्वतीय समिति पैंठपड़ाव रामनगर के सदस्यों का प्रतिनिधि मंडल रामलीला मंचन करने की मांग को लेकर रिसीवर/ तहसीलदार कुलदीप पाण्डे से उनके कार्यालय में मिला। प्रतिनिधि मंडल ने रिसीवर से उनके यहां रामलीला मंचन न करने के निर्णय पर रोष व्यक्त करते हुए जन भावनाओं एवं धार्मिक भावनाओं का आहत करने वाला बताया। प्रतिनिधि मंडल में रिसीवर से समिति की सदस्यों के साथ बैठक कर इस संबंध में वार्ता करने का निवेदन किया। जिसपर तहसीलदार कुलदीप पाण्डे ने बताया कि 26 सितंबर को अपराह्न 4 बजे समिति परिसर में सदस्यों के साथ बैठक कर जनभावना के अनुसार निर्णय लेंगे। प्रतिनिधि मंडल में प्रभात ध्यानी, गणेश पन्त, डॉ. निशांत पपनै, पुष्कर दुर्गापाल, एडवोकेट पूरन चंद पांडे, योगेश सती, ललित उप्रेती, दिनेश सत्यवली, सुमित लोहनी, जगदीश तिवारी, ओमी राउत, सोनी जोशी, गोविंद बिष्ट मौजूद रहे।


प्रमाण पत्र के साथ प्रतिभागी। ● अमृत विचार

### 25 दिनी फोक पेंटिंग कार्यशाला का हुआ समापन

**हल्द्वानी :** वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार एवं क्राफ्ट हाउस फाउंडेशन की ओर से नीमा बिष्ट के जय शारदा भवन कुसुमखेड़ा में चल रही 25 दिवसीय कार्यशाला का समापन हो गया। इस कार्यशाला में फोक पेंटिंग (ऐपण) पर डिजाइन एवं टेक्निकल डेवलपमेंट के बारे में महिलाओं को जानकारी दी गई। साथ ही सॉफ्ट टॉय, फोटो फ्रेम, ज्वेलरी, स्टेशनरी किट, पासपोर्ट कवर, झूमर आदि का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिये गये। कार्यशाला का संचालन फाउंडेशन के संस्थापक संजय निषाद एवं प्रोग्राम मैनेजर अनुभव जैन ने किया। इस दौरान नंदी बिष्ट, डिजाइनर शगुन तिवारी, मास्टर ट्रेनर रुचि नैनवाल और मंजू बिष्ट आदि मौजूद रहे।

## गूल को पुराने स्थान पर ही बनाया जाए

**कालाढूंगी, अमृत विचार :** बंदोबस्ती के ग्रामीणों ने एसडीएम रेखा कोहली के माध्यम से डीएम को ज्ञापन भेजकर कुलावा नंबर 3 की गूल को पुराने स्थान पर ही बनाये जाने की मांग की है।

ग्रामीणों का आरोप है कि उक्त गूल जिस खेत से होकर जा रही है। उसका स्वामी सिंचाई विभाग पर गूल का स्थान बदलने का दबाव बना रहा है। जिस वजह से गूल के निर्माण को रोक दिया गया है। ग्रामीणों ने कहा कि यदि गूल के स्थान को हटाया गया तो ग्रामीण आंदोलन को बाध्य होंगे। इधर, सिंचाई विभाग के एई गणेश दत्त पांडे ने बताया कि जो पुरानी गूल है वह अपने स्थान पर ही बनेगी। बिना ग्रामीणों की सहमति के उसका स्थान नहीं बदला जाएगा। ज्ञापन देने वालों में प्रधान मीनाक्षी देवी, मदन सिंह जलाल, सुंदर सिंह, जीवन सिंह बगड़वाल आदि रहे।

# मजदूर विरोधी लेबर कोड्स के विरोध में मनाया काला दिवस

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** मजदूर विरोधी लेबर कोड्स के विरोध में संघर्षशील मजदूर संगठनों के देशव्यापी मोर्चे मजदूर अधिकार संघर्ष अभियान ( मासा ) एवं केंद्रीय ट्रेड यूनियन फेडरेशनों के आह्वान पर रामनगर में विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ताओं ने बांह पर काली पट्टी बांधकर उप एसडीएम दफ्तर पर प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन में इंकलाबी मजदूर केंद्र, उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी, किसान संघर्ष समिति, प्रगतिशील भोजन माता संगठन, परिवर्तनकामी छात्र संगठन एवं समाजवादी लोक मंच के क्रायकर्ता शामिल रहे। इस दौरान राष्ट्रपति को उपजिलाधिकारी के माध्यम से ज्ञापन भेजा गया।


एसडीएम कोर्ट में ज्ञापन देने जाते विभिन्न संगठनों के लोग। ● अमृत विचार

ज्ञापन में मजदूर विरोधी नये लेबर कोड्स को तत्काल रद करने, मजदूर पक्षधर श्रम कानून बनाने, उत्तराखंड के सभी उद्योगों एवं संस्थानों में सरकार द्वारा घोषित न्यूनतम वेतन देने की मांग की गई। इस दौरान इंकलाबी मजदूर केंद्र के महासचिव रोहित रुहेला, उबैदुल हक, भुवन आर्य, कमल वर्मा, उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी के महासचिव प्रभात ध्यानी, मो. आसिफ, किसान संघर्ष समिति के संयोजक ललित उप्रेती, प्रगतिशील भोजन माता संगठन से पदमा देवी एवं प्रेमा देवी, परिवर्तनकामी छात्र संगठन के नगर सचिव रवि एवं समाजवादी लोक मंच के बीडी नैनवाल मौजूद रहे।

### लालकुआं में संपति कर लगाने का विरोध

**लालकुआं, अमृत विचार :** नगर पंचायत लालकुआं द्वारा नगर में संपत्ति कर लगाने के लिए सुझाव मांगने से नाराज क्षेत्रवासियों ने तत्काल संपत्ति कर को रद करने तथा भविष्य में भी इसे लागू न करने की मांग शुरू कर दी है। इसको देखते हुए नगर पंचायत लालकुआं के अधिशासी अधिकारी राहुल कुमार सिंह ने उच्च अधिकारियों से वार्ता कर गणमान्य लोगों की एक बैठक नगर पंचायत सभागार में आयोजित की। जिसमें सभी दलों के कार्यकर्ताओं से सुझाव मांगे गए। बैठक में नगर वासियों का कहना था कि उक्त संपत्ति कर गलत तरीके से लगाया जा रहा है, उन्होंने कहा कि जब तक बोर्ड का गठन नहीं हो जाता तब तक उक्त संपत्ति कर को नगर लालकुआं में न लगाया जाए। उन्होंने कहा कि बोर्ड गठन तक संपत्ति कर पर विचार करना ही अनुचित है। उन्होंने तत्काल उक्त प्रक्रिया को रद करने की मांग की। जिस पर अधिशासी अधिकारी ने कहा कि वह जल्द ही उच्च अधिकारियों से उक्त प्रक्रिया को स्थगित करने के संबंध में वार्ता करेंगे। यहां नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष कैलाश चंद्र पंत, पवन कुमार चौहान, रामबाबू मिश्रा, समाजसेवी पूरन सिंह रजवार, व्यापार मंडल अध्यक्ष दीवान सिंह बिष्ट, सुरेंद्र लोटनी, हेमंत पांडे दीपक बत्रा, मीना रावत, कमलेश यादव, भुवन पांडे, दीपू नयाल, हयात सिंह म्यान रहे।


लालकुआं में संपत्ति कर को लेकर ईओ से वार्ता करते लोग। ● अमृत विचार

# महिला एकता मंच की रैली 29 को

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** देश में महिलाओं के खिलाफ बढ़ रहे अपराधों पर रोक लगाने की मांग को लेकर महिला एकता मंच ने 29 सितंबर को विशाल रैली के आयोजन का ऐलान किया है।

कार्यक्रम की तैयारी को लेकर पैठपड़ाव में हुई बैठक में मंच की संयोजक ललिता रावत ने कहा कि समाज में लगातार विकृति बढ़ रही है। छोटे-छोटे बच्चों के नाम भी यौन अपराधों में आ रहे हैं। सोशल मीडिया अबाउट तमाम संचार माध्यम से अश्लीलता परोसी जा रही है। कहा कि पॉर्न व अश्लील फिल्मों पर रोक लगाई जानी चाहिए तथा इनके प्रसारण को गैर जमानती अपराध घोषित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे देश में हर 15 मिनट में एक बलात्कार की घटना दर्ज होती है। जबकि अधिकांश मामले दर्जी नहीं हो पाते हैं।


रामनगर में रैली के लिए बैठक करतीं महिला एकता मंच की महिलाएं। ● अमृत विचार

बैठक में महिलाओं ने कहा कि महिलाओं के साथ अपराधों को रोकने के लिए जरूरी है कि उन्हें सामाजिक, राजनीतिक व आर्थिक रूप से बराबरी दी जाए। स्कूल कॉलेज में लैंगिक समानता को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया जाए। सरस्वती जोशी ने बताया कि बैठक में 26 सितंबर को ग्राम थारी में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर जुलूस प्रदर्शन आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। इससे पूर्व मालधन, कानिया व सुन्दरखाल में महिलाओं के साथ हो रही हिंसा के विरोध में प्रदर्शन आयोजित किये जा चुके हैं। बैठक में सीमा तिवाड़ी, दुर्गा सैनी, भगवती नेगी, सरस्वती जोशी, ऊषा पटवाल, शान्ती देवी, तुलसी देवी, माया नेगी, दीपा देवी, मीरा, धना, राधा, बसन्ती, नीमा, शांति मौजूद रहे।

# सड़क हादसों की रोकथाम को करें प्रभावी उपाय: वंदना

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी वंदना सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को जिलाधिकारी कार्यालय सभागार नैनीताल में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की।

बैठक में जिलाधिकारी ने विभाग की प्रवर्तन कार्यवाही और सड़क सुरक्षा कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। लोनिवि के अधिशासी अभियंता रत्नेश सक्सेना ने बताया कि अगस्त तक इस वर्ष जिले में कुल 106 दुर्घटनाएं हुई, जिसमें 85 मृतक और 75 घायल हुए। जिलाधिकारी ने बताया कि ओवर लोड, तेज रफ्तार, मदिरा सेवन और मोबाइल प्रयोग से सड़क दुर्घटनाएं ज्यादा होती हैं। जिसकी रोकथाम के लिए परिवहन विभाग, पुलिस विभाग को समय-समय पर प्रवर्तन की कार्यवाही की जानी है। साथ ही नियमों का पालन नहीं करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में सभी ब्लैक स्पाट को जल्द सुधार करने की बात कही। जिलाधिकारी ने परिवहन विभाग और एसडीएम को उन सड़कों की सूची बनाकर पैराफिट, क्रेश बेरियर, सुरक्षा दीवार निरीक्षण, गुणवत्ता की जांच करने को कहा। जिन पर विभाग द्वारा कार्य पूर्ण कर लिया है।

साथ ही दुर्घटना संभावित इलाकों और नो पार्किंग आदि इलाकों में साइन बोर्ड लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने एनएच के अधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर नरीमन चौराहे से भीमताल तिराहे तक की सड़क को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। बैठक में विभागीय अधिकारी रहे।

## 26 को खुलेंगे दुर्गा महोत्सव मेले के टेंडर

**नैनीताल, अमृत विचार:** शहर में 68वें दुर्गा महोत्सव की तैयारियां तेज हो गयी है। आयोजन संस्था की वार्ता के बाद पालिका की ओर से महोत्सव में दुकान निर्माण, मंच निर्माण और बिजली व्यवस्थाओं की टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

26 सितंबर को पालिका में टेंडर खोले जाएंगे। बता दें कि आठ से 12 अक्टूबर तक दुर्गा महोत्सव का आयोजन किया जाना है। जिसमें व्यावसायिक मेले और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी होता है। पालिका की ओर से मेले की टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी है। पालिका प्रशासक एसडीएम केएन गोस्वामी ने बताया कि महोत्सव के लिए 350 दुकानों का निर्माण किया जाना है। दुकान निर्माण के लिए न्यूनतम 17.27 लाख और लाइट व्यवस्थाओं के लिए अधिकतम 3.85 लाख राशि के साथ टेंडर आमंत्रित किये गए हैं।

### कुपोषण से बचाव व स्वच्छता की जानकारी दी

**रामनगर, अमृत विचार :** बाल विकास परियोजना रामनगर, आंगनबाड़ी कार्यकर्तियों व सुपरवाइजर द्वारा पायते वाली रामलीला में राष्ट्रीय पोषण माह के तहत पर्यावरण संरक्षण को लेकर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने किया। उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओं के खानपान का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। विशिष्ट अतिथि भाजपा नगर अध्यक्ष मदन जोशी, ब्लॉक प्रमुख रेखा रावत, जिला संयोजक भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ राकेश अग्रवाल, शिवि अग्रवाल ने मुख्य अतिथि के साथ दीप प्रज्वलित किया। विधायक बिष्ट व अन्य अतिथियों ने पोषण संबंधी स्टॉलों का निरीक्षण किया। कार्यक्रम में आए कुपोषित बच्चों के माता-पिता के साथ काउंसलिंग की गई। उन्हें खानपान व स्वच्छता की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में चार गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की गई। इस मौके पर प्रभारी बाल विकास परियोजना अधिकारी गीता आर्य, सुपरवाइजर माधवी मठपाल, दुर्गा बिष्ट, आंगनबाड़ी कार्यकत्री दीपा थापा, मीरा भारती, पूनम गोला रहे।


रामनगर में आंगनबाड़ी वर्कर्स द्वारा बनाये उत्पाद देखते विधायक। ● अमृत विचार

# कॉर्बेट के आसपास से हटाया कचरा

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** ग्रीन कार्बेट, क्लीन कार्बेट के संकल्प के साथ सीटीआर से लगे खत्तों, राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे सफाई अभियान चलाया गया। कार्बेट टाइगर रिजर्व के निदेशक डॉ. साकेत बडोला के निर्देशन में होटल एवं रिसोर्ट एसोसिएशन एवं वेस्ट वारियर्स द्वारा चलाये गए अभियान में कार्बेट टाइगर रिजर्व की परिधि से लगभग 311 किलो प्लास्टिक एकत्र किया गया।

इसमें 250 किलो ढिकुली तथा 61 किलो ढेला क्षेत्र से अन्य कचरा एकत्र किया गया। एकत्रित प्लास्टिक तथा अन्य वेस्ट को रिंगौड़ा स्थित कलेक्शन सेन्टर में पृथककर सजावटी सामाग्री यथा गुलदस्ते, बॉस्केटस, बैग, पैन स्टैण्ड आदि का निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा कार्बेट वन्यजीव प्रशिक्षण संस्थान, कालागढ़ रेंज तथा ढेला रेंज में भी वेस्ट वॉरियर्स संस्था के साथ स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत सफाई अभियान चलाया गया। उक्त अभियान के दौरान अमित कुमार ग्वासीकोटी, उप प्रभागीय वनाधिकारी, बिजरानी/पार्क वार्डन बिन्दर पाल, उप प्रभागीय वनाधिकारी कालागढ़ मनीष कुमार, वन क्षेत्राधिकारी कालागढ़, नन्द किशोर, रूबाली, वन क्षेत्राधिकारी झिरना, उमेश चन्द्र आर्या, वन क्षेत्राधिकारी सर्पदुली संजय पाण्डे, वन क्षेत्राधिकारी सुरक्षा इकाई भानु प्रकाश हर्बोला, वन क्षेत्राधिकरी बिजरानी नवीन चन्द्र पाण्डे, ढेला राजेन्द्र सिंह छिम्वाल, ईडीसी अध्यक्ष जगदीश छिम्वाल, नेचर गाइड जितेन्द्र सिंह नेगी, उप राजिक धर्मपाल सिंह नेगी, वन दरोगा, 14 दैनिक श्रमिक, 40 छात्र-छात्राएं व ग्रामीण मौजूद रहे।



सीटीआर के आसपास स्वच्छता अभियान चलाते। ● अमृत विचार

आज़ादी का अमृत महोत्सव
स्पर्श आउटरीच प्रोग्राम
उद्देश्य :-
1- पेंशनरों को स्पर्श के बारे में जागरूक करना।
2- पेंशनरों को स्पर्श के लिए उपलब्ध सेवाओं का हैंडहोल्डिंग एवं लाइव डेमो।
3- पेंशन भोगियों की समस्याओं की पहचान एवं ऑनस्पॉट त्वरित समाधान का प्रयास।
आयोजक स्थल
सैनिक विश्राम गृह, पिथौरागढ़ चुंगी, ककराली गेट टनकपुर, चम्पावत, उत्तराखण्ड
दिनांक : 27 सितम्बर 2024, समय : प्रातः 09:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक
सौजन्य से
रक्षा लेखा महा नियंत्रक, दिल्ली रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक, सीमा सड़क, दिल्ली
आयोजन कर्ता
लेखा कार्यालय (परियोजना) हीरक ग्रेफ कैम्पस, टनकपुर, चम्पावत, उत्तराखण्ड,
दूरभाष संख्या- 05943-265065
नोटः- स्पर्श सम्बन्धी समस्या निवारण हेतु पेंशन पेपर (पी.पी.ओ.) एवं स्पर्श में रजिस्टर्ड मोबाइल नं० साथ में लाना जरूरी है।

## सार-संक्षेप



चैंपियनशिप ट्रॉफी के साथ क्वींस स्कूल के विजेता छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

### क्वींस ने इंटर स्कूल शतरंज चैंपियनिशिप में बाजी मारी

**हल्द्वानी :** क्वींस सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्र-छात्राओं ने नैनीताल में आयोजित 11वीं इंटर स्कूल शतरंज चैंपियनशिप में बाजी मारी। प्रतियोगिता का आयोजन पर्वतीय सांस्कृतिक समिति और नैनीताल शतरंज एसोसिएशन ने किया। जिसमें प्रदेश के 35 प्रतिष्ठित विद्यालयों के प्रतिभागियों ने अपना कौशल दिखाया। क्वींस सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने प्रथम स्थान प्राप्त कर ट्रॉफी अपने नाम की। टीम इवेंट में हर्षित पंत, ध्रुवांश भट्ट, पुष्पेंद्र राज और वेदांत द्विवेदी ने स्वर्ण पदक जीते। व्यक्तिगत श्रेणियों में हर्षित पंत और ध्रुवांश भट्ट ने प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं पुष्पेंद्र राज, दिव्यांशी पोखरिया, खुशी कनौजिया और प्रियांशी बोरा ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। जबकि तानिया मनराल ने तीसरा और वेदांत द्विवेदी ने पांचवा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रबंधक आरपी सिंह, प्रबंधिका लिली सिंह, प्रशासनिक अधिकारी विक्रम सिंह कार्की, उप प्रशासनिक अधिकारी स्नेहा सिंह, प्रधानाचार्य डॉ. बीबी पांडे ने सभी प्रतिभागियों और शतरंज प्रशिक्षक ललित सिंह को शुभकामनाएं दीं।



नैब में बालिकाओं को जागरूक करते अधिकारी। ● अमृत विचार

### नैब की दृष्टिबाधित बालिकाओं को जागरूक किया

**हल्द्वानी :** महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग ने सोमवार को नेशनल एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड (नैब) गौलापार में राष्ट्रीय पोषण मिशन के तहत कार्यशाला आयोजित की। जिसमें दृष्टिबाधित बालिकाओं को मासिक धर्म, स्वच्छता और एनीमिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही बालिकाओं को सेनेटरी नैपकिन भी बांटे गये। स्वास्थ्य विभाग की ओर से एनीमिया शिविर लगाकर आईएफए दवा बांटी गई। कार्यशाला में बाल विकास परियोजना अधिकारी ग्रामीण शिल्पा जोशी, सुपरवाइजर चंद्रा मेहरा, वरुण कुमार, नैब के स्टाफ, स्वास्थ्य विभाग और प्रोबेशन विभाग के कर्मचारी शामिल रहे।



विद्यालय की समस्याओं पर चर्चा करते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### जूनियर हाईस्कूल नौल में चलाया सफाई अभियान

**भीमताल :** सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत भाजपा कार्यकर्ताओं ने नौकुचियाताल के राजकीय जूनियर हाईस्कूल नौल में सफाई अभियान चलाया। संयोजक राहुल जोशी की अध्यक्षता में कार्यकर्ताओं ने विद्यालय परिसर में पौधरोपण भी किया। सह संयोजक अखिलेश सेमवाल और मंजू जोशी ने बच्चों की समस्याएं भी सुनी। प्रधानाचार्य हरिओम सिंह चौहान ने बताया कि कंप्यूटर लैब के लिए एक प्रिंटर की आवश्यकता है, जिस पर राहुल जोशी ने प्रिंटर देने की घोषणा की। वहीं संकुल प्रभारी सुरेश चंद्र सुयाल ने पुस्तकालय के लिए अलमारी की आवश्यकता बताई। जिस पर अखिलेश सेमवाल ने अलमारी देने की घोषणा की। कार्तिक कर्नाटक ने सभी बच्चों को स्कूल बैग देने की घोषणा की। इस दौरान चंद्रशेखर गिरी, बिशन पोखरिया, शरद पांडे, सुनीता पांडे, गोपाल शाह, अंशुल जोशी, सतीश मौजूद रहे।

### समाजसेवियों ने कराया शवों का अंतिम संस्कार

**हल्द्वानी :** समाजसेवी हेमंत गोनिया, संतोष, अमित रस्तोगी, हरीश जोशी, वंश गोनिया ने मुक्तिधाम समिति व दिशा सामाजिक संगठन के सहयोग से टनकपुर रोड राजपुरा में लावारिश शवों का अंतिम संस्कार किया। इस दौरान एक मृतक के परिजन मौके पर मौजूद रहे। जिनकी आर्थिक स्थिति बेहद दयनीय थी। उनके पास एंबुलेंस के किराये तक के लिए पैसे नहीं थे। शवों का दाह संस्कार पूरे विधि-विधान से कराया गया।



स्पास्टिक सोसाइटी में बच्चों के लिये सामान दान करते शाइनिंग क्लब के सदस्य।

### क्लब ने बच्चों के लिए दिया स्टैंडिंग पंखा

**हल्द्वानी :** इनरव्हील शाइनिंग क्लब के सदस्यों ने सोमवार को पीलीकोठी स्थित सृजन स्पास्टिक सोसाइटी में बच्चों के लिये स्टैंडिंग पंखा, जूस और बॉटल बॉल दान किया। सोसाइटी की संचालक श्रद्धा कांडपाल और नंदन कांडपाल ने बताया कि बौद्धिक दिव्यांग बच्चों में अन्य बच्चों की अपेक्षा विकास बहुत धीरे होता है। उन्होंने सहायता के लिए शाइनिंग क्लब का आभार जताया। इस मौके पर क्लब की अध्यक्ष मीना रावत, सचिव जया जायसवाल, नीलम शर्मा, रेनू कार्की, रश्मि कांडपाल, निशा धोनी, मीनू पांडे, इन्दु आर्या आदि मौजूद रहीं।

# जल संस्थान पर फूटा गुस्सा, ईई को घेरा

## मुखानी के बसंत विहार और फतेहपुर के लोगों ने शिकायत दर्ज कराने के बाद भी समाधान नहीं करने का लगाया आरोप

संवाददाता, हल्द्वानी



जल संस्थान में पानी को लेकर प्रदर्शन करते फतेहपुर के ग्रामीण। ● अमृत विचार



पानी न आने पर ईई का घेराव करते बसंत विहार के लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** पेयजल किल्लत से जूझ रहे मुखानी क्षेत्र के बसंत विहार और पीपलपोखरा फतेहपुर के ग्रामीण सोमवार को जल संस्थान कार्यालय में आ धमके। उन्होंने विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए ईई आरएस लोशाली का घेराव किया और पानी मांगा। ग्रामीणों ने विभाग पर शिकायत करने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं करने का आरोप लगाया। उन्होंने जल्द पेयजल आपूर्ति सुचारु नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी।

शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों लोग पेयजल किल्लत से परेशान हैं। हालांकि जल संस्थान टैंकरों के माध्यम से पानी की आपूर्ति करा रहा है, लेकिन लोगों को पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिल पा रहा है। इसको लेकर लोगों में जल संस्थान के खिलाफ रोष पनप रहा है। सोमवार को जल संस्थान कार्यालय पहुंचे बसंत विहार और पीपलपोखरा फतेहपुर के ग्रामीणों ने कहा कि वह पिछले कई माह से पेयजल संकट का सामना कर रहे हैं। घर में लगे कनेक्शन में पानी नहीं आने से टैंकर पर निर्भरता बनी हुई है। विभाग को बिल देने के बाद भी पानी के लिए हजारों रुपये खर्च करने पड़ रहे हैं। कहा कि पेयजल समस्या के समाधान के लिए क्षेत्र में नया ट्यूबवेल बनाया जाना है। लोगों ने निशुल्क जमीन भी दी है। इसके बाद भी निर्माण शुरू नहीं होने से लोग पानी के लिए तरस रहे हैं। इस पर जल संस्थान के अधिशासी अभियंता (ईई) ने बताया कि पीपलपोखरा में जल निगम पेयजल का काम कर रहा है। ग्रामीणों को वहां शिकायत दर्ज करने को कहा गया है। बसंत विहार में पेयजल लाइनों की जांच के निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान निवर्तमान पार्षद नीमा भट्ट, हेम पांडे, कमला पंत, ललित पंत, सुरेश सनवाल, नीरज पंत, भीम सिंह कोरंगा, केदार सिंह बृजवाल, जानकी पांडे, पुष्कर, जानकी पांडे, मनोज पंत, मनोज बसेडा, मनोज तड़ागी मौजूद रहे।

### दो नलकूपों से अब भी नहीं टपकी पानी की बूंद

**हल्द्वानी :** शहर में दो नलकूपों की मरम्मत का कार्य पिछले पांच दिनों से चल रहा है। विभाग मरम्मत कार्य कर आपूर्ति कराने के प्रयास तो कर रहा है, लेकिन गर्मी और उमस बढ़ने के कारण सभी कोशिशें नाकाम हो रही हैं। सहायक अभियंता रविंद्र कुमार ने बताया कि उजालानगर के नलकूप की मरम्मत का कार्य लगभग पूरा हो गया है। मंगलवार सुबह से पानी की आपूर्ति सुचारु की जायेगी। कहा कि गौला नदी से 60 फीसदी ही पानी की आपूर्ति हो पा रही है। इस कारण पनचक्की से मुखानी तक मल्ली बमोरी और अन्य क्षेत्रों में पेयजल किल्लत हो रही है। वहीं पनियाली स्थित नलकूप की मरम्मत का कार्य जारी है।

### देवलचौड़ में पेयजल लाइनें क्षतिग्रस्त

**हल्द्वानी :** देवलचौड़ में सड़क चौड़ीकरण के चलते लोनिवि की ओर से क्षतिग्रस्त की गई पेयजल लाइनों को नहीं जोड़ा गया है। जिससे ट्रांसपोर्ट नगर नलकूप से जुड़े दर्जनों परिवारों को पेयजल किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। सोमवार को पानी नहीं मिलने से लोग परेशान रहे। जेई जयपाल सिंह ने बताया क्षतिग्रस्त पेयजल लाइनों को जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

### स्काउट्स को दी प्राथमिक उपचार की जानकारी

**भीमताल, अमृत विचार :** राइंका गुनियालेख धारी के स्काउट्स ने राजकीय संयुक्त चिकित्सालय पदमपुरी में एम्बुलेंस, फर्स्ट एड, सीपीआर का प्रशिक्षण प्राप्त किया। टीम प्रभारी और स्काउट्स मास्टर गौरी शंकर काण्डपाल के नेतृत्व में स्काउट दल को चिकित्सकों तथा तकनीकी विशेषज्ञों की टीम ने उपचार संबंधी विभिन्न जानकारियां तथा प्रशिक्षण दिया।

तकनीकी विशेषज्ञ तुलसी और पुनीत ने एंबुलेंस में प्रयुक्त होने वाले विभिन्न प्रकार के गैजेट्स, जीवन रक्षक दवाइयों एवं उपकरणों की जानकारी दी। कम्युनिटी हेल्थ ऑफीसर प्रियंका एवं अनिल पंत ने फर्स्ट एड एवं सीपीआर की जानकारी दी। उनके द्वारा बच्चों को डेमोंस्ट्रेशन भी करवाया गया। नर्सिंग ऑफिसर भरत ने बच्चों को आग से जलने, सर्पदंश व अन्य हादसों में फर्स्ट एड की जानकारी दी। इस अवसर पर डॉ. संजय जनोटी तथा स्काउट्स विंग से जुड़े हुए पंकज कुमार, हिमांशु शर्मा, सुमित कुमार, अर्जुन कुमार, भास्कर कुमार, कृष्णा, कौशिक पनेरु आदि रहे।

# न्याय पंचायतों में लगेंगे जनसुविधा कल्याण शिविर, रोस्टर हुआ जारी

- 27 सितंबर से 18 अक्टूबर तक आयोजित होंगे शिविर
- एसडीएम समन्वयक, नोडल अधिकारी भी किये नियुक्त

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** मुख्य विकास अधिकारी अशोक पांडे ने बताया कि जनता की समस्याओं के त्वरित निदान एवं वंचितों को विभिन्न सरकारी योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए रोस्टरवार जनपद की प्रत्येक न्याय पंचायत में जनसुविधा कल्याण शिविर लगाया जाएगा।

इन शिविरों के सफल संचालन के लिए एसडीएम को समन्वयक एवं बीडीओ को नोडल अधिकारी, सहायक समाज कल्याण अधिकारी, सहायक नोडल अधिकारी नामित किया है। जिले में ये शिविर 27 सितंबर से 18 अक्टूबर तक आयोजित किए जाएंगे।

#### न्याय पंचायतों में लगने वाले शिविरों का रोस्टर

| | |
|---|---|
| 27 सितंबर | देवलचौड़, सावल्दे, अमगढी, सिमलखा, खुर्पाताल, डालकन्या, सिरमौली |
| 30 सितंबर | सरना एवं सांगुडीगांव |
| 3 अक्टूबर | मज्यूली |
| 4 अक्टूबर | गुनीपुरजीवानन्द, चिल्किया, गिन्तीगांव, गरमपानी, थपलिया महरागांव, ओखलकांडा, रामगढ़ |
| 9 अक्टूबर | चौखुटा, कुवरपुंर, जोगीपुरा, कालाढूगी, घंघरेटी, कालाआगर रानीबाग तथा पाथरी |
| 14 अक्टूबर | हरिपुर बच्ची, छोई, बैलपडाव, बेतालघाट, ज्योलीकोट, प्यूडा तथा सुनकोट |
| 16 अक्टूबर | लाखनमंडी, डोला, रातीघाट, ओखलढूंगा, नथुवाखान, नाई |
| 18 अक्टूबर | स्यात, दाड़िमा, पिनरौ, सुयालबाडी व तुषराड़ |

### ब्लॉक प्रमुख ने श्रमिकों को बांटे टूल किट

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** ओखलकांडा ब्लॉक प्रमुख कमलेश कैड़ा ने ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए ब्लॉक के दूरस्थ क्षेत्र भीड़ापानी में उत्तराखंड भवन एवं सन्निर्माण कर्मकार बोर्ड में पंजीकृत 180 श्रमिकों को टूल किट सामग्री वितरित की।

इस दौरान पंजीकृत श्रमिकों के श्रम कार्ड का नवीनीकरण भी किया गया। ब्लॉक प्रमुख कैड़ा ने कहा कि मुख्यमंत्री धामी की सरकार में श्रमिकों के कल्याण के लिए कर्मकार बोर्ड एवं श्रम विभाग अनेक योजनाएं संचालित कर रहा है। जिसमें श्रमिकों के बच्चों के लिए छात्रवृत्ति, बालिकाओं के विवाह के लिए आर्थिक सहायता, श्रमिक की मृत्यु के बाद उसके आश्रितों को आर्थिक सहायता दी जाती है।

# डिंपल पांडे बने व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष

संवाददाता, हल्द्वानी



**अमृत विचार :** अखिल एकता उद्योग व्यापार मंडल ने शत्रुघन उर्फ डिंपल पांडे को नैनीताल का जिलाध्यक्ष बनाया है। प्रदेश अध्यक्ष विशाल शर्मा ने कुसुमखेड़ा स्थित एक निजी होटल में बैठक की। जिसमें कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए जीवन सिंह कार्की को प्रदेश संरक्षक, अनुज अग्रवाल को प्रदेश प्रवक्ता, डिंपल पांडे को जिलाध्यक्ष और परविंदर सिंह नागपाल को महानगर अध्यक्ष नियुक्त किया है।

पांडे ने कहा कि व्यापारियों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाना, खासकर सड़क चौड़ीकरण की जद में आ रहे व्यापारियों के पुनर्वास और मुआवजे को लेकर जोर शोर से आवाज बुलंद की जाएगी। जरूरत पड़ने पर सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया जाएगा। इस दौरान ज्योति अवस्थी, अमित चौहान, विनोद पाठक, दीपक जोशी, बालम जोशी, जाकिर सिद्दीकी, नुसरत वारसी, देवेंद्र रावत, शशि सिंह, चंपा त्रिपाठी, दीप्ति, मोनिका शर्मा, अंजलि तड़ागी, अवध बिहारी शर्मा, शानू, गणेश, जय जोशी, दीपा तिवारी, घनश्याम रूवाली मौजूद रहे।



यूओयू में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते कुलपति ओपीएस नेगी। ● अमृत विचार

# चेतना और संवेदना की जागृति है हिंदी : प्रो. नेगी

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय (यूओयू) में सोमवार को हिंदी पखवाड़े के तहत संगोष्ठी का आयोजन किया गया। एक दिवसीय संगोष्ठी का विषय हिंदी भाषा : चेतना और संवेदना था। जिसमें वक्ताओं ने अपने विचार रखे।

कार्यक्रम की शुरुआत हिंदी में हस्ताक्षर अभियान के साथ हुई। इस अवसर पर यूओयू के कुलपति प्रो. ओपीएस नेगी ने कहा कि हिंदी सर्वस्पर्श की भाषा है। यह भाषा चेतना एवं संवेदना की जागृति है। प्रो. दिनेश चमोला ने हिंदी साहित्य के विविध उदाहरण देकर हिंदी की स्थिति के बारे में बताया। निदेशक प्रो. रेनू प्रकाश ने कहा कि हिंदी दैनिक दिनचर्या के लिए आवश्यक है। हमें हिंदी को व्यावहारिक रूप में जानना होगा। सीएसडीएस नईदिल्ली से आये डॉ. मृत्युंजय ने कहा कि हिंदी चेतना की भाषा है। डॉ. रविकांत ने बताया कि भाषा संस्कृति का संचार है। डॉ. शशांक शुक्ल ने कहा कि चेतना का प्रभाव ही भाषा है। संवेदना को भाषा ही विस्तार देती है। व्याख्यान के बाद डॉ. कांता प्रसाद को प्रथम, डॉ. मेधा पंत को द्वितीय और दीप्ति कमल को तृतीय पुरस्कार दिया गया। इस दौरान डॉ. राजेंद्र कैड़ा, डॉ. गोपाल दत्त भट्ट, राजेंद्र सिंह क्वीरा, डॉ. नंदन कुमार तिवारी, डॉ. प्रमोद जोशी, डॉ. प्रभाकर पुरोहित, डॉ. सुधीर नौटियाल मौजूद रहे।

### एमबीपीजी में छात्रसंघ चुनाव को लेकर प्रचार जोरों पर

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** एमबीपीजी कॉलेज में छात्रसंघ चुनाव को लेकर इन दिनों जोरशोर से प्रचार चल रहा है। एबीवीपी और एनएसयूआई के संभावित प्रत्याशियों सहित निर्दलीय प्रत्याशी कॉलेज में प्रचार कर छात्र-छात्राओं को अपनी ओर रिझाने में लगे हुए हैं। सोमवार को कॉलेज में कई संभावित प्रत्याशियों ने प्रचार किया। प्रत्याशी छात्रों को अपने-अपने संगठन के पंपलेट बांटकर और अपने चुनावी एजेंडे से लुभाते हुए वोट देने की अपील कर रहे हैं। चुनाव प्रचार के कारण कॉलेज परिसर में हर तरफ प्रचार सामग्री बिखरी पड़ी है। कॉलेज प्रशासन ने पूर्व में आदेश जारी कर परिसर में कहीं भी पोस्टर चस्पा करने से मना किया था, इसके बावजूद कॉलेज में कई जगह प्रचार सामग्री चस्पा की गई है। कॉलेज में अलग-अलग गुटों के बीच कई बार हंगामा और हाथापाई तक की नौबत हो जाती है। जिसके बाद कॉलेज प्रशासन और पुलिस के सहयोग से मामला शांत होता है। इधर, कॉलेज प्रशासन के अनुसार अगले माह छात्रसंघ चुनाव हो सकते हैं, लेकिन अभी कोई तिथि निर्धारित नहीं की गई है। शीघ्र ही चुनावों का शेड्यूल जारी किया जा सकता है।



एमबीपीजी कॉलेज में प्रचार करते संभावित प्रत्याशी।




# चौड़ीकरण से प्रभावित व्यापारी खुद तोड़ रहे दुकान

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** मंगलपड़ाव से रोडवेज बस स्टेशन तक सड़क का चौड़ीकरण होना है। इसके लिए सड़क के दोनों ओर 12-12 मीटर हिस्से को तोड़ा जाना है। इसके विरोध में व्यापारियों ने उच्च न्यायालय की शरण ली है। जिसकी सुनवाई 14 अक्टूबर को है, लेकिन इससे पहले ही कुछ व्यापारियों ने अपनी दुकानों को तोड़ना शुरू कर दिया है।



सिंधी चौराहे के पास एक दुकानदार द्वारा तोड़ गया दुकान का हिस्सा। ● अमृत विचार

सिंधी चौराहे के समीप लगभग 50 सालों से भसीन स्टोर नाम से दुकान है। दुकान के स्वामी सवनीत सिंह ने बताया कि चौड़ीकरण में उनकी दुकान का आधे से कम हिस्सा टूट रहा है, जिससे उन्हें भी आर्थिक नुकसान हो रहा है। शहर की यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए चौड़ीकरण बहुत जरूरी है। इसलिए उन्होंने चौड़ीकरण के लिए प्रशासन को सहयोग करते हुए दुकान के प्रभावित हिस्से को स्वयं तोड़ना शुरू कर दिया है। सवनीत ने बताया कि सड़क से करीब 12 मीटर तक निशान लगाया गया है। निशान के आधार पर वह दुकान तोड़ रहे हैं, इसके बाद नया निर्माण करेंगे। वहीं मंगलपड़ाव में ही सड़क के दूसरी तरफ करामत हुसैन एंड संस के नाम से अंडों की होलसेल की दुकान है। दुकान के स्वामी मोहम्मद अनीस ने बताया कि उनकी दुकान का भी लगभग आधा हिस्सा चौड़ीकरण की जद में आ रहा है। वह भी दुकान के चिन्हित हिस्से तक स्वयं तोड़ रहे हैं। उन्होंने सामान हटाकर तोड़ना शुरू कर दिया है। कहा कि चौड़ीकरण सहित सभी तरह के विकास कार्य होने चाहिए, लेकिन किसी की आजीविका भी प्रभावित न हो, प्रशासन को इसका भी ध्यान रखना चाहिए।

### अस्थायी पार्किंग का लाभ उठा रहे लोग

**हल्द्वानी :** सिंधी चौराहे से आगे अस्थायी दुकानों को तोड़कर पार्किंग बनाई गई है। वर्तमान में लोग इस पार्किंग का लाभ उठा रहे हैं। पार्किंग बनने से शहर के लोगों के साथ ही पर्वतीय क्षेत्रों से आने-जाने वाले टैक्सी चालकों को भी काफी राहत मिली है। पूर्व में पार्किंग स्थल नहीं होने के कारण गाड़ियां सड़क किनारे आड़े-तिरछे खड़ी कर दी जाती थीं, जिससे जाम लग जाता था।

## सार-संक्षेप



हंस विहार में सदस्यता अभियान के दौरान बैठक करते भाजपा कार्यकर्ता।

### भाजपाइयों ने हंस विहार में चलाया सदस्यता अभियान

**रुद्रपुर :** देश भर में भाजपा के सदस्यता अभियान के तहत भाजपा के आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक भारत भूषण चुघ ने हंस विहार भूरारानी में सदस्यता अभियान चलाया। इस दौरान कई लोगों को भाजपा की रीति–नीति से जानकारी देते हुए पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई। सोमवार को कार्यक्रम के दौरान भाजपा के आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक चुघ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा पूरी दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बन चुकी है। भाजपा के देशभर में करोड़ों सदस्य हैं। इस अवसर पर पूर्व बीडीसी मेंबर पारस चुघ, पूर्व पार्षद बबलू सागर, राखी शर्मा, रमेश चंद्र ओली, हरीश बाबू, विनोद बोहरा, दीवान राम, सुरेंद्र कपूर, मोहन सिंह, बहादुर सिंह, राकेश शर्मा, प्रेम सिंह, मनोज पंत, राम सिंह कुंवर, अवतार सिंह, अरविंद पाल चंद्र, शेखर पंत, भीम सिंह, होशियार सिंह, चंदन सिंह नयाल, रंजीत सिंह, ललित बोरा, देवेंद्र सिंह बोरा, देवन सिंह करोला, कैलाश जोशी मौजूद रहे।



किसान को भूमिधरी के पट्टे देते कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा।

### राजनगर व निर्मल नगर के बीच बनेगा झूला पुल

**शक्तिफार्म :** कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने सिडकुल जाने के लिए राजनगर व निर्मल नगर के बीच बैगुल नदी पर झूला पुल बनाने की घोषणा की है। उन्होंने क्षेत्र के किसानों को भूमिधरी के पट्टे बांटे। कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा रविवार देर शाम टैगोर नगर में फुटबॉल प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा बैगुल नदी में झूला पुल स्वीकृत हो चुकी है। निर्मल नगर व राज नगर के बीच बैगुल नदी मे इस पुल के निर्माण के बाद सिडकुल में काम करने वाले ग्राम राजनगर, निर्मल नगर, अरविंद नगर सहित इस क्षेत्र के कई गांव के लोगों को सिडकुल जाने में आसानी होगी। कैबिनेट मंत्री ने क्षेत्र के सतीश सरकार निवासी बैकुंठपुर, प्रदीप दास, ननी मजुमदार निवासी टैगोर नगर, सुशांत मंडल, प्रशांत मंडल, गुरदास मंडल, कृष्ण पद मंडल, मनोरंजन मंडल निवासी गोविंद नगर, पंचाराम, अजीत, मधुसूदन ,लखन निवासी निर्मल नगर को भूमिधारी के पट्टे वितरित किए। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, भाजपा मंडल अध्यक्ष विष्णुपद प्रमाणिक, देबू मंडल, रवि मजूमदार आदि मौजूद थे।



शिविर में आयुष्मान कार्ड बनाते सेवा पखवाड़ा के पदाधिकारी।

### सिंह कॉलोनी में आयोजित हुआ आयुष्मान हेल्थ शिविर

**रुद्रपुर :** सेवा पखवाड़ा के तहत सिंह कॉलोनी स्थित महादेव मंदिर प्रांगण में आयुष्मान हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न आयु वर्ग के मरीजों का परीक्षण किया गया। साथ ही नये आयुष्मान कार्ड बनाये गये और पुराने आयुष्मान कार्डों नवीनीकरण किया गया। शिविर का उद्घाटन निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह और भाजपा किसान मोर्चे के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अनिल चौहान ने संयुक्त रूप से किया। सोमवार को कार्यक्रम के दौरान निवर्तमान मेयर ने कहा हमारी डबल इंजन की सरकार गरीबों की सेवा के प्रति पूरी तरह समर्पित है। इस अवसर पर अभिषेक सक्सेना, सेवा पखवाड़ा के जिला संयोजक राकेश सिंह, निवर्तमान पार्षद सुशील चौहान, दुर्गा शरण वाजपेयी, अनिल रावत, सुनील कुमार, अजय चौहान, सतेंदर शर्मा, राम अवतार आदि उपस्थित रहे।

बैठक में डीएम बोले- 30 सितंबर तक हर हाल में हो राइस मिलरों का पंजीकरण, इस बार बनाए गए हैं 214 क्रय केंद्र

# 28 तक करें धान क्रय केंद्रों का भौतिक सत्यापन

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने कहा कि धान की खरीद एक अक्टूबर से शुरू होगी। इसलिए, उपजिलाधिकारी 28 सितंबर तक धान क्रय केंद्रों का भौतिक सत्यापन करने के निर्देश दिए। इसके अलावा 30 सितंबर तक राइस मिलरों का पंजीकरण करें। उन्होंने बताया कि इस बार जनपद में 214 धान क्रय केंद्र बनाए गये हैं। इसमें यूसीएफ के 174, खाद्य विभाग के 25 व एनसीसीएफ के 15 धान क्रय केंद्र आवंटित किये गये हैं।

सोमवार को जिलाधिकारी ने यह निर्देश धान खरीद की तैयारियों को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा के दौरान दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को धान खरीद के लिए सभी तैयारियां समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही पर संबंधित के विरूद्ध सख्त कार्रवाई अमल में लायी जाएगी। उन्होंने कहा कि 30 सितंबर से पूर्व सभी राइस मिलर्स संभागीय खाद्य नियंत्रक कार्यालय में पंजीकरण करा लें। ताकि एक अक्टूबर से धान खरीद का कार्य संपादित हो सके। उन्होंने राइस मिलर्स एसोसिएशन ने अपनी समस्याओं से संबंधित ज्ञापन दिया। जिस पर जिलाधिकारी ने समस्याओं को यथाशीघ्र निस्तारण किये जाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, आरएफसी कुमाऊं बीएस फिरमाल, निदेशक मंडी आरडी पालीवाल, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, उप निदेशक मंडी निर्मला बिष्ट, उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट, कौस्तुभ मिश्र, सहायक निबंधक सहकारी समितियां सुमन कुमार, अध्यक्ष राइस मिलर्स एसोसिएशन नरेश कंसल सहित संबंधित अधिकारी व राइस मिलर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी मौजूद थे।



अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम उदयराज सिंह। ● अमृत विचार

## इंटक के मुस्तफा अली बने अध्यक्ष

**खटीमा:** लोहियाहेड जल विद्युत उत्पादन मंडल की हाइड्रो इलेक्ट्रिक यूनियन इंटक की बैठक में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक में निर्वाचित चुनाव अधिकारी लक्ष्मण सिंह की देखरेख में मंडलीय कमेटी के लिए जमुना दत्त पांडे को कमेटी का संरक्षक बनाया गया। वहीं सैयद मुस्तफा अली को अध्यक्ष, मुकेश गैड़ा को उपाध्यक्ष, प्रकाश ढिमली को सचिव, काशी को उपसचिव, दीपक प्रसाद को प्रचारमंत्री, देवेंद्र सिंह रुमाल को कोषाध्यक्ष तथा किशन सिंह धामी को मीडिया प्रभारी बनाया गया। बाद में कार्यकारिणी की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर गहन मंत्रणा की गई। इस अवसर पर रमेश कुमार, राम स्वरूप, रामचंद, राम बहादुर, बजीर अंसारी, तारा दत्त, पंकज गुप्ता, पुराण सिंह परगाई, मोहित भट्ट आदि मौजूद थे।

# श्रमिकों ने चार श्रम कोड के विरोध में मनाया काला दिवस

गांधी पार्क में श्रमिक यूनियनों ने किया धरना प्रदर्शन

श्रमिकों ने रोजगार में ठेकाकरण प्रथा समाप्त करने की उठाई मांग, विभिन्न दल रहे मौजूद

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** चार मजदूर विरोधी श्रम संहिताओं को निरस्त करने, सार्वजनिक क्षेत्र का निजीकरण समाप्त करने, रोजगार में ठेकाकरण प्रथा समाप्त करने, भर्ती पर प्रतिबंध की नीति को रद्द करने की मांग को लेकर श्रमिक संयुक्त मोर्चा ने राष्ट्रव्यापी काला दिवस के समर्थन में धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान ऐक्टू, मासा ट्रेड यूनियन महासंघ से जुड़ी विभिन्न यूनियनों और भाकपा माले क्रांतिकारी लोक अधिकार संगठन, सीपीआई के पदाधिकारी मौजूद रहे।

सोमवार को केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर मोर्चा से जुड़े श्रमिक यूनियनों के पदाधिकारी गांधी पार्क में पहुंचे। इस दौरान मजदूर सहयोग केंद्र के अध्यक्ष मुकुल ने कहा कि चार लेबर कोड कानून मजदूरों के अधिकारों को छीन रहे हैं।

एक्टू के प्रदेश महामंत्री केके बोरा ने कहा कि मोदी सरकार द्वारा थोपी गई चारों श्रम संहिताओं का उद्देश्य श्रमिकों को फिर से कंपनियों की गुलामी की स्थितियों को संस्थागत बनाना है। सभा का संचालन ललित मटियाली ने किया। इस अवसर पर सुरेंद्र रावत, शिवदेव सिंह, राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, रविंद्र पाल, दिनेश चंद्र, दीपक कांडपाल, हीरा राठौर, ललित कुमार, महेंद्र राणा, अनिता अन्ना, कंचन, हरीश चंद्र मौजूद थे।



धरना प्रदर्शन को संबोधित करते एक्टू के प्रदेश महामंत्री केके बोरा। ● अमृत विचार

# प्रेमा विश्वास ने अभावों में भी दिखाई अपनी प्रतिभा

संवाददाता पंतनगर

**अमृत विचार:** अंतरराष्ट्रीय हाइड्रोप्लस पैरा बैडमिंटन-2024 प्रतियोगिता का आयोजन इंडोनेशिया में 17 से 22 सितंबर को किया गया। जिसमें दिनेशपुर की पैरा खिलाड़ी प्रेमा विश्वास ने कांस्य पदक हासिल कर देश का नाम रोशन किया है। प्रेमा ने वर्ष 2023 में भी इंटरनेशनल इंडोनेशिया में कांस्य पदक प्राप्त किया था।

इंडोनेशिया से प्रेमा ने फोन पर बताया कि इंडोनेशिया स्थित शुराकर्ता के सोलो सिटी में आयोजित वूमेन सिंगल के डब्ल्यूएच-1 कैटेगिरी में प्रतिभाग कर उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की खिलाड़ी मैक्स मैक्सनिस को 21-8, 21-17 से हराकर कांस्य पदक अपने नाम कर लिया है। यह टूर्नामेंट एशियन गेम्स में चयन रैंकिंग के लिए था, जिसमें अंतरराष्ट्रीय स्तर के लगभग सारे खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया था। उनके लिए यह एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। एक समय तो ऐसा लग रहा था, कि वह यहां पर टूर्नामेंट खेल ही नहीं पाएंगी। क्योंकि सरकार उनकी कोई मदद नहीं कर रही थी और न ही उनके पास कोई स्पांसर ही था। अंतिम क्षणों में अमेरिका में रहने वाले सुबन भगवतुला और उनकी पत्नी सौम्या ने उनकी आर्थिक मदद की और वह यह टूर्नामेंट खेल पाईं।



इंडोनेशिया में जीते कांस्य पदक और तिरंगे के साथ प्रेमा विश्वास।

▸▸ सिस्टम की उदासीनता के बीच अमेरिकी दंपति की आर्थिक मदद से पहुंचीं इंडोनेशिया



रुद्रपुर जिला कलेक्ट्रेट में डीएम उदयराज सिंह को मांगपत्र सौंपते खाम लीज धारक।

### खाम लीज नवीनीकरण को सरल बनाएं

**बाजपुर:** खाम लीज नवीनीकरण को सरल बनाए जाने को लेकर सोमवार को रुद्रपुर कलेक्ट्रेट में भाजपा नेता गौरव शर्मा के नेतृत्व में बाजपुर के खाम लीज धारकों ने जिलाधिकारी उदयराज सिंह से भेंटवार्ता कर मांगपत्र सौंपा।

बताया गया कि इस मामले में 60 वर्षों से प्रयासरत आवासीय/व्यवसायिक खाम लीज धारकों ने पूर्व में आने वाली बड़ी समस्याओं के निराकरण करने एवं नवीनीकरण की 10 वर्ष की समयावधि को बढ़ाकर 30 वर्ष के लिए करने का अनुरोध किया। इस पर डीएम ने सभी को 30 वर्ष समयावधि बढ़ाए जाने का भरोसा दिलाया है। इसके अलावा परिवारिक विरासतन में भी सहयोग मिलेगा तथा जिनकी लीज 30 वर्ष से अधिक समयावधि हो गई है उन्हें 2 टर्म का के रूप में राहत मिल सकेगी। डीएम ने लीज धारकों को हर प्रकार से आधिकारिक सहयोग देने की बात कही है। इस मौके पर संदीप गुप्ता, सत्यप्रकाश ग्रोवर, नीरज ग्रोवर, राजेश गुप्ता, बलवंत उप्पल, संजीव चौहान, समीर अहमद, प्रतीक ग्रोवर, अशोक गोयल, सूरज, अमन जिंदल, तुषार अरोरा, महेश जिंदल, गौरव बंसल, वसीम, रोशन, राजीव आदि मौजूद रहे।

### रात में स्टाफ नर्स की ड्यूटी लगाने की मांग

**शांतिपुरी, अमृत विचार :** करीब 10 हजार आबादी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शांतिपुरी पर निर्भर है। रात के समय डॉक्टर व स्टाफ नर्स नहीं होने से चोटिल लोगों और गर्भवती महिलाओं को डिलीवरी के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किच्छा या फिर जिला अस्पताल रुद्रपुर जाना पड़ता है। शांतिपुरी नंबर-दो की प्रधान चंद्रकला कोरंगा ने सीएमओ को पत्र लिखकर पीएचसी में 24 घंटे स्थाई नर्स नियुक्त करने की मांग की है।

चंद्रकला ने पत्र में बताया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शांतिपुरी में वर्तमान में काफी समय से स्थायी स्टाफ नर्स की नियुक्ति नहीं हुई है। जिस कारण गभवती महिलाओं को डिलीवरी आदि के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है। रात के समय इन्हें काफी परेशानी उठानी पड़ती है। इस बीच एक डिलीवरी के चलते एक आशा कार्यकर्ती की भी रात में दुर्घटना हुई है। विभाग की ओर से वर्तमान में यहां पर एक स्टाफ नर्स नियुक्त हैं, मगर उन्हें डिलीवरी कराने का अनुभव कम है।

# ठेकेदार संघ ने किया प्रदर्शन

**मुखर**

▸▸ मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा

▸▸ मांग पूरी नहीं होने पर दी आंदोलन की चेतावनी

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** 11 सूत्रीय मांगों को लेकर देवभूमि उत्तराखंड ठेकेदार संघ ने डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन किया और सीएम को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा। उन्होंने आगाह किया कि यदि उनकी मांगों पर गौर नहीं किया तो आंदोलन किया जाएगा।

सोमवार को संघ के नगर अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश मसीला और महामंत्री राकेश छाबड़ा सहित कई ठेकेदार डीएम कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने प्रदर्शन करने के बाद डीएम को ज्ञापन सौंपा। ठेकेदारों ने छोटी-छोटी निविदाएं के साथ किए जाने, पांच करोड़ के कार्य सिंगल विंडो व 10 करोड़ के कार्य प्रदेश के निवासियों को देने, वर्ष 2021 से 2022 तक के लंबित राशि का भुगतान करने आदि मांग की। इस मौके पर केशव पनेरू, ललित कांडपाल, अभय सिंह, मनोज अग्रवाल, रमेश अरोड़ा, मुकेश वशिष्ठ, सुरेश जैन, कमल बाबू आदि मौजूद रहे।



डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन करते ठेकेदार। ● अमृत विचार

### क्षतिग्रस्त सड़क से परेशान भाजपा नेता ने कैबिनेट मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**सितारगंज, अमृत विचार :** उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश की सीमा पर निर्मित बिज्टी स्टेट हाईवे के क्षतिग्रस्त मार्ग के निर्माण के लिए ग्रामीण भाजपा नेता ने कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा को ज्ञापन सौंपा। भाजपा ओबीसी मोर्चा नानकमत्ता के मंडल अध्यक्ष हरजिंदर सिंह खालसा ने कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा को दिए ज्ञापन में कहा कि बिज्टी स्टेट हाईवे की 60 मीटर सड़क पानी के बहाव में बह गई। इससे उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के लोगों का संपर्क कट गया है। क्षतिग्रस्त मार्ग उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश की सीमा पर स्थित होने के कारण दोनों राज्यों के अधिकारी पल्ला झाड़ रहे हैं। जबकि क्षतिग्रस्त वाले मार्ग का निर्माण उत्तराखंड लोक निर्माण विभाग के अधीन वर्ष 1976 से है। उन्होंने जनहित में सड़क निर्माण जल्द से जल्द करने की मांग की है। इस मौके पर मनजीत सिंह, गुरजिंदर सिंह, बलजीत सिंह, गुलाम मोहम्मद, भगवानदास आदि मौजूद थे।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
05946-292618, 8954474523

**सूचना**

मेरी रजिस्ट्री सख्या. 292/2002 (389) के मूल दस्तावेज वास्तव में कहीं गुम हो गये है। जिसका खसरा संख्या 141, गाटा संख्या 368 मि. रकबा पूरब से पश्चिम लम्बाई 41 फुट, उत्तर से दक्षिण चौड़ाई 25 फुट कुल 1025 वर्ग फिट है। – **मोहम्मद अली अंसारी पुत्र श्री लाल मोहम्मद, वार्ड नंबर 5, गदरपुर जिला उधम सिंह नगर (उत्तराखंड)।**

# एक अक्टूबर से खुलेगा तराई का फाटो जोन

संवाददता, काशीपुर

**अमृत विचार:** तराई पश्चिमी वन प्रभाग के फाटो जोन को पर्यटकों के लिए एक अक्टूबर से खोला जाएगा। इसके लिए वन विभाग ने जोन के क्षतिग्रस्त रास्तों के निर्माण का कार्य पूरा कर लिया है। वहीं विभाग के अधिकारियों ने जोन को एक अक्टूबर से खोलने की तैयारी पूरी कर ली है।

जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क से सटा तराई पश्चिमी वन प्रभाग का फाटो जोन डे विजिट सफारी के मामले में पर्यटकों की पहली पसंद है। मानसून सीजन के दौरान जोन में कई छोटे बड़े बरसाती नाले उफान पर रहते हैं। वन विभाग के अधिकारियों ने पर्यटकों की सुरक्षा को देखते हुए जुलाई माह में जोन को पर्यटकों के लिए बंद कर दिया था। वहीं मानसून सीजन खत्म होने के बाद अधिकारियों ने जोन को एक अक्टूबर से पर्यटकों के लिए खोलने का निर्णय लिया है। इसके लिए वन विभाग ने अपनी तैयारियां पूरी कर ली हैं।

**फाटो के साथ हाथी डंगर जोन का भी होगा शुभारंभ**

तराई पश्चिमी वन प्रभाग की जसपुर रेंज स्थित हाथी डगर जोन को भी फाटो जोन जोन की तरह ही मानसून सीजन के चलते पर्यटकों के लिए बंद कर दिया था। अब मानसून सीजन खत्म होने के साथ ही वन विभाग ने फाटो के साथ ही हाथीडगर जोन का शुभारंभ करने का निर्णय लिया है।

> मानसून सीजन में फाटो व हाथीडगर जोन के क्षतिग्रस्त रास्तों का बना दिया गया है। एक अक्टूबर से दोनों जोन को पर्यटकों के लिए खोलने की तैयारी शुरू कर दी है। – **पीसी आर्या,** डीएफओ, तराई पश्चिमी वनप्रभाग।

**एक अक्टूबर से ऑनलाइन प्रक्रिया के साथ शुरू हो सकता है फाटो जोन**

तराई पश्चिमी वन प्रभाग के कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार, फाटो जोन अब तक ऑफलाइन प्रक्रिया के अंतर्गत संचालित किया जा रहा था। जोन की बुकिंग ऑनलाइन तरीके से शुरू करने की तैयारी विभाग द्वारा की जा रही है। फिलहाल फाटो की ऑनलाइन वेबसाइट के ऑडिट का कार्य किया जा रहा है। ऑडिट कार्य समय से पूरा हुआ तो वन विभाग जोन का शुभारंभ ऑनलाइन बुकिंग के साथ करेगा।

# गौला की भेंट चढ़े खेतों का किया सर्वे

संवाददता, शांतिपुरी

**अमृत विचार:** शांतिपुरी नंबर-चार शिवनगर में पिछले दिनों तीन दिन तक लगातार हुई बारिश की वजह से भू कटाव होने पर 32 बीघा गन्ने की खड़ी फसल गौला नदी में समा गई थीं। पूर्व दर्जामंत्री डॉ. गणेश उपाध्याय ने एसडीएम किच्छा कौस्तुभ मिश्रा से मिलकर मामले से अवगत कराया था। भू कटाव से हुए नुकसान का जायजा लेने के लिए सोमवार को एसडीएम ने स्थलीय निरीक्षण किया।

सोमवार को शांतिपुरी नंबर-चार के शिवनगर पहुंचे एसडीएम किच्छा कौस्तुभ मिश्रा, कानून गो गोपाल राम, पटवारी दीवान, सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता पंचदेव और अवर अभियंता रईस अहमद ने स्थलीय निरीक्षण किया। एसडीएम ने सिंचाई विभाग के अभियंता को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को आश्वस्त किया कि वह यथाशीघ्र उन लोगों को ड्रोन देंगे, वह लोग शांतिपुरी नंबर-चार से पुलभट्टा तक पूरा सर्वे कर ले और इस कटाव को रोकने के लिए ठोकर और बस्ती की तरफ आ रही गोला, जो पूर्व की भांति जहां से बहती थी, उसका डायवर्जन करने के लिए डीएम से मुलाकात करेंगे। इस दौरान पूर्व प्रधान घनानंद तिवारी, दीपा जोशी, महिपाल सिंह बोरा, आनंद टम्टा, देव टम्टा, मालती देवी, कंचन देवी, गीत देवी, लीला देवी, रमेश आर्य, हरीश राम, सुरेंद्र पाल, अनीता देवी, भावना देवी, बंटी आर्य, सुरेंद्र पाल, श्याम बिष्ट, विक्की मेहरा व कैलाश जोशी सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।



गौला नदी के भू कटाव में समाए खेतों का निरीक्षण करते एसडीएम कौस्तुभ मिश्रा।

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता**
**प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि. नैनीताल**
Phone/Fax 05942-235572/233549 E Mail:- eepdpwdntl@gmail.com

पत्रांक : 3185/17mg — **अल्पकालीन ई-निविदा सूचना (e-Tendering)** — दिनांक : 23-09-2024

महामहिम राज्यपाल उत्तराखण्ड की ओर से अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो०नि०वि० नैनीताल द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु e-tender single bidding के अनुसार ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती हैं। निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना http :// www.uktenders.gov.in पर दिनांक 26.09.2024 से उपलब्ध होगी।

| क्र० सं० | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि (लाख रू० में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू० में) | निविदा की वैधता | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदार की पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | एस०डी०आर०एफ० के अन्तर्गत विधायक निधि से निर्मित क्षतिग्रस्त मेवाड़ी गाजा मार्ग का पुनः निर्माण कार्य। (स्वीकृति की प्रत्याशा में) | 2.00 | 4000.00 + 18% GST | 120 दिन | 06 माह | मार्ग कार्य में पंजीकृत श्रेणी "सी" एवं उच्चतर |

**अधिशासी अभियन्ता**
**प्रा.ख., लो.नि.वि., नैनीताल**

## सार-संक्षेप



बाजपुर में शिकायत लेकर पहुंचीं महिलाएं। ● अमृत विचार

### महिलाओं से अभद्रता करने वाले युवक की शिकायत

**बाजपुर :** गांव के ही एक युवक पर आए दिन महिलाओं के साथ गाली-गलौज व अभद्रता करने का आरोप लगा कोतवाली पहुंची महिलाओं ने सामूहिक रूप से लिखित शिकायत पुलिस से की है। ग्रामसभा बन्नाखेड़ा की महिलाओं ने सोमवार को तहरीर देकर पुलिस को बताया कि गांव का ही एक युवक आए दिन महिलाओं के साथ बदसलूकी करता रहता है। विरोध करने पर स्वयं को कानून का ज्ञाता होने की बात कह धमकियां देता है। इस मौके पर कमला देवी, राजवती, मुन्नी, दीक्षा, बीना दिवाकर, कांति देवी, भूरी, मधु, सोनम, सरोज, ऊमा, गीता, कृपा, पिंकी आदि शामिल रही।

### शहर से फिर दो बाइकें चोरी

**रुद्रपुर :** चोरों ने फिर दो बाइकों को चुराकर पुलिस को खुली चुनौती दी है। आहूजा कॉलोनी निवासी गुरबाज सिंह ने बताया कि 31 अगस्त की शाम आठ बजे उसने अपनी बाइक को घर के बाहर लॉक करके खड़ी कर दी थी। एक सितंबर की सुबह छह बजे देखा तो बाइक चोरी हो चुकी थी। इसके अलावा प्रीत विहार कॉलोनी निवासी चंद्रपाल सैनी ने बताया कि 16 सितंबर की शाम साढ़े सात बजे वह अपनी को लेकर गाबा चौक किसी काम से गया था और बाइक को दुकान के बाहर लॉक करके खड़ी की थी। थोड़ी देर बाद लौटा तो बाइक गायब थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

### कबाड़ी को फ़ायर ब्रिगेड कर्मी ने बेरहमी से पीटा

**खटीमा :** खेतलखंडा खाम निवासी ज्ञान प्रकाश सोमवार दोपहर के समय ब्लॉक परिसर में कबाड़ बीन रहा था। इस दौरान फायर ब्रिगेड में तैनात संविदा कर्मी ने महिला कांस्टेबल से डंडा छीनकर उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और संविदा कर्मी मौके से फरार हो गया। जमौर के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शमीम अख्तर, सामाजिक कार्यकर्ता विजय शंकर यादव ने घायल को नागरिक चिकित्सालय में भर्ती कराया जहां उसका उपचार चल रहा है। घटना की पुलिस को तहरीर नहीं दी गई है।



बाजपुर में आप में शामिल हुए लोगों का स्वागत करते इंद्रजीत सिंह बंटी।

### बाजपुर में कई लोगों ने थामा आप का दामन

**बाजपुर :** आम आदमी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष इंद्रजीत सिंह बंटी की अगुवाई में पार्टी में शामिल करने के लिए सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। सोमवार को वार्ड-सात में कई लोगों ने आप को अपना समर्थन देते हुए पार्टी का दामन थाम लिया और आने वाले नगरपालिका चुनाव में आप प्रत्याशी को विजय दिलाने का संकल्प लिया। इस दौरान उन्हें पार्टी की नीतियों से भी उन्हें अवगत कराया। इस मौके पर उमेश त्यागी, रामवृक्ष महतो, संजय दुबे, निहार सिंह, बिजेंद्र सिंह, राजेश मिश्रा, दिनेश जोशी, शाहिद, रमेश कुमार आदि मौजूद रहे।

### तेंदुओं के आतंक से किसानों में दहशत

**काशीपुर :** नगर से सटी आबादी में तेंदुओं की आवाजाही से लोग दहशत में हैं। द्रोणा सागर, धनौरी पट्टी व मानपुर क्षेत्र के बाद अब एक साथ चार तेंदुए बेगमाबाद में देखे गए हैं। ऊधमसिंह नगर डिस्टिक कोऑपरेटिव बैंक के पूर्व वाइस चेयरमैन रवनीत सिंह ग्रेवाल ने सोमवार को वन विभाग के अधिकारियों को सूचना दी कि दभौरा मुस्तकहम स्थित बेगमाबाद क्षेत्र में चार तेंदुए एक साथ किसानों के खेतों में घूमते देखे जा रहे हैं। एक तेंदुआ तो किसान के घर की बाउंड्री पर चढ़ गया। ग्रामीणों ने शोर मचाने पर वह खेतों की ओर भाग गया। तेंदुओं की लगातार सक्रियता से किसान भयभीत है और डर के कारण अपने खेतों में भी नहीं जा पा रहे हैं। जिससे उनकी फसलों का काम नहीं हो पा रहा। ग्रेवाल ने बताया कि तेदुओं की सक्रियता को लेकर वह कई बार वन विभाग के अधिकारियों को फोन कर सूचित कर चुके हैं। लेकिन वन विभाग के अधिकारियों ने अभी तक इसकी कोई सुध नहीं ली है।



दभौरा मुस्तकहम में एक दीवार बैठा तेंदुआ।

### प्रसाद में मिलावट करने वालों पर कार्रवाई की मांग

**काशीपुर :** आंध्र प्रदेश के विश्व प्रसिद्ध श्री तिरुपति बालाजी मंदिर के प्रसाद में मिलावट करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की मांग को लेकर धर्मयात्रा महासंघ ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है। सोमवार को एसडीएम के माध्यम से राष्ट्रपति को भेजे ज्ञापन में धर्मयात्रा महासंघ के पदाधिकारियों ने कहा कि सनातन धर्म के लोग आंध्र प्रदेश के विश्व प्रसिद्ध श्री तिरुपति बालाजी मंदिर जहां भगवान वेंकटेश्वर के दर्शन प्राप्त कर भाग्यशाली मानते हैं। प्रसाद में गाय के देशी घी के स्थान पर पशुओं की चर्बी व मछली के तेल के प्रयोग की पुष्टि हुई है जिससे सनातनी हिंदुओं की धार्मिक भावनाएं, आस्था, विश्वास पर भारी चोट पहुंची है। उन्होंने मिलावट करने के आरोपियों के खिलाफ सख्त करने की मांग की है। इस दौरान केके अग्रवाल, राघवेंद्र नागर, राजेंद्र प्रसाद राय, गुरविंदर सिंह, अशोक कुमार प्रजापति, क्षितिज अग्रवाल, चन्द्रभान सिंह, मदन मोहन गोले, सुभाष चन्द्र शर्मा, विपिन कुमार अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# ट्रांजिट कैंप में प्रॉपर्टी डीलर के अपहरण का किया प्रयास

## कार-बाइक से आए थे हमलावर, जबरन कार में डालने का प्रयास

संवाददाता, रुद्रपुर

**कार्रवाई**
- पुलिस को सौंपी तहरीर, कुछ आरोपियों को हिरासत में लिया
- प्रापर्टी को लेकर विवाद की बात आई सामने

**अमृत विचार:** थाना ट्रांजिट कैंप में प्रॉपर्टी विवाद को लेकर एक प्रॉपर्टी डीलर को अगवा किए जाने के प्रयास का मामला सामने आया है। पीड़ित का आरोप था कि कार और बाइक पर सवार कई लोगों ने पहले हाथापाई की और जबरन कार में डालने का प्रयास किया। शोर मचाने पर हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। वहीं चर्चा है कि तहरीर आने के बाद कुछ आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू हो चुकी है।

जनपथ रोड फुलसुंगा निवासी राजू राज ने बताया कि 22 सितंबर को वह एक ग्राहक को प्लॉट दिखाने के लिए जेपी नगर गया था। तभी सुमित नाम का एक युवक आया और दिखाए जाने वाले प्लॉट को खरीदने का दावा करने लगा। तब कोई दस्तावेज नहीं दिखाए। आरोपी अभद्रता करते हुए साथियों के साथ मिलकर हाथापाई करने लगा। जब 112 पर सूचना के बाद भी कोई नहीं पहुंचा तो भाई को फोन किया। भीड़भाड़ एकत्रित होने पर आरोपी चले गए, लेकिन 23 सितंबर की दोपहर को जब वह बाइक से जा रहा था कि तभी कार संख्या बीआर-01एचजी-7327 व बाइक पर युवक आए और घेराबंदी कर मारपीट कर जबरन कार में डालने का प्रयास किया।

आरोप था कि हमलावरों के पास पिस्टल भी थी। चीख पुकार मचाने पर हमलावर मौके से फरार हो गए। वहीं चर्चा है कि पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ भी शुरू कर दी है। उधर, थाना प्रभारी मोहन चंद्र पांडेय ने बताया कि पुलिस घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाल रही है। कुछ संदिग्धों से पूछताछ भी जारी है। जल्द ही जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## चोरी के मामले में अज्ञात पर रिपोर्ट

**काशीपुर:** बीते दिनों कुंडेश्वरी रोड स्थित अंग्रेजी शराब की दुकान में देर रात चोरों ने शटर तोड़कर लाखों रुपये की चोरी कर ली। मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। किच्छा के पंजाबी मोहल्ला निवासी कमल गंगवार ने आईटीआई पुलिस को तहरीर दी।

उसने बताया कि उसकी जसपुर खुर्द कुंडेश्वरी रोड पर विदेशी मदिरा की दुकान है। जिसे वह 21 सितंबर की रात में बंद कर अपने घर चला गया था। बताया कि 22 सितंबर को सुबह 09 बजे के आस-पास वह अपनी शराब की दुकान पर पहुंचा तो दुकान का शटर को तोड़कर चोर दुकान से करीब 8-10 हजार की शराब व 20 से 22 हजार रुपए की नकदी चोरी कर ले गए। चोर दुकान से ले गए। वहीं पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# युवती को घायल करने वाले बाइक सवारों पर मुकदमा

संवाददाता, रुद्रपुर

**दुस्साहस**
- चिल्लाती रही महिला, बाइक पर थे दो युवक सवार
- युवती का अस्पताल में चल रहा उपचार, हालत नाजुक

**अमृत विचार:** 15 सितंबर की शाम को नशे की हालत में बाइक सवार दो युवक एक युवती को टक्कर मारने के बाद 50 मीटर तक घसीटते हुए ले गए। जिसे देख महिला चिल्लाती रही और बाइक सवार मौके से फरार हो गए। घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां युवती की हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर बाइक सवारों की तलाश तेज कर दी है।

वसुंधरा गार्डन निवासी भूपेश चंद्र दुम्का ने बताया कि पत्नी दीपा के साथ उसकी दीदी की बेटी मेघना तिवारी 15 सितंबर की शाम बाजार गए हुए थे। शाम करीब साढ़े सात बजे सिविल लाइंस में पैदल ही रोड पार कर रही थी। अचानक गलत दिशा से आए बाइक सवारों ने युवती को टक्कर मार दी। इस दौरान युवती घसीटते हुए 50 मीटर तक चली गई। जब पत्नी चिल्लाई तो युवकों ने बाइक रोककर युवती को निकाला। आरोप था कि बाइक सवार नशे की हालत में गलत दिशा में तेज गति से बाइक का संचालन कर रहे थे। बाइक की टक्कर से मेघा तिवारी गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसका उपचार प्राइवेट अस्पताल में चल रहा है। शिकायतकर्ता ने पुलिस से बाइक सवारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# भाजपा नेता संग मारपीट के मामले ने पकड़ा तूल

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** दबंग दरोगा का मामला अभी ठंडा भी नहीं हुआ था कि थाना ट्रांजिट कैंप के पुलिसकर्मियों द्वारा भाजपा एससी मोर्चा के नगर महामंत्री के साथ हाथापाई का मामला तूल पकड़ चुका है। रविवार को थाने में धरना प्रदर्शन के बाद एसपी मोर्चा के महामंत्री ने थाना प्रभारी को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

ठाकुरनगर वार्ड-दस ट्रांजिट कैंप निवासी आनंद सागर ने बताया कि 21 सितंबर की रात्रि पौने दस बजे के करीब घर के बाहर अपने दोस्त से फोन बातचीत कर रहा था। तभी थाने में तैनात तीन पुलिसकर्मी आये और खड़ा होने पर ऐतराज जताया, जबकि पिछली गली में कोई घटना हुई थी। जिसकी कोई जानकारी भी नहीं थी। आरोप था कि पुलिसकर्मियों ने अभद्रता करनी शुरू कर दी, जबकि वह बार-बार एससी मोर्चा का महामंत्री होने की बात कह रहा था। यह सुनते ही पुलिस कर्मियों ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए हाथापाई शुरू कर दी।

पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गई। आरोप था कि पुलिस कर्मी धमकी देकर चले गए। एससी मोर्चा महामंत्री आनंद सागर ने बताया कि एसपी सिटी द्वारा दो दिन का समय मांगा गया है। बावजूद कोई कार्रवाई नहीं होती है तो वह खुद देहरादून जाकर डीजीपी को शिकायती पत्र देंगे और सबूत के तौर पर वीडियो फुटेज भी मुहैया कराएंगे।

## मारपीट मामले में पांच लोगों पर मुकदमा दर्ज

**बाजपुर:** घर में घुसकर फौजी की पत्नी से मारपीट करने में नामजद चार बहनों सहित पांच लोगों के विरुद्ध पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

ग्राम एनएनटोपा निवासी हरजीवन कौर ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसका पति आर्मी में नौकरी करता है और जम्मू कश्मीर में तैनात है। ताऊ ससुर की चार पुत्रियां बिलासपुर खेड़ा रामपुर (उप्र) निवासी रजवंत कौर, बरखेड़ा पांडे काशीपुर निवासी सिमरजीत कौर, चैती मोड़ काशीपुर निवासी किंदर कौर, माटखेड़ा स्वार रामपुर (उप्र) निवासी पलविंदर कौर व उनका दामाद रिंकू सिंह पति की आर्मी में सरकारी नौकरी होने के कारण रंजिश रखते हैं। 22 जुलाई को सास-ससुर काशीपुर गए थे। आरोप है कि आरोपी लाठी-डंडों के साथ कमरे में घुस गए और मारपीट की।

# कांग्रेसियों से नहीं मिले एसएसपी

**मामला**
- दबंग दरोगा के निलंबन की मांग को लेकर एसएसपी कार्यालय पहुंचे थे कांग्रेस कार्यकर्ता

संवाददाता, रुद्रपुर



एसपी सिटी को ज्ञापन देते कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** चेकिंग के नाम पर युवक के साथ अमर्यादित व्यवहार किए जाने के आरोपी आदर्श कॉलोनी चौकी प्रभारी के निलंबन का मुद्दा उठाने पुलिस कार्यालय पहुंचे कांग्रेसियों को कप्तान ने मिलने से इंकार कर दिया। इसके बाद कांग्रेस कार्यकर्ता एसपी सिटी के पास पहुंचे और ज्ञापन सौंपा। इसके बाद मायूस कार्यकर्ता चेतावनी देकर लौट गए।

सोमवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष हिमांशु गाबा के साथ जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों का एक शिष्टमंडल पुलिस कार्यालय पहुंचा। अमर्यादित व्यवहार किए जाने के आरोपी आदर्श कॉलोनी चौकी प्रभारी संदीप पिलखवाल के खिलाफ ज्ञापन एसएसपी मणिकांत मिश्रा को सौंपना चाहते थे। जब कप्तान ने मामला सुना तो उन्होंने ज्ञापन लेने से इंकार कर दिया। जिसके बाद मायूस कार्यकर्ताओं को एसपी सिटी मनोज कत्याल को ज्ञापन सौंपना पड़ा।

कहा कि जनता के आक्रोश के बाद भी आदर्श कॉलोनी चौकी प्रभारी को अभी तक निलंबित नहीं किया गया, जबकि एसपी सिटी द्वारा खुद ही 25 सितंबर तक का समय मांगा था। 25 सितंबर के बाद भी दरोगा को निलंबित नहीं किया गया तो उग्र आंदोलन होगा। इस मौके पर मीना शर्मा, मोनिका ढाली, मोहन खेड़ा, संदीप चीमा, योगेश चौहान, इंद्रजीत सिंह, सौरभ चिलाना आदि मौजूद रहे।

# 12 मोबाइलों के साथ तीन आरोपी धरे

संवाददाता, रुद्रपुर



मोबाइल लूट के आरोपियों के साथ एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल।

**अमृत विचार:** थाना पंतनगर पुलिस ने सिडकुल इलाके से लूटे गए 12 मोबाइलों के साथ तीन लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया है। बताया कि चाकू दिखाकर आरोपी लूटपाट की वारदात को अंजाम देते थे। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

सोमवार को खुलासा करते हुए एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल ने बताया कि 15 सितंबर की रात्रि को ग्राम लक्खीपुर दिनेशपुर निवासी रंजीत राय ने तहरीर देकर बताया था कि वह सिडकुल चौकी इलाके में काम कर लौट रहा था। अचानक तीन से चार युवक आए और चाकू दिखाकर मोबाइल व पर्स लूटकर ले गए। सोमवार की सुबह अचानक चेकिंग के दौरान तीन युवक पुलिस को देखकर भागने की कोशिश करने लगे। पुलिस ने घेराबंदी कर थाना ट्रांजिट कैंप निवासी आयुष सैनी, मछली मार्केट निवासी विशाल स्वर्णकार, सिडकुल ढाल झोपड़ी निवासी शिवा वर्मा को दबोच लिया। तलाशी लेने पर युवक के पास से एक चाकू बरामद हुआ। पूछताछ के बाद आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने कई कंपनियों के लूटे गए 12 मोबाइल, एटीएम कार्ड, तीन सौ रुपये नकद बरामद किए। एसएसपी ने बताया कि तफ्तीश के दौरान पुलिस ने संदिग्धों की फुटेज प्राप्त कर ली थी। यही कारण है कि लूटपाट के आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

### मोटर की वायर चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**बाजपुर :** फार्म में लगी विद्युत सिंचाई मोटर की वायर चोरी करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से चुराई गई कापर की तार बरामद कर ली है। सूद कालोनी निवासी सुशील कुमार सिंगला ने पुलिस को बताया कि धनसारा रोड शांति कॉलोनी के सामने फार्म में सात सितंबर को मोटर की कापर की तार अज्ञात व्यक्ति ने काट कर चोरी कर ली है। पुलिस टीम ने इस मामले में जांच के बाद टांडा डालचंद केलाखेड़ा निवासी अमित सिंह को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से चुराई गई मोटर की कापर की तार के साथ ही एक चाकू बरामद किया है। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस व 4/25 आयुध अधिनियम की बढ़ोत्तरी की गई है। आरोपी का पुराना अपराधिक इतिहास भी बताया जा रहा है।

## एमपी चौक पर ली एसएसपी ने बैठक

**काशीपुर:** बीती देर रात जिले के एसएसपी मणिकांत मिश्र काशीपुर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने पुलिस कर्मियों के साथ काशीपुर के मुख्य एमपी चौक चौराहे पर एक बैठक की। बैठक में उन्होंने अधीनस्थों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। इसके बाद एसएसपी रुद्रपुर के लिए रवाना हो गए।

देर रात साढ़े 12 बजे एमपी चौक पर थानों व कोतवाली से पुलिस कर्मी जमा हो गए। देखते ही देखते दर्जनों कुर्सियां भी सज गईं। एमपी चौक पर सड़क के बीचोंबीच खुले आसमान के नीचे मीटिंग हॉल सा नजारा बन गया। इससे पहले वहां से गुजरने वाले लोग कुछ समझ पाते, कि तभी एसएसपी मणिकांत मिश्र पहुंच गए। एसएसपी के आते ही खुले आसमान के नीचे एसएसपी ने पुलिस कर्मियों के साथ बैठक शुरू कर दी। करीब 30 मिनट तक चली बैठक में एसएसपी ने अधीनस्थों का कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जरूरी दिशा निर्देश दिए। इसके बाद एसएसपी रुद्रपुर के लिए रवाना हो गए।

# आत्महत्या को उकसाने के दोषी पति को सजा

संवाददाता, रुद्रपुर

**फैसला**
- दहेज प्रताड़ना, आत्महत्या के उकसाने का था आरोप
- जिला जज ने आठ साल कठोर कारावास की सुनाई सजा

**अमृत विचार:** वर्ष 2018 में पत्नी को दहेज की खातिर प्रताड़ित करने और आत्महत्या के लिए उकसाने के दोषी पति को अदालत ने आठ साल कठोर कारावास और 15 हजार रुपये का अर्थदंड देने की सजा सुनाई। जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने दोनों पक्षों की जिरह सुनने के बाद अपना फैसला सुनाया।

जिला शासकीय अधिवक्ता नंदन सिंह धामी ने बताया कि वर्ष 2018 को निखिल बढ़ई निवासी अशोकनगर मानपुर ओझा बिलासपुर यूपी निवासी ने तहरीर देते हुए बताया कि उसकी बहन संगीता की शादी शिवनगर थाना ट्रांजिट कैंप निवासी विवेक राय के साथ हुई थी। शादी के कुछ माह बाद ही बहन को दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाने लगा और एक बार बहन ने अपने पति को किसी दूसरी महिला के साथ देख लिया। तभी से पति शारीरिक व मानसिक यातनाएं देने लगा।

12 सितंबर 2018 को पड़ोसी का फोन आया और बताया कि तुम्हारी बहन की मौत हो गई। बहन के ससुराल पहुंचा तो बहन मर चुकी थी। शिकायतकर्ता ने जीजा पर दहेज हत्या का आरोप भी लगाया। पुलिस ने कोर्ट में चार्जशीट पेश की। जहां जिला शासकीय अधिवक्ता नंदन सिंह ने 11 गवाह पेश किए। दोनों पक्षों की जिरह सुनने के बाद जिला एवं सत्र न्यायाधीश शिकंद कुमार त्यागी ने दहेज प्रताड़ना और आत्महत्या के लिए उकसाने के दोषी पति विवेक राय को आठ साल कठोर कारावास और 15 हजार का अर्थदंड देने की सजा सुनाई।

**आक्रोश** — उपजिलाधिकारी राकेश चंद्र तिवारी व ईओ मनोज कुमार दास को अलग-अलग ज्ञापन सौंपा, आंदोलन की चेतावनी दी

# साप्ताहिक हाट का दिन रविवार करने का विरोध किया

संवाददाता, बाजपुर



बाजपुर में एसडीएम आरसी तिवारी को ज्ञापन सौंपते लघु व्यवसायी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** साप्ताहिक हाट बाजार का दिन परिवर्तन कर सोमवार की जगह रविवार करने की तैयारी की जानकारी पर लघु व्यापारियों में आक्रोश फैल गया। विरोध में उतरे व्यापारियों ने जमकर हंगामा किया। साथ ही उपजिलाधिकारी राकेश चंद्र तिवारी व ईओ मनोज कुमार दास को अलग-अलग ज्ञापन देकर बाजार के दिन में बदलाव करने की दशा में आंदोलन की चेतावनी दी है।

नगर में लगभग आजादी के समय से सोमवार को साप्ताहिक हाट बाजार लगता आ रहा है। इसमें जाम इत्यादि की समस्या को देखते हुए पुलिस व प्रशासन बाजार का दिन सोमवार के स्थान पर रविवार को करना चाह रहा है। 21 सितंबर को इस विषय को लेकर एसडीएम कार्यालय में हुई बैठक में तय किया गया कि अगले रविवार यानी 29 सितंबर को ट्रायल के तौर पर बाजार का दिन परिवर्तित कर दिया जाएगा। वहीं सोमवार को बाजार में दुकाने लेकर पहुंचे लघु व्यापारियों को ठेकेदार दिनेश भारती ने इस बारे में जानकारी दे दी। इससे व्यापारियों में आक्रोश फैल गया और वह लोग साप्ताहिक बाजार के दिन में परिवर्तन करने के विरोध में उतर आए जिन्होंने ज्ञापन देकर अपनी बात रखी। उनका कहना था कि सोमवार साप्ताहिक हाट बाजार के लघु व्यवसायी बाजार में फड़ लगाकर अपना व परिवार का भरण-पोषण करते हैं। बाजपुर का सोमवार साप्ताहिक हाट बाजार आजादी के समय से लगता आ रहा है। वर्षों से जगह-जगह साप्ताहिक हाट के दिन तय हैं, जिसमें शेड्यूल के हिसाब से लघु व्यवसायी साप्ताहिक हाट बाजार करते हैं। रविवार के दिन कनौरा, काशीपुर, स्वार व गदरपुर आदि नजदीकी क्षेत्र में बड़े साप्ताहिक हाट बाजार लगते हैं और लघु व्यवसायी रविवार को बाजपुर के साप्ताहिक हाट में नहीं पहुंच पाएंगे। चेतावनी दी कि यदि जबरन साप्ताहिक हाट बाजार का दिन बदला जाता है तो लघु व्यवसायी उग्र आंदोलन को बाध्य हो जाएंगे। इस मौके पर शेर मोहम्मद सिद्धिकी, राजू धवन, हबीब अहम, विशाल, शेखर रूहेला, मो.करामत, रियात अली, आसिफ, राजपाल, सुमित, मो.इदरीश, सईद अहमद, मो.साकिब, महूबअला, फईम, परवेज, यासीन आदि मौजूद रहे।

# दुकान में चोरी के तीन आरोपी किए गिरफ्तार

संवाददाता, काशीपुर

**21 सितंबर की रात लोहा व्यापारी की दुकान में की थी चोरी**

**अमृत विचार:** एक लोहा व्यापारी के प्रतिष्ठान से हुई चोरी का खुलासा करते हुए पुलिस ने एक किशोर समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 12 हजार रुपये की नगदी, आधार कार्ड व पैन कार्ड आदि बरामद किए हैं।

मैसर्स विशम्भर सरन विनोद कुमार फर्म के स्वामी पुष्प अग्रवाल ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 21 सितंबर, 2024 की रात उनकी दुकान में चोरी हो गई थी। दुकान खोली तो देखा कि ऑफिस में रखी अलमारी से चोर डेढ़ लाख रुपये की नकदी, बैंक की चेक बुक, एटीएम व आधार कार्ड समेत 15 से 20 किलो पीतल का सामान, डीवीआर व कैमरे आदि चुरा ले गये। घटना के खुलासे को एएसपी ने एक टीम गठित की थी। कोतवाल विक्रम राठौर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मोहल्ला महेशपुरा से सलमा को गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने मोहल्ला अल्ली खां निवासी मोहम्मद अनवर के पास से बेचा गया सामान बरामद कर लिया। चोरी की वारदात में लिप्त एक किशोर को भी पुलिस ने धर दबोचा। आरोपियों के कब्जे से 12200 रुपये की नकदी, पैन कार्ड, आधार कार्ड, चेक बुक बरामद हुई है। टीम में एसएसआई सतीश कुमार शर्मा, एसआई सुनील सुतेड़ी, भूपाल राम पौरी, कांस्टेबल कैलाश, अमरदीप, वंदना व ताराचंद्र आदि थे।

## खेत में युवक का शव मिला, हत्या की आशंका

**गदरपुर:** एक युवक का संदिग्ध परिस्थितियों में खेत में शव बरामद हुआ है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के उपरांत पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं भाजपा नेता अमित नारंग ने पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। सोमवार की देर शाम ग्राम कुंदन नगर नंबर पांच के एक खेत में एक शव बराम हुआ। शव की शिनाख्त मनोज सैनी निवासी ग्राम कुंदन नगर नंबर 5 के रूप में हुई। मृतक विवाहित था और मेहनत मजदूरी कर परिवार का गुजर बसर करता था। शव जला हुआ था, जिससे आशंका व्यक्त की जा रही है कि किसी और स्थान पर मृतक की हत्या कर शव को यहां लाकर फेंका गया है। परिजनों का कहना है कि मनोज 1:30 बजे घर से एक अन्य युवक के साथ गया था। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष जसवीर सिंह चौहान घटनास्थल पर पहुंचे।

## सार-संक्षेप

### इग्नू में प्रवेश की तिथि 30 सितंबर तक

**काशीपुर :** राधेहरि डिग्री कॉलेज के इग्नू अध्ययन केंद्र समन्वयक डॉ. अमादुद्दीन अहमद ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया कि इंदिरा गांधी मुक्त विवि द्वारा नया पंजीकरण/प्रवेश की तिथि 30 सितंबर 2024 तक ( प्रमाण पत्र, पाठ्यक्रम एवं सेमेस्टर आधारित पाठ्यक्रमों को छोड़कर) निर्धारित की गयी है। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लिये स्नातक स्तर में निशुल्क प्रवेश दिया जाता है।

### 18 अक्टूबर तक छात्र कर सकते हैं ऑनलाइन आवेदन

**काशीपुर :** इग्नू अध्ययन केंद्र राधेहरि डिग्री कॉलेज के समन्वयक प्रो. अमादुद्दीन अहमद ने बताया कि इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विवि द्वारा परीक्षा आवेदन पत्र पूरित किये जाने की तिथि 15 अक्टूबर 2024 तक निर्धारित की गई है। जनवरी 2024 में प्रवेशरत तथा बैक परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्र-छात्राएं ऑनलाइन परीक्षा आवेदन 18 अक्टूबर 2024 तक कर सकते हैं।



गदरपुर में नवनियुक्त जिलाध्यक्ष डॉ. पुष्पेंद का स्वागत करते कार्यकर्ता।

### भारतीय बजरंग दल ने किया कार्यकारिणी विस्तार

**गदरपुर :** भारतीय बजरंग दल की कार्यकारिणी विस्तार को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए जिलाध्यक्ष की कमान डॉ. पुष्पेन्द्र को सौंपी गई। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। रविवार को सती मठ मंदिर में भारतीय बजरंग दल की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में भारतीय बजरंग दल के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. आरके महाजन ने कहा कि केंद्रीय टोली द्वारा नगर के प्रसिद्ध फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. पुष्पेंद्र कश्यप को जिला अध्यक्ष बनाने की घोषणा की है। स्वागत करने वालों में सुरेश नरूला, अशोक भुड्डी, मुकेश फोगाट, मुकेश पाल, अमरीक सिंह, गोपाल कश्यप, राजपाल प्रजापति, राजकुमार, अजय रावत, रमेश कंबोज आदि मौजूद थे।

### बिगराबाग में किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

**खटीमा :** नागरिक अस्पताल की चिकत्साधिकारी डॉ. केसी पंत के निर्देशन में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम टीम के डॉ. संदीप, डॉ. शैलजा पाण्डेय, निर्मला ने बिगराबाग प्राइमरी स्कूल में नि:शुल्क स्वास्थ्य कैंप लगाया। डॉक्टर शैलजा पाण्डेय द्वारा गर्भवती महिलाओं की जांच की गई। एएनएम मौसमी, आशा उसमेश,आगनवाड़ी केंद्र से कमला, मंजू, मनोरमा उपस्थित रहे।

### काशीपुर के गिरिताल में चलाया स्वच्छता अभियान

**काशीपुर :** जय मां भारती स्वयं सहायता समूह के सदस्यों ने स्वच्छता अभियान कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में उन्होंने गिरिताल में सफाई अभियान चलाया। सोमवार को जय मां भारती स्वयं सहायता समूह ने गिरिताल मंदिर के पास स्वच्छता अभियान चलाया। इसमें नगर निगम से संबंधित अन्य स्वयं सहायता समूह के सदस्यों ने भी भागीदारी निभाई। इस अभियान का उद्देश्य लोगों को दैनिक कार्यों में कुछ घंटे निकालकर भारत में स्वच्छता संबंधी कार्यक्रम आयोजित कर वातावरण को स्वच्छ व निर्मल बनाने में सहयोग करने का प्रयास किया गया। इससे हमारे वातावरण में स्वच्छता की श्रेष्ठता बनी रहेगी। इस दौरान जसोदा रानी, हेमलता, मिन्नता रानी, मोनिका, ज्योति, माया देवी, पूनम, गीता रानी आदि मौजूद रहे।




नोजगे में पूर्व छात्रा लेफ्टिनेंट नेहा का स्वागत करते शिक्षक।

### नोजगे की पूर्व छात्रा नेहा बनीं लेफ्टिनेंट

**खटीमा :** नोजगे पब्लिक स्कूल से इंटरमीडिएट पास करने वाली नेहा धामी एक वर्ष की कठोर ट्रेनिंग के बाद लेफ्टिनेंट के पद पर नियुक्त हुई हैं। नेहा का विद्यालय में जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रबंधिका ट्विंकल दत्ता, उप प्रधानाचार्य शैफाली अग्रवाल, डॉ. विनय जैन, अमित शर्मा, जसविन्दर पाल कौर, लवली सुनील, प्रभदीप कौर, डिंपल चैहान, सुनीता वर्मा, प्रिया पाण्डे, विवेक राना, मुकेश भट्ट, माधुरी कश्यप, श्वेता बत्रा, सिमरन बसंल, ममता जोशी, जानकी ऐरी, राजा आदि उपस्थित थे।

### स्वयं सहायता समूह का सात दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

**जसपुर :** नगर पंचायत महुआडाबरा में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं का सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरु हो गया है। इसमें नगर पंचायत के समस्त समूहों की महिलाओं ने भाग लिया। इस प्रशिक्षण का आयोजन उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण काशीपुर व नगर पंचायत द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। प्रशिक्षण में खाद्य विभाग मास्टर ट्रेनर हीरा सिंह लटवाल ने महिलाओं को प्रशिक्षित किया। पहले दिवस प्रशिक्षक हीरा सिंह लटवाल द्वारा अचार, जूस, चटनी, मुरब्बा, जैम चिप्स नेक्टर जेली पापड़ स्लाइस कैंडी आदि की जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण की शुरुआत अधिशासी अधिकारी शिखा आर्य व योजना लिपिक सुरेंद्र कुमार गौतम ने की। यह प्रशिक्षण सात दिन तक चलेगा।



खटीमा के मोहम्मदपुर भुड़िया में आयोजित बैठक में मंचासीन ब्लॉक प्रमुख नामधारी।

### भुड़िया की बैठक में महिलाओं को किया जागरूक

**खटीमा :** मोहम्मदपुर भुड़िया में ब्लॉक प्रमुख रणजीत सिंह नामधारी ब्लॉक की अध्यक्षता में हुई बैठक में ग्राम मोहम्मदपुर भूड़िया, जादोपुर, जोगीठेर नगला और नौसर की समूह से जुड़ी महिलाओं ने भाग लिया। बैठक में महिलाओं को एनआरएलएम और रीप परियोजना द्वारा चलाए जा रहे समस्त योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई और समूह की महिलाओं को आजीविका संवर्धन हेतु रोजगार करने पर जोर दिया गया। बैठक में ब्लॉक से एनआरएलएम से बीएमएम तौफिक रीप परियोजना से नागेंद्र पटेल, एरिया कोऑर्डिनेटर बबली एवं आईपीआर मानवी तिवारी उपस्थित रही।

### रोजगार और कौशल विकास का दिया प्रशिक्षण

**काशीपुर :** राधेहरि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में करियर काउंसलिंग प्रकोष्ठ के तहत संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान एनआईआईटी गुरुग्राम के विशेषज्ञों आशुतोष शुक्ला और शिवम तिवारी ने रोजगार और कौशल विकास से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान किया। करियर काउंसलिंग संयोजक डॉ. आकाश चंद्र मिश्रा ने छात्र-छात्राओं को विभिन्न रोजगारपरक सरकारी योजनाओं, नई रोशनी योजना, सीखो और कमाओ तथा पीएम विश्वकर्मा योजना के बारे में जानकारी दी। भौतिक विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. महीपाल सिंह, बीएड विभागाध्यक्ष डॉ. नीरज शुक्ला, डॉ. विवेक केड़िया ने रोजगार प्राप्ति के लिए शिक्षा के महत्व को समझाया। प्रभारी प्राचार्य प्रो. सुभाष चंद्र कुशवाहा ने कौशल विकास एवं सकारात्मक दृष्टिकोण निर्माण के लिए प्रेरित किया। वहां पर प्रो. अमादुद्दीन, डॉ. ममतेश, डॉ. स्नेहलता मौर्य, डॉ. पदमा वशिष्ठ, डॉ. पूजा मोहन, डॉ. संतोष, डॉ. कुंवर पाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# 5 हजार मीटर दौड़ में जीते देहरादून के राजेश

## 20 किमी वॉक रेस में देहरादून के तीरथ पहले स्थान पर, 5वें राज्य स्तरीय ओलंपिक में हुईं कई प्रतियोगिताएं

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम में चल रहे 5वें राज्य ओलंपिक खेलों में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। इस दौरान आयोजित 5000 मीटर दौड़ में देहरादून के राजेश कुमार ने पहला स्थान प्राप्त किया। इसी तरह हैमर थ्रो में नैनीताल के वैभव ने पहला स्थान प्राप्त किया। 20 किमी वॉक रेस में देहरादून के तीरथ सिंह ने पहला, चंपावत के मिथिलेश सिंह ने दूसरा और चंपावत के पवन सिंह सेमवाल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

सोमवार को आयोजित प्रतियोगिता की 5000 मीटर दौड़ में रुद्रप्रयाग के अमरदीप ने दूसरा, पौड़ी के दिगंबर सिंह ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसी तरह 100 मीटर दौड़ में ऊधमसिंह नगर के गुरशान सिंह ने पहला, हरिद्वार के प्रकट ने दूसरा, अल्मोड़ा के भूपेंदर ने तीसरा, 200 मीटर दौड़ में ऊधमसिंह नगर के गुरशान सिंह ने पहला, चंपावत के भूपेंदर ने दूसरा, हरिद्वार के आशुतोष ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर दौड़ में देहरादून के सुधांशु कुमार ने पहला, ऊधमसिंह नगर के सन्नी यादव ने दूसरा, हरिद्वार के आशुतोष ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

800 मीटर दौड़ में ऊधमसिंह नगर के रामसिंह ने पहला, प्रशांत कुमार ने दूसरा और पौड़ी के आसिफ अली ने तीसरा, 1500 मीटर दौड़ में हरिद्वार के अरविंद कुमार ने पहला, पौड़ी के दिगंबर सिंह ने दूसर, देहरादून के हिमांशु पाल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर राज्य ओलंपिक संघ के प्रभारी अध्यक्ष महेश नेगी, राज्य ओलंपिक संघ के महासचिव डॉ.डीके सिंह, ओलंपिक संघ के जिलाध्यक्ष डॉ.नागेंद्र शर्मा, बॉक्सिंग एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष घनश्याम श्यामपुरिया, जिला क्रीड़ा अधिकारी जानकी कार्की, जिला युवा कल्याण अधिकारी बीएस रावत सहित अनेक अधिकारी, कोच इंस्टेक्टर, रेफरी आदि मौजूद रहे।



जीत के लिए संघर्ष करते खिलाड़ी।



विजेताओं को मेडल देने के बाद राज्य ओलंपिक संघ के महासचिव डॉ. डीके सिंह। ● अमृत विचार

### हैमर थ्रो में नैनीताल के वैभव रहे अव्वल

**रुद्रपुर, अमृत विचार :** स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित प्रतियोगिता के हेमर थ्रो में नैनीताल के वैभव ने पहला, ऊधमसिंह नगर के वेदांत ने दूसरा, महीर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। लम्बी कूद में ऊधमसिंह नगर के विलाश सिंह ने पहला, हरिद्वार के दीपक ने दूसरा, पौड़ी के आसिफ अली ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। ऊंची कूद में चंपावत के अमित ने पहला, पिथौरागढ़ के सुंदर सिंह ने दूसरा, पिथौरागढ़ के ही दीपांशु रावत ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। ट्रिपल जंप में हरिद्वार के दिग्विजय सिंह ने पहला, ऊधमसिंह नगर के सोहेल ने दूसरा और ऊधमसिंह नगर के ही चेतन सिंह ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। डिस्कस थ्रो में ऊधमसिंह नगर के मोहित पोखरियाल ने पहला, मो. समीर ने दूसरा और प्रदीप ने तीसरा, जैवलिन थ्रो में ऊधमसिंह नगर के साहिल सिंह राणा ने पहला, माहिर जोशी ने दूसरा और हरिद्वार के विपिन कुमार ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

## नेटबॉल प्रतियोगिता में जिले ने प्राप्त किया स्वर्ण पदक

**काशीपुर :** खेल प्रतियोगिता में ऊधम सिंह नगर ने फर्स्ट फाइव नेटबॉल में स्वर्ण पदक प्राप्त किया है। फाइनल मुकाबले में ऊधमसिंह नगर ने अल्मोड़ा को हराकर स्वर्ण पदक प्राप्त किया। ट्रेडिशनल नेटबॉल प्रतियोगिता में नैनीताल ने देहरादून को कड़े मुकाबले में हराकर स्वर्ण पदक प्राप्त किया। सेमीफाइनल मुकाबले में फर्स्ट फाइव में अल्मोड़ा ने 13 अंक प्राप्त कर फाइनल में जगह बनाई एवं दूसरे सेमीफाइनल मैच में ऊधमसिंह नगर ने 22 अंक प्राप्त कर फाइनल में जगह बनाई। फाइनल मैच में उधमसिंह नगर ने अल्मोड़ा को हराकर स्वर्ण पदक प्राप्त किया। जिला ऊधम सिंह नगर के जनरल सेक्रेटरी अमित घिल्डियाल ने सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी। इस अवसर पर भारतीय नेटबॉल फेडरेशन के आए हुए ऑब्जर्वर हिमांशु देशवाल, विवेक सोनी, आकाश बत्रा, सतीश सुरेंद्र कुमाई, पवन पटले, संजय, नितिन सालू तोमर, सुमित डागर देवेंद्र शर्मा, विपिन डंगवाल, योगेश तिवारी, योगेश शिवहरे आदि मौजूद रहे।

# तैराकी में नोएडा के बच्चों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



तैराकी प्रतियोगिता में भाग लेने वाली प्रतिभागियों के साथ कॉलेज की प्रधानाचार्या।

संवाददाता, जसपुर

**अमृत विचार :** सीबीएसई नॉर्थ जोन की पांच दिवसीय तैराकी चैंपियनशिप प्रतियोगिता का शुभारंभ सांसद अजय भट्ट ने किया।

प्रतियोगिता के पहले दिन ब्राइट स्टार्ट इंटरनेशनल एकेडमी में लगभग 500 प्रतिभागियों ने भाग लिया। स्टेप बाई स्टेप स्कूल नोएडा के तैराकों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने विद्यालय को प्रथम स्थान दिलाया। दिल्ली पब्लिक स्कूल ग्रेटर नोएडा द्वितीय व डीएवी पब्लिक स्कूल गाजियाबाद तृतीय स्थान पर रहा। पहले दिन फ्री स्टाइल रेस, ब्रेस्ट एवं बटरफ्लाई स्ट्रोक की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें अंडर-11 से 19 बालक-बालिका वर्ग की 50 से 1500 मीटर की रेस शामिल थी। प्रबंधक अमित कंबोज एवं प्रधानाचार्या मधु शर्मा ने विजेताओं को पदक देकर सम्मानित किया।

## अत्यधिक शराब पीने से युवक की मौत

**किच्छा :** कोतवाली अंतर्गत क्षेत्र में रेलवे पटरी किनारे युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। बताया जा रहा है कि मृतक नशे का आदी था। अत्यधिक शराब पीने से उसकी मौत हो गई। कोतवाली अंतर्गत वार्ड नंबर 16 स्थित लोक निर्माण विभाग अतिथि गृह के निकट रेलवे पटरी किनारे सोमवार की सुबह एक युवक का शव मिलने की सूचना मिली। सूचना पर वरिष्ठ उप निरीक्षक उमेश कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। स्थानीय लोगों ने मृतक की पहचान वार्ड नंबर 17, हरियाणा फॉर्म कॉलोनी, किच्छा निवासी 30 वर्षीय मंगल पुत्र मदन लाल के रूप में की। युवक की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है। परिजनों ने बताया कि मंगल शराब पीने का आदी था और दिन-रात शराब के नशे में रहता था संभवतः शराब का अधिक सेवन करने के चलते उसकी मौत हो गई।

# टैगोर नगर ने नेपाल को हराया

▸▸ कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने विजेता टीम को दी ट्रॉफी

संवाददाता, शक्तिफार्म

**अमृत विचार :** टैगोर ट्रॉफी फुटबॉल टूर्नामेंट के खिताबी मुकाबले में टैगोर नगर ने नेपाल को 1-0 से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया। विजेता टीम को मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने ट्रॉफी प्रदान की।

टैगोर नगर के खेल मैदान में टैगोर ट्रॉफी फुटबाल टूर्नामेंट का फाइनल मैच रविवार को टैगोर नगर व नेपाल के बीच खेला गया।

मैच के पहले हाफ में दोनों टीमें कोई गोल नहीं कर सकीं। दूसरे हाफ के 20 वें मिनट में टैगोर नगर के कप्तान सुमित ने नेपाल पर गोल दागकर टीम को 1-0 से बढ़त दिला दी। टैगोर नगर ने नेपाल को 1-0 से पराजित कर ट्रॉफी अपने नाम कर लिया। टैगोर नगर के गोलकीपर राकेश को मैन ऑफ द मैच, सुमित विश्वास को मैन ऑफ द सीरीज, नेपाल के कप्तान महेश राणा को गोल्डन बूट का पुरस्कार दिया गया। मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने विजेता टैगोर नगर टीम को ट्रॉफी व 10 हजार रुपये का चेक प्रदान किया। मैच में अखिलेश मंडल रेफरी, पंकज राय, जयंत मंडल, सुनील कुमार कॉमेंटेटर, सुजीत विश्वास, दीपेन सेन स्कोरर रहे। इस अवसर पर सुनील विश्वास, अशोक मंडल, रवि मजुमदार, सुबल विश्वास, किशोर राय, चन्द्रकान्त दास, सुबीर सरकार, विष्णुपद प्रमाणिक, राजू डसीला, भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल आदि मौजूद थे।



विजेता टैगोर नगर की टीम को ट्रॉफी देते कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा।

# नवचेतना स्कूल के अनुराग ने फर्राटा दौड़ में लहराया परचम

▸▸ ब्लॉक स्तरीय खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता हुई

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार :** एसके पब्लिक स्कूल मझोला में आयोजित दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता की फर्राटा रेस नव चेतना पब्लिक स्कूल श्रीपुर बिछुआ के अनुराग ने जीत ली है। वहीं विद्यालय की टीम ने लोकनृत्य में प्रथम स्थान हासिल कर परचम लहराया है।

मझोला में हुई प्रतियोगिता की सौ मीटर फर्राटा रेस में नव चेतना पब्लिक स्कूल के अनुराग ने प्रथम स्थान, आदर्श राणा ने 400 मीटर दौड़ में द्वितीय और 600 मीटर में तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंग्रेजी सुलेख में नेहा वर्मा द्वितीय, सुमित भट्ट ने मानचित्र में तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय पहुंचने पर स्कूल प्रबंधन द्वारा सभी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। प्रधानाचार्य सुमन कापड़ी ने सभी विजयी छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर प्रबंधक विनोद कापड़ी, मनोज भट्ट, रीता कापड़ी, गौरव गड़कोटी भूपेंद्र बोहरा, अंजली चंद, मंजू चंद, गीता राना, कमल चंद, विनीता, गोदावरी चंद, उमेश कापड़ी, कृपाल भट्ट, नंदन सिंह, सत्यवृत राना आदि उपस्थित रहे।




लोकनृत्य में प्रथम रही नव चेतना स्कूल की टीम के साथ आयोजक और प्रबंधन।

## वरिष्ठ नागरिकों की बैठक में स्वस्थ रहने पर हुई चर्चा

**काशीपुर :** वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति की बैठक रामनगर रोड स्थित एक होटल में आयोजित की गई। बैठक अध्यक्ष हरीश कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में होम्योपैथिक डॉ. रजनीश शर्मा ने वरिष्ठ नागरिकों में बढ़ती उम्र में होने वाली स्वास्थ्य की परेशानियों के संबंध में अवगत कराया। साथ ही बीमारियों के निदान के विषय में भी जानकारी दी। सोमवार को आयोजित स्वास्थ्य बैठक में डॉ. रजनीश शर्मा ने बताया कि लोगों को भ्रामक बातों से दूर रह कर सामान्य जीवन जीने पर विशेष बल देना चाहिए। इस दौरान सुरेश शर्मा, उमेश जोशी, टीका सिंह सैनी, हरि प्रकाश शर्मा, अरुण वर्मा, राजन सक्सेना, अरुण, केएन दुबे, प्रेम सिंह चौहान आदि मौजूद रहे।

# महाराणा प्रताप ओपन वॉलीबॉल टूर्नामेंट शुरू



ओपन वॉलीबॉल टूर्नामेंट के उद्घाटन अवसर पर आयोजकों के साथ कैबिनेट मंत्री।

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार :** महाराणा प्रताप ओपन वॉलीबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच बरेली ने जीतकर अगले चक्र में प्रवेश किया।

थारू विकास भवन में महाराणा प्रताप खेल समिति की ओर से आयोजित महाराणा प्रताप ओपन वॉलीबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने फीता काटकर किया। प्रतियोगिता का पहला मैच केआईटीएम और बरेली के बीच खेला गया। जिसमें बरेली की टीम ने जीत हासिल कर अगले चरण में प्रवेश कर लिया। इस दौरान समिति अध्यक्ष हरीश राणा, भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, अंजू देवी, जानकी गोस्वामी, मंजीत सिंह राणा, सुमित सिंह राणा, रंजीत राणा, रोहित राणा, अमित राणा आदि मौजूद रहे।

आस्था | देवभूमि व्यापार मंडल व व्यापारियों ने पुष्प वर्षा कर किया जोरदार स्वागत

# दिनेशपुर में निकली श्रीराम बारात, झूमे भक्त

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचार :** कुंदननगर नंबर-पांच से श्रीराम बारात नगर पहुंचने पर देवभूमि व्यापार मंडल व व्यापारियों ने पुष्प वर्षा कर जोरदार स्वागत किया। इस दौरान श्री राम, लक्ष्मण, भारत व शत्रुघ्न सुसज्जित अश्वों पर सवार थे। प्रथम रथ पर विश्वामित्र व वशिष्ठ, दूसरे रथ पर भगवान शंकर व नारद, तीसरे रथ पर राजा दशरथ व महामंत्री सुमंत सवार थे।

श्री राम बारात के दौरान बाराती बैंडबाजों पर झूमते नजर आए। सोमवार शाम श्री रामलीला कमेटी कुंदननगर नंबर-पांच से जनकपुरी के रूप में सजाए गए व्यापार मंडल अध्यक्ष राजेश नारंग के आवास पर पहुंची। यहां व्यापार मंडल अध्यक्ष राजेश नारंग व दीपक मक्कड़ ने सपरिवार बारात की अगवानी की। तत्पश्चात कलाकारों को श्रीराम स्मृति चिन्ह भेंट किए एवं प्रसाद वितरण किया। इस मौके पर भाजपा जिला महामंत्री अमित नारंग, समिति पूर्व डायरेक्टर हरजीत सिंह विर्क, अशोक चावला, मुकेश नारंग, सुभाष शर्मा, रवि नारंग सुजीत सिंह, विनोद नारंग, चेतन सुखीजा, जसवंत फुटेला, अभिषेक नारंग, अशोक कालड़ा, बिरीत चावला, अरुण खुराना, नितिन बजाज, अशोक शर्मा, मोनिका नारंग आदि मौजूद रहे।



दिनेशपुर के कुंदननगर नंबर-पांच से नगर पहुंची श्रीराम बारात। ● अमृत विचार

### लिखूं क्या अल्फ़ाज़, पसंद जो तुझको आए...

**काशीपुर :** साहित्य दर्पण की मासिक काव्य संध्या में कवियों ने अपनी सर्वश्रेष्ठ रचना प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। रविवार की शाम ओम शरण आर्य चंचल के सौजन्य से उनके आवास पर काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती वंदना की गई। कवि जितेंद्र कुमार कटियार ने सुनाया-मैं तो हंसी खुशी से जीवन जीना सीख गया हूं, गणना थी जो उम्र की, उसको पार कर गया हूं। कवि कैलाश चंद्र यादव ने कहा- लिखूं क्या अल्फ़ाज़ पसंद जो तुझको आए सनम, जागे सारी रात में, नींद ना आए सनम। कवि ओम शरण आर्य चंचल ने पीर अगर होती ना धरा पर, कभी किसी से प्यार ना होता, जीवन भर जाता पीड़ा से, मनभावन संसार ना होता। कवि डॉ. यशपाल रावत, कवि डॉ. परितोष मिश्रा, कवि सुरेंद्र शर्मा मधुर, कवि वीके मिश्रा, कवि डॉ. सुरेंद्र भारद्वाज, कवि मुनेश कुमार शर्मा आदि ने भी अपनी रचनाएं प्रस्तुत कीं। इस मौके पर प्रमोद रावत, नवीन बिष्ट आदि मौजूद रहे।




काशीपुर में काव्य गोष्ठी की शुरुआत करते कवि। ● अमृत विचार

## सार-संक्षेप


सितारगंज में भगवान बलराम की पूजा करते किसान। ● अमृत विचार

### किसानों ने की भगवान बलराम की पूजा अर्चना

**सितारगंज :** भारतीय किसान संघ ने दलित बहुल गांव गोठा में "भगवान बलराम" की पूजा अर्चना की। इस अवसर पर वरिष्ठ किसान नेता अनिरुद्ध राय ने भगवान बलराम के जीवन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर ब्लॉक उपाध्यक्ष भारतीय किसान संघ शिवशंकर यादव, पं .मदन मोहन मिश्रा, बहादुर सिंह, जयनाथ यादव, रामचंद्र प्रसाद, धर्मेंद्र साहनी, विपिन सिंह, राकेश, बबलू आदि उपस्थित रहे।


सुल्तानपुर पट्टी में स्क्रैप व्यापारियों के साथ बैठक करती पुलिस।

### स्क्रैप व्यापारियों को सीसीटीवी लगाने के दिए निर्देश

**सुल्तानपुर पट्टी :** नगर में स्क्रैप व्यापारियों के साथ पुलिस ने बैठक कर सख्त निर्देश दिए हैं। सोमवार को एसआई धीरेंद्र परिहार ने नगर के स्क्रैप व्यापारियों की बैठक ली। बैठक में सभी स्क्रैप व्यापारियों को अपनी दुकानों में सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही किसी भी फड़ फेरी वालों से सामान लेने के साथ पूरी जानकारी अपने रजिस्टर में नाम व पते को अंकित करने के निर्देश दिए गए हैं। इस मौके पर गुलवेज खान, नईम खान ,बाबू ,रफीक,सलीम अहमद,डब्बू मौजूद रहे।

### दलदल में फंसी गाय को बमुश्किल निकाला

**सुल्तानपुर पट्टी :** कोसी नदी के दलदल में फंसी गाय को बमुश्किल हाइड्रा की मदद से निकाला गया। मोहल्ला टांडा बंजारा निवासी सुमित ठाकुर ने बताया कि रविवार शाम 5 बजे उन्हें दलदल में गाय फंसी होने की सूचना मिली। इस पर वे तुरंत अपने साथियों के साथ मौके पर पहुंच गए और गाय को निकालने की कोशिश की। इसके बाद समाजसेवी राजीव सैनी को सूचना दी गई। उन्होंने तुरंत मौके पर हाइड्रा भेजा। इसके बाद हाइड्रा की मदद से गाय को सही सलामत बाहर निकाला गया।

### पुलिस ने 30 लोगों को हेलमेट वितरित किए



**जसपुर :** पुलिस द्वारा सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इसमें 13 वाहनों का चालान किया गया तथा नव नियुक्त प्रभारी निरीक्षक जगदीश ढकरियाल द्वारा बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वाले 30 वाहन चालकों को हेलमेट वितरित किए गए। सभी वाहन चालकों को यातायात के नियमों का पालन करने हेतु निर्देशित किया गया।

# रेलवे विभाग ने खुरपिया क्षेत्र में जारी किए नोटिस

## प्रभावित लोगों ने उपजिलाधिकारी से लगाई मदद की गुहार, खुरपिया क्षेत्र में निवास कर रहे करीब 250 परिवार

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार:** नगर के हल्द्वानी मार्ग पर खुरपिया फॉर्म क्षेत्र में रेलवे की भूमि पर बसे करीब ढाई सौ परिवारों को रेलवे द्वारा भूमि खाली करने का नोटिस जारी किए जाने के बाद स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया है।

इसके बाद दर्जनों स्थानीय लोग एसडीएम कार्यालय पहुंच गए। जहां उन्होंने ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि उन्हें सरकार द्वारा आवासीय पट्टे उपलब्ध कराए गए हैं जिनकी संख्या करीब 40 है, जबकि मौके पर करीब ढाई सौ परिवार निवास कर रहे हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सरकार द्वारा जिन लोगों को भूमि के पट्टे दिए गए हैं, उन लोगों को भी रेलवे विभाग द्वारा नोटिस जारी किए जाने से


किच्छा में एसडीएम कार्यालय के बाहर बैठे ग्रामीण। ● अमृत विचार

असमंजस की स्थिति पैदा हो गई है। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राकेश यादव ने बताया कि पूर्व में रेलवे प्रशासन द्वारा नोटिस जारी किए जाने के बाद एसडीएम कार्यालय में सूचना दी गई थी लेकिन बावजूद इसके प्रशासन द्वारा अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है।

उन्होंने कहा कि प्रशासन एवं सरकार को पट्टा धारक ग्रामीणों की भूमि की नपत एवं पैमाइश करनी चाहिए तथा जिनके पास पट्टे नहीं है, उन्हें आवासीय पट्टे दिए जाने चाहिए। उन्होंने नोटिस को निरस्त करने की मांग उठाई। मौके पर लक्ष्मी देवी, प्रेमलता, चंपा देवी, नरगिस बेगम, सिमरन देवी, किशन लाल, पूरन लाल, नंदलाल यादव, गंगा देवी, सोमवती आदि मौजूद रहे।

### संदिग्ध लग रहा नोटिस

**किच्छा :** खुरपिया के ग्रामीणों में जिस नोटिस को लेकर हड़कंप मचा हुआ है। वह नोटिस भी संदिग्ध प्रतीत हो रहा है क्योंकि नोटिस पर किसी अधिकारी के हस्ताक्षर तथा कोई भी वैधानिक दिनांक अंकित नहीं है। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि किसी शरारती तत्व द्वारा एक सादे पेपर पर नोटिस प्रकाशित कर ग्रामीणों को भयभीत करने का प्रयास किया जा रहा है। इस संबंध में रेलवे विभाग के अधिकारियों से भी संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो पाया।

## आठ ग्राम स्मैक के साथ महिला को गिरफ्तार किया

**सितारगंज:** ग्राम बरुआबाग निवासी महिला सुरेन्द्र कौर उर्फ मंजीत दुकान चलाती है। बीती रात क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से निगरानी के लिए चौकी पुलिस निकली तो उसकी दुकान पर अंधेरे में कुछ लोग दिखाई देने पर सिडकुल चौकी इंचार्ज प्रकाश भट्ट मय स्टाफ के वहां पहुंचे।

पुलिस के पहुंचते ही लोग अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे। दुकान के मालिक के बारे में जानकारी की गई तो दुकान चलाने वाली महिला सुरेन्द्र कौर पैदल जा रही थी। जिसे रोककर महिला सिपाही ज्योति शर्मा द्वारा तलाशी लेने पर उसके पास से करीब 8 ग्राम स्मैक बरामद की गई। महिला को गिरफ्तार कर एनडीपीएस के तहत कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार आगे भी कार्रवाई होगी।

## पंतनगर में छात्रावास से छात्र का लैपटॉप चोरी

संवाददाता, पंतनगर

**अमृत विचार:** विवि परिसर में 400 सुरक्षा कर्मियों के बावजूद अब छात्रावास और सरकारी कार्यालय भी सुरक्षित नहीं रह गए हैं। रविवार की दोपहर सिल्वर जुबली भवन (बीटेक तृतीय वर्षीय के लिए छात्रावास) से चोरों ने एक छात्र के कमरे की खिड़की की जाली खोलकर लैपटॉप चुरा लिया। वहीं रविवार की सुबह जल खंड में चोरों ने एसी चोरी करने का प्रयास किया, जिसमें वह कामयाब नहीं हो सके।

शनिवार को सिल्वर जुबली के प्रथम तल पर कमरा नंबर 80 के अंतःवासी छात्र अमनदीप लोहनके

> सोमवार को छात्रावास में विंग काउंसलर, असि. वार्डन और प्रबंधक के साथ बैठक कर सुरक्षा व्यवस्था सख्त करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही छात्रों को भी छात्रावास से बाहर जाने पर अपना कीमती सामान कमरों में मौजूद अल्मारी में लॉक लगाकर रखने की हिदायत दी गई है। **–पीसी द्विवेदी,** सिल्वर जुबली छात्रावास अभिरक्षक

परिजन आए हुए थे, जो अतिथि गृह में रूके थे। अमनदीप अपने परिजनों से मिलने गया था। दोपहर एक बजे जब वह लौटा तो उसके कमरे में खिड़की जाली के पेंच निकले हुए थे, जाली ऊपर तक हटी थी और कमरे में मेज पर रखा लैपटॉप गायब था।

## वेंडिंग जोन को लेकर एमएनए को ज्ञापन

**रुद्रपुरः** लघु व्यापारियों के लिए दूसरा वेंडिंग जोन और निर्माणाधीन दुकानों का आवंटन प्रारंभ किए जाने की मांग को लेकर लघु व्यापार एसोसिएशन ने एमएनए को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने आगाह किया कि यदि जल्द ही दो सूत्रीय मांगें पूर्ण नहीं हुईं तो आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी। सोमवार को एसोसिएशन के महानगर अध्यक्ष सुरेश शर्मा और उपाध्यक्ष सुभाष रस्तोगी के साथ लघु व्यापारी नगर निगम पहुंचे और एमएनए नरेश दुर्गापाल को ज्ञापन सौंपा। उनका कहना था कि सिंचाई विभाग व विद्युत विभाग के मध्य बन चुकी दुकानों का जल्द आवेदन होना चाहिए। इस मौके पर विश्वनाथ सिंह, रमन कोली, राजू रस्तोगी, दामोदर रस्तोगी आदि मौजूद रहे।

## दिनेशपुर में बाल व किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत लगाया शिविर

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचार:** मुख्य चिकित्साधिकारी मनोज शर्मा व प्रभारी चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गदरपुर डॉ. संजीव सरना के निर्देशन में राष्ट्रीय बाल एवं किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत गदरपुर स्वास्थ्य टीम द्वारा शिविर लगाया गया।

सोमवार को शिविर में 5 से 18 वर्ष तक के बच्चों की हीमोग्लोबिन की जांच व टी 3 अप्रोच अर्थात टेस्ट ट्रीट एंड टॉक के साथ की गई। डॉ. संजीव सरना ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के खून की कमी अर्थात एनीमिया को



दिनेशपुर में लगाए गए शिविर में बच्चों के साथ मौजूद चिकित्सक। ● अमृत विचार


पता लगाकर उसको दूर करने का प्रयास करना है। बच्चों को कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत टेबलेट एल्बेंडाजोल की दवा के साथ-साथ प्रत्येक सप्ताह आयरन फोलिक एसिड की टेबलेट दी जाती है। डॉ. विकास सचान ने एनीमिया के कारणों एवं उनके शरीर पर होने वाले लक्षणों एवं उससे बचाव के उपायों के बारे में बताया।

## धर्म दर्शन

### शर: पृथ्वी पर जीवन के उद्भव का प्रथम प्रतीक

उपशमन सूक्त के देवता पर्जन्य हैं। पर्जन्य शब्द सामान्य अर्थों में वर्षा के लिए प्रयुक्त होता है, परंतु सभी का पोषक होने के कारण वह पोषणकर्ता भी है। अतः अनंत आकाश के विभिन्न स्रोतों से बरसने वाले पोषक एवं उत्पादक स्थूल एवं सूक्ष्म प्रवाहों को यहां पर्जन्य के रूप में वर्णित किया गया प्रतीत होता है। इस सूक्त में ऋषि ने धनुष से छूटने वाले विजयशील "शर" (बाण) के उदाहरण से जीवन तत्व के गूढ़ रहस्य को स्पष्ट करने का प्रयास किया है।

"शर" शब्द का सामान्य अर्थ बाण है, किंतु पृथ्वी से जो अंकुर निकलता है,उसे भी शर कहते हैं। इस प्रकार यह शर पृथ्वी पर जीवन के उद्भव का प्रथम प्रतीक है और उसी पर प्राणी मात्र का जीवन निर्भर करता है। बाण अथवा जीवन तत्व के रूप में उसकी उत्पत्ति पिता पर्जन्य के सेचन से तथा माता पृथ्वी के गर्भ से होती है। यह जीवन तत्व ही समस्त बाधाओं एवं रोग आदि को जीतने में, जीवन लक्ष्य को भेदने में समर्थ होता है। इसलिए उसकी उपमा "शर" से दी गई है। जीवन संग्राम में विजय के लिए प्रयुक्त शर (जीवन तत्व) किस धनुष से छोड़ा जाता है, उसका सुंदर अलंकरण यहां प्रस्तुत किया गया है। उस धनुष का एक छोर माता पृथ्वी है तथा दूसरा छोर पिता पर्जन्य है। ज्या अर्थात प्रत्यंचा उन दोनों को खींचकर उनकी शक्ति संप्रेषित करती है। ज्या का एक अर्थ जन्मदात्री भी होता है। अतः आकाश में स्थित पर्जन्य एवं पृथ्वी की शक्ति के सहयोग से जीवन तत्व का संरक्षण करने वाली सृजनशील प्रकृति ही इस धनुष की ज्या (प्रत्यंचा) है। "शर" शब्द का प्रयोग यथास्थान मूत्र रोग के उपचार हेतु शलाका के लिए भी किया गया है। ऋषि अथर्वा कहते हैं कि अनेक प्रकार से चराचर धारक एवं पोषक पर्जन्य को हम इस "शर" के पिता के रूप में जानते हैं। अनेक प्रकार के स्वरूप देने वाली पृथ्वी को भी हम भली प्रकार जानते हैं। हे ज्या ! आप हमारे शरीरों को चट्टान की तरह सुदृढ़ता एवं शक्ति प्रदान करें। शत्रुओं (शारीरिक दोषों) को शक्तिहीन बनाकर हमसे दूर करें। द्युलोक एवं पृथ्वी के मध्य स्थित तेज की भांति यह मुंज (मुक्तिदाता या शोधक जीवन तत्व) सभी स्रावों, रसों एवं रोगों के बीच प्रतिष्ठित रहे अर्थात शरीर या प्रकृति के समस्त स्रावों को वह जीवन तत्व रोगों की ओर न जाने दें। रोगों के शमन में उसका उपयोग करें।


ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

इस शरीर के जनक पर्जन्य से हम भलीभांति परिचित हैं। अनंत बलशाली मित्रदेव (प्राण वायु) जो शर का पिता है, को हम जानते हैं। शर के पालक सशक्त वरुण देव को हम जानते हैं। हम शर के पिता आह्लादक चंद्र देव को जानते हैं। हम जानते हैं कि विशेष शक्ति संपन्न पवित्रतादायक सूर्य शर के पालक हैं। ये सभी तुम्हारा कल्याण करें। उनसे तुम्हें विशिष्ट पोषण प्राप्त हो तथा विकार बाहर निकल जाएं। मूत्र वाहिनी नाड़ियों, मूत्राशय एवं आंतों में स्थित दूषित जल इस चिकित्सा से पूरा का पूरा वेग के साथ शब्द करता हुआ शरीर से बाहर हो जाए। शर (शलाका) से मूत्रमार्ग को खोल देते हैं। बांध टूट जाने से जिस प्रकार जलाशय का जल शीघ्रता से बाहर निकलता है, उसी प्रकार रोगी के उदरस्थ समस्त विकार वेगपूर्वक बाहर निकलें। धनुष से छोड़े गए, तीव्र गति से बढ़ते हुए बाण की भांति तेरा संपूर्ण मूत्र (विकार) वेगपूर्वक बाहर निकले।

### वैष्णव संप्रदाय

वैष्णव पुराणों में, विष्णु, ब्रह्मवैवर्त, हरिवंश तथा भागवत में विष्णु, नारायण, यादव कृष्ण तथा गोपाल कृष्ण के चरितों के विभिन्न पहलूओं का विस्तृत विवरण अंकित है। यह तथ्य विवादरहित है कि "श्रीमद् भागवत पुराण ही भागवत संप्रदाय का प्रमुख ग्रंथ है। मोटे तौर पर, वैष्णव संप्रदाय, भगवान विष्णु को ही परमेश्वर मानने वालों का संप्रदाय है। वैष्णव धर्म की सामान्य जानकारी हमें उपनिषद साहित्य से ही प्राप्त होने लगती है। छान्दोग्य उपनिषद में श्रीकृष्ण का उल्लेख मथुरा में जन्में देवकी पुत्र तथा आंगिरस शिष्य के रूप में होती है। वृष्णिवंशीय वासुदेव कृष्ण इस संप्रदाय के उपास्य देव हैं। वासुदेव को ज्ञान शक्ति, बल, वीर्य, ऐश्वर्य तथा तेज नामक छह गुणों से संपन्न होने के कारण ही भगवान या भागवत कहा गया है। वैरागी, दास, रामानंद, वल्लभ, निम्बार्क, माधव, राधा वल्लभ, सखी तथा गौड़ीय इसके उपसंप्रदाय हैं। प्रमुख वैष्णव संप्रदायों के नाम, प्रमुख आचार्य नाम तथा मत इस प्रकार हैं-वैष्णव संप्रदाय विशिष्टाद्वैत रामानुज, ब्रह्मा संप्रदाय द्वैत आनंद तीर्थ, रुद्र संप्रदाय विशुद्ध द्वैत वल्लभाचार्य और सनक संप्रदाय द्वैताद्वैत निम्बार्क। वैष्णव संतों का प्रमुख संबोधन है- आचार्य, स्वामी और संत।


डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

वैष्णव संतों में मूलतः वैरागी संप्रदाय के तीन प्रमुख अखाड़े श्रीदिगंबर अनी अखाड़ा, श्री निर्वाणी अखाड़ा और श्री निर्मोही अखाड़ा। यहीं पर यह तथ्य अत्यंत महत्वपूर्ण है कि जन्मना या जाति से ब्राह्मण न होकर भी वैष्णव धर्म धारण कर, सिर पर चोटी छोड़ सिर मुड़ा और विधिवत यज्ञोपवीत धारण कर वैष्णव ब्राह्मण बन सकता है। जन्मना गैरब्राह्मण से वैष्णव ब्राह्मण बने लोगों मे तमिल बन्निया, तेलगु नायडू, मलयाली गैर ब्राह्मणों की अच्छी खासी संख्या है। अपने सद्कर्म, हार्दिक भक्ति और आस्था के बल पर कोई भी मनुष्य वैष्णव बन सकता है। वैष्णव के लिए शारीरिक सौंदर्य पर ध्यान, तेल मालिश, हजामत से परहेज आवश्यक है। उसके लिए सुबह, दोपहर और सायं बेला में हरि कीर्तन, भजन, सत्संग, धर्म कथा श्रवण अनिवार्य है।

## वर्ग पहेली-201

**बाएं से दाएं**

1. 1. महाप्रलय 2. पितृपक्ष 3. तीर्थस्थान।
4. एक दिशासूचक यंत्र जिसकी सुई सदैव पश्चिम दिशा की ओर रहती है; कुतुबनुमा, दिग्दर्शक यंत्र।
6. 1. श्रद्धा, आस्था 2. विश्वास, भरोसा, ऐतबार।
7. अभिमानी स्त्री।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. मज़ाक संबंधी 2. हंसोड़, परिहासप्रिय, विनोदी।
2. नियत अनुपात में, अनुपात के अनुसार।
3. 1. घान 2. तेल आदि पेरने का कोल्हू 3. ढेर।
5. यशोदा, कृष्ण की माता।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | 2 | ■ | 3 |
| | ■ | ■ | | ■ | |
| 4 | | | | | ■ |
| | ■ | ■ | | ■ | 5 |
| ■ | ■ | 6 | | | |
| ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | |
| ■ | 7 | | | | |

### वर्ग पहेली -200 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 ह | क | 2 ब | क | ■ |
| ■ | ल | ■ | हु | ■ | 3 जे |
| ■ | फ़ी | ■ | का | ■ | ली |
| ■ | ■ | 4 कु | लि | या | ■ |
| ■ | 5 लि | पि | क | ■ | 6 ता |
| ■ | ■ | त | ■ | ■ | नू |
| 7 जु | ई | ■ | 8 स | फ़ी | र |

## सुडोकू -114

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | 5 | 7 | | |
| 1 | | | 7 | | | 9 | | 4 |
| | | 3 | | 6 | 1 | | | 2 |
| | | | 8 | | | 2 | | 1 |
| 2 | | 6 | | | | 4 | | 3 |
| 3 | | 9 | | | 7 | | | |
| 8 | | | 1 | 9 | | 3 | | |
| 4 | | 7 | | | 8 | | | 9 |
| | | 1 | 2 | | | 5 | | |

### सुडोकू - 113 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 6 | 9 | 1 | 3 | 2 | 5 | 4 | 7 |
| 5 | 1 | 4 | 9 | 8 | 7 | 2 | 3 | 6 |
| 7 | 3 | 2 | 5 | 6 | 4 | 9 | 8 | 1 |
| 4 | 7 | 5 | 3 | 2 | 8 | 6 | 1 | 9 |
| 1 | 2 | 6 | 4 | 5 | 9 | 8 | 7 | 3 |
| 3 | 9 | 8 | 7 | 1 | 6 | 4 | 2 | 5 |
| 9 | 5 | 1 | 8 | 4 | 3 | 7 | 6 | 2 |
| 6 | 4 | 3 | 2 | 7 | 5 | 1 | 9 | 8 |
| 2 | 8 | 7 | 6 | 9 | 1 | 3 | 5 | 4 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 24 सितंबर मंगलवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-सप्तमी 12 .38 तक तत्पश्चात अष्टमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-उत्तर। **ऋतु**-शरद।
चन्द्रबल- वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-मृगशिरा 21 .54 तक तत्पश्चात आर्द्रा।

**मेष** — आज अपना व्यवहार सबके प्रति अच्छा रखें। किराये के घर पर रहने वालों के मन में नए घर को लेकर चिन्ता बढ़ सकती है। आज आप अपनी सधी हुई संवादशैली के प्रभाव से लोगों को प्रभावित कर लेंगे। गलत कार्यों में अपना दिमाग न लगाएं।

**वृष** — आज व्यवसाय में में आप काफी अच्छा प्रदर्शन करेंगे। नई संपत्ति खरीदने को लेकर विचार बना सकते हैं। अपनी गलतियों और कमजोरियों को दूर करने का प्रयास करें। विपरीत विचारधारा वाले व्यक्तियों के साथ बहस न करें।

**मिथुन** — आज आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। करियर में कुछ अच्छा बदलाव हो सकता है। आपकी दिनचर्या काफी अच्छी रहेगी। आप कुछ विशिष्ट कार्यों की तरफ मुड़ सकते हैं। धर्म-कर्म को लेकर दिखावा न करें। शुभ कार्यों में आप धन खर्च कर सकते हैं।

**कर्क** — आज नकारात्मक विचार आपके ऊपर हावी रहेंगे। अनिद्रा और घबराहट की समस्या हो सकती है। दूसरों पर ज्यादा भरोसा न करें। उच्च अधिकारी आपका विरोध कर सकते हैं। प्रेम संबंधों को लेकर थोड़े अधीर रहेंगे, किन्तु आज अपने दिल की बात कहने से बचें।

**सिंह** — आज प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों को उत्तम सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। अधूरे काम पूरे होने से मन में काफी खुशी रहेगी। जीवनसाथी आपका उत्साह बढ़ायेंगे। महिला जातकों को महंगे उपहार मिल सकते हैं।

**कन्या** — आज आपकी कार्यशैली लोगों के लिए चर्चा का विषय बन रही है। सभी काम सरलता से होते हुए प्रतीत होंगे। अविवाहित लोग विवाह को लेकर काफी उत्सुक रहेंगे। धर्म-कर्म के मामले में आप काफी रुचि लेंगे। परिवार के लोग किसी कारणवश आपसे नाराज हो सकते हैं।

**तुला** — आज विदेश में रहने वाले लोगों को घर की याद आयेगी। निजी कंपनियों जॉब करने वाले लोग अवकाश को लेकर बॉस से चर्चा कर सकते हैं। व्यवसाय संयमित रखें और दूसरों के मामलों में ज्ञान देने से बचें। अपनी योजनाओं को गुप्त रखें।

**वृश्चिक** — आज दांपत्य जीवन थोड़ा उबाऊ हो सकता है, लेकिन आप अपना व्यवहार जीवनसाथी के प्रति अच्छा रखें। शोध कार्यों के प्रति आपकी रुचि हो सकती है। दोस्तों के साथ मतभेद उभर सकते हैं। निम्न रक्तचाप और थकान की समस्या हो सकती है।

**धनु** — आज जीवनसाथी के साथ क्वालिटी टाइम बिताना पसन्द करेंगे। वैवाहिक संबंध काफी रोमान्टिक रहने वाले हैं। शाम के समय सिरदर्द की शिकायत हो सकती है। किसी रिश्तेदार को लेकर परेशान हो सकते हैं। आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

**मकर** — आज धन की समस्या दूर होगी। पार्टनर के साथ विवाद समाप्त होगा। आपकी दिनचर्या काफी अनुशासित रहेगी। घर में खुशियों का माहौल रहेगा। आपको कारोबार में मनचाही उन्नति मिलने की संभावना है। मानसिक शांति के लिए मित्रों से मिल सकते हैं।

**कुंभ** — आज दिन की शुरुआत खास ठीक नहीं रहेगी। जीवनसाथी पर नाराज हो सकते हैं। मसालेदार भोजन से बचें वरना कब्ज की समस्या भी हो सकती है। परिवार के कुछ लोग आपकी निन्दा कर सकते हैं, लेकिन आपको उन पर अभी ध्यान देने की आवश्यकता नहीं है।

**मीन** — आज किसी भी काम में मन नहीं लगेगा। घर की परिस्थितियों के सामने स्वयं को असहज महसूस करेंगे। मच्छरों से सावधान रहें। शाम के समय कहीं घूमने के लिए जा सकते हैं। इससे आपका मूड फ्रेश हो जायेगा। भोजन में शुद्धता का ध्यान रखें।

## आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
औलाद — सुबह : 09 .24
कुली नं. 1 — रात : 07 .16

**&pictures**
खिलाड़ियों का खिलाड़ी — सुबह : 10 .53
तरला — रात : 08 .00

**SONY PIX**
2012 — सुबह : 10 .23
डार्क फोनिक्स — रात : 08 .45

**ZEE CINEMA**
रक्षाबंधन — दोपहर : 12 .16
स्कंदा — रात : 08 .00

**ZEE ACTION**
शिवा द सुपर हीरो 3 — सुबह : 11 .27
गुप्त — रात : 07 .30

### आज की सुपरहिट फिल्म



जी सिनेमा पर दोपहर : 12 .16 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

चिंटू (पिंटू से)- और सुना यार, बीवी से झगड़ा खत्म हुआ या नहीं?
पिंटू से- अबे घुटनों पर चलकर आई थी मेरे पास, घुटनों पर
चिंटू- क्या बात कर रहा है, सच में?
पिंटू - और नहीं तो क्या
चिंटू- फिर क्या बोली?
पिंटू - बोली बेड के नीचे से बाहर आ जाओ, पक्का अब नहीं मारुंगी!

मिंटू-सोनू जरा अपनी साइकिल देना।
पिंटू- नहीं, मैं नहीं दे रहा।
मिंटू-अगर मुझे साइकिल नहीं दोगे तो मेरा दिल खट्टा हो जाएगा
पिंटू-कोई बात नहीं चीनी खा लेना।

## सार-संक्षेप

### महर्षि वाल्मीकी जयंती भव्य रूप से मनाने का निर्णय

**बनबसा :** वाल्मीकि समाज विकास परिषद की बैठक में विगत वर्ष महर्षि वाल्मीकि जयन्ती पर हुए कार्यक्रम और शोभायात्रा का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया। बैठक में शाखा अध्यक्ष प्रेमपाल वाल्मीकी ने लेखा जोखा प्रस्तुत किया जिसमें सभी सदस्यों ने सहमति जताई। बैठक में आगामी 17 अक्टूबर को महर्षि वाल्मीकी जयंती भव्य रूप से मनाने पर सहमति बनी। बैठक में परिषद के तमाम पदाधिकारी और सदस्य रहे।

### शिविर में मासिक धर्म को लेकर किया जागरूक

**अल्मोड़ा :** द हंस फाउंडेशन की ओर से संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट परियोजना के तहत ने राइंका गणनाथ में मासिक धर्म जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। जिसमें छात्राओं को मासिक धर्म के महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी दी गई। मौके पर विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए कुमाऊनी भाषा में नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया गया। छात्राओं को बताया कि मासिक धर्म चक्र एक प्राकृतिक परक्रिया है। इसके अलावा करीब 50 किशोरियों को सैनिटरी नैपकिन वितरित किए गए। यहां परियोजना समन्वयक मनीषा अधिकारी, डा. अंकित कासवान, एसपीओ पंकज देवरानी, काजल, प्रियंका, फार्मासिस्ट सरिता, गगन और कमलेश बिष्ट रहे।

### रानीखेत छावनी परिषद ने चलाया स्वच्छता अभियान

**रानीखेत :** स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत छावनी परिषद रानीखेत एवं रानीखेत माउंटेनिंग एवं आउटडोर क्लब के सदस्यों ने रानीखेत से भालू डैम तक ट्रैकिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ट्रैकिंग कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आम जनता को स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जाना था। कार्यक्रम में छावनी परिषद रानीखेत के कर्मचारी, स्थानीय विद्यालयों के छात्र -छात्राओं, सेना के अधिकारी व जवान सहित रानीखेत माउंटेनिंग एवं आउटडोर क्लब के कुल 46 सदस्यों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ छावनी परिषद रानीखेत के मुख्य अधिशासी अधिकारी कुणाल रोहिला ने किया।



अल्मोड़ा में डीएम को ज्ञापन सौंपते ठेकेदार।

### 10 करोड़ तक के कार्य मूल निवासियों को देने की मांग

**अल्मोड़ा :** 11 सूत्रीय मांगों के निराकरण को लेकर हिल्स कांट्रेक्टर वेलफेयर एसोसिएशन मुखर हो गया है। सोमवार को एसोसिएशन से जुड़े नाराज ठेकेदारों ने सांकेतिक प्रदर्शन कर डीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में कहा कि निविदाएं छोटी लगानी चाहिए। जिससे डी और सी श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदारों को भी काम मिल सके, फेज प्रथम और फेज द्वितीय के कार्य छोटे हिस्सों में कराने, पांच करोड़ तक के कार्य सिंगल बिड में लगाने, 10 करोड़ तक के कार्य राज्य के मूल निवासियों को ही देने, समय पर भुगतान करने, पंजीकरण प्रक्रिया सरल करने, केंद्र पोषित योजनाओं के कार्यों को स्थानीय ठेकेदारों को देने आदि मांगें उठाईं। ज्ञापन सौंपने वालों में मनोज तिवारी, शिवराज सिंह, अमर बिष्ट, अकरन खान, संदीप श्रीवास्तव, भीम सिंह कार्की, रोहित रौतेला, संतोष बिष्ट, नरेंद्र सिंह, देवेंद्र सिंह रहे।

### पूर्व सैनिक चंदन सिंह के निधन पर शोक

**अल्मोड़ा :** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के संस्थापक और पूर्व सैनिक लीग के पूर्व अध्यक्ष चंदन सिंह पवार का 89 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। उनके निधन पर क्षेत्र में शोक की लहर है। स्व. चंदन सिंह ने 1962, 1965 और 1971 के युद्ध में भाग लिया। उनके निधन पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद अध्यक्ष केशव दत्त पांड, विनोद गिरी, हयात सिंह गैड़ा, मोहन जोशी, घनानंद जोशी, सुरेंद्र लाल, दान सिंह, पान सिंह ने अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त की।

### स्वच्छता अभियान में जुटी मातृशक्ति

**बैरती ( अल्मोड़ा ) :** ग्राम पंचायत भवन में स्वच्छता संकल्प के साथ अभियान की शुरुआत की गई। इसके तहत पंचायत भवन, निकटवर्ती रास्तों एवं राजकीय जूनियर हाईस्कूल पान परिसर और अगल-बगल के संपर्क मार्गों पर झाड़ी कटान करते हुए रास्तों की सफाई की गई। लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए संपर्क अभियान भी चलाया जा रहा है। अभियान में आंगनबाड़ी कार्यकर्ती किरन त्रिपाठी, सीएचओ हिमानी कैड़ा, आशा तारा पांडेय व सुनीता देवी, इन्दु देवी, गीता देवी, मुन्नी देवी व रंजना पांडेय ग्राम प्रधान हरीश चन्द्र भट्ट व ग्राम पंचायत विकास अधिकारी नवल कुमार जोशी तथा प्रधानाध्यापक राजकीय जूनियर हाईस्कूल पान राधेश्याम गुप्ता, शिक्षक दीपक जोशी व लीला संगेला जोशी आदि रहे।

### चित्रेश्वर व बसभीड़ा में अभिनय के गुर सीख रहे रामलीला के पात्र

**बैरती ( अल्मोड़ा) :** क्षेत्र के चित्रेश्वर और बसभीड़ा में रामलीला मंचन का पूर्वाभास जारी है। चित्रेश्वर में लोगों द्वारा रामलीला मंचन के लिए दिए जा सहयोग को लेकर कमेटी गदगद है। डायरेक्टर ललित त्रिपाठी के निर्देशन में हारमोनियम वादक यतीश जोशी व तबला वादक जगमोहन जोशी के साथ ही हरिद्वार से प्रकाश चंद्र पांडेय, रामनगर से कैलाश त्रिपाठी व चित्रेश त्रिपाठी, हल्द्वानी से हिमांशु पांडेय व पंकज पांडेय भी बीच-बीच में यहां पहुंचकर पात्रों को सुर, ताल की जानकारी दे रहे हैं। पूर्वाभ्यास में कैलाश पांडेय ( दीप), संजय पांडेय, संतोष मेहरा और कमल सिंह भी पात्रों को अभिनय के गुर सिखाने में सहयोग कर रहे हैं। उधर बसभीडा.में भी रामलीला की तालीम जारी है। यहां डायरेक्टर चंद्र लाल वर्मा व सह डायरेक्टर किरन कुमार पांडेय के निर्देशन में पात्रों को अभिनय की जानकारी दी जा रही है।

### छात्रा अंजलि बुराठी ने प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त किया

**टनकपुर :** टनकपुर कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की 12वीं कक्षा की होनहार छात्रा अंजलि बुराठी ने उत्तराखंड स्टेट जूनियर एथलीट मीट 2024 में राज्य में दूसरा स्थान प्राप्त कर विद्यालय और चम्पावत जिले का नाम रोशन किया है। विद्यालय की वार्डन प्रेमा ठाकुर ने बताया कि देहरादून में महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कालेज में एथलेटिक्स प्रतियोगिता में छात्रावास की छात्रा अंजलि ने बेहतर प्रदर्शन कर प्रदेश में दूसरा स्थान पाया है। उनके इस प्रदर्शन पर जिला शिक्षा अधिकारी और विद्यालय परिवार ने खुशी जाहिर की है।

### बालिका दिवस पर बताया शिक्षा का महत्व

**बनबसा :** राजकीय महाविद्यालय में सोमवार को अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्या डॉ. आभा शर्मा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि शिक्षा ही महिलाओं को सशक्त बना सकती है। शिक्षा से ही आप लक्ष्य प्राप्त कर सकती हैं। डॉ. मुकेश कुमार ने मीरा और गार्गी जैसी महान महिलाओं के उदाहरण देते हुए छात्राओं को प्रेरित किया। डॉ. राजीव सक्सेना ने विकास में महिलाओं के योगदान पर प्रकाश डाला। डॉ. भूपनारायण दीक्षित ने दहेज प्रथा के खात्मे पर जोर दिया।

### सार्वजनिक संपत्तियों में लगे पोस्टर बैनर हटाने के निर्देश

**अल्मोड़ा :** एक ओर जहां एसएसजे परिसर में छात्रसंघ चुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज हो गई है। वहीं, सार्वजनिक संपत्तियों में लगे पोस्टर बैनर का संज्ञान लेते हुए प्रशासन भी एक्शन मोड में आ गया है। एसडीएम सदर जयवर्धन शर्मा ने अधिशाषी अधिकारी नगर निगम को सार्वजनिक संपत्तियों में अनधिकृत रूप से पोस्टर, बैनर लगाने वाले समस्त छात्र प्रत्याशियों की पहचान कर तत्काल पोस्टर, बैनर को हटवाने के निर्देश दिए है। कहा कि सार्वजनिक सम्पत्तियों में चुनाव प्रचार-प्रसार के लिए पोस्टर, बैनर आदि लगाना लिंगदोह कमेटी के प्राविधानों के विरूद्ध है। उन्होंने नगर निगम के माध्यम से अनधिकृत रूप से लगे पोस्टर, बैनर आदि को हटवाते के लिए इसमें होने वाले व्यय भार की वसूली संबंधित प्रत्याशी से करना सुनिश्चत करें।

### लमगड़ा पुलिस ने वाहनों से रंग-बिरंगी लाइटें उतारी

**अल्मोड़ा :** यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध पुलिस की कार्रवाई जारी है। एसएसपी देवेंद्र पींचा के निर्देश पर थानाध्यक्ष लमगड़ा अगुआई में पुलिस टीम ने क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान वाहनों पर बहुरंगी लाइटें लगाकर सामने वाले वाहन चालकों के लिये खतरे का सबब बन रही टैक्सी बोलेरो की रंग-बिरंगी लाईटों को हटाया। चालक के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालानी कार्यवाही की। वहीं एक अन्य टैक्सी आल्टों से शीशों पर लगी काली फिल्म हटाई।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने दिया सदस्यता बढ़ाने पर जोर

## राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने ज्यादा से ज्यादा लोगों को पार्टी से जोड़ने को कहा, निकाय व पंचायत चुनाव की तैयारी करने को कहा

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व राज्य सभा सांसद ने सोमवार को अल्मोड़ा में सदस्यता अभियान की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने घर-घर सदस्यता अभियान की समीक्षा की और लोगों को ज्यादा से ज्यादा जोड़ने का कार्यकर्ताओं से आह्वान किया। इसके अलावा उन्होंने निकाय चुनाव को लेकर भी पदाधिकारियों के साथ चर्चा की।

पातालदेवी स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित बैठक में प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने बताया कि कैसे सदस्यता अभियान को और तेजी के साथ आगे बढ़ाया जा सकता है। इसमें हर कार्यकर्ता, पदाधिकारी की बड़ी जिम्मेदारी है। इसके अलावा उन्होंने निकाय और पंचायत चुनावों में दावेदारी पेश कर रहे कार्यकर्ताओं के मन को भी टटोला। उन्होंने सभी को चुनाव में अभी से जुड़ने और तैयारियों के निर्देश दिए। यहां जिलाध्यक्ष रमेश बहुगुणा, महामंत्री धमेंद्र बिष्ट, रवि रौतेला, राजीव गुरुरानी, दर्शन रावत, ललित लटवाल, गिरीश खोलिया, किरन पंत, निर्मला जोशी, कैलाश गुरुरानी, बीना नयाल, मीना भैसोड़ा, आनंद डंगवाल, प्रकाश भट्ट, देवाशीष नेगी, जगत तिवारी, कृष्ण बहादुर सिंह, लता पांडे, रमा जोशी, अरविंद बिष्ट, निखिल टम्टा, अमित साह, अर्जुन बिष्ट, मनोज जोशी, एके सिंकदर पवार, लीला बोरा, चंदन बहुगुणा, आशीष बिष्ट आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।



रानीखेत में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत करते भाजपाई। ● अमृत विचार



अल्मोड़ा भाजपा दफ्तर में सोमवार को आयोजित बैठक में मौजूद कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

## रानीखेत में दिए ऑनलाइन सदस्यता दिलाने के टिप्स

संवाददाता, रानीखेत

**अमृत विचार:** रानीखेत की विधानसभा स्थित ताड़ीखेत मंडल में प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने मंडल अंतर्गत शक्ति केन्द्र संयोजकों, बूथ अध्यक्ष, जनप्रतिनिधियों तथा वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ 'संगठन पर्व'सदस्यता अभियान-2024 की समीक्षा बैठक की। उन्होंने बैठक में अनुपस्थित रहने वाले पदाधिकारी पर भी नाराजगी व्यक्त की। ताड़ीखेत स्थित भाजपा कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कार्यकर्ताओं को आनलाइन सदस्य बनाने के टिप्स दिए।

उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता घर-घर जाकर फार्म भरवाकर सदस्य बनाएं।और जिस घर में सदस्य बनाते हैं वहां स्टीकर भी चस्पा करें। उन्होंने सदस्यता अभियान को और अधिक गति देने का आह्वान किया। कहां की 25 सितंबर तक ज्यादा से ज्यादा सदस्य बनाएं। बैठक में अनुपस्थित रहने वाले पदाधिकारियों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि कई पदाधिकारी जो दायित्व लेते हैं उसे पूरा नहीं करते। बैठक के बाद प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि भाजपा सदस्यता पर्व के तहत सदस्यता अभियान के जरिए अधिकाधिक सदस्य बनाने का प्रयास कर रही है। सदस्यता अभियान का लक्ष्य पूरा होने के बाद संगठनात्मक चुनाव की प्रक्रिया शुरू होगी। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष लीला बिष्ट, विमला रावत, शिव सिंह, मोहन नेगी, उमेश पेंट, विनोद भट्ट, दीप पांडे आदि मौजूद रहे।

## टनकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम के खिलाड़ियों ने जीते कई पदक

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार :** महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज देहरादून में आयोजित दो दिवसीय राज्य जूनियर अंडर - 14,16,18,20 एथलेटिक्स प्रतियोगिता में टनकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम के खिलाड़ियों ने तीन स्वर्ण, दो रजत और चार कांस्य पदक जीत कर जिले का नाम रोशन किया।

टनकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम के प्रशिक्षक मुकेश शर्मा ने बताया कि अंडर-20 बालक वर्ग सोहेल ने लॉन्ग जंप में गोल्ड , 3 किलोमीटर स्टेपलचेज में ललित सिंह ने गोल्ड और सुंदर सिंह ने 10 किलोमीटर वॉक रेस में ब्रोंज मेडल प्राप्त किया। अंडर-18 बालक वर्ग हेप्टाथलन में शरीफ ने गोल्ड व बालिका वर्ग में सोनी जोशी ने लॉंग जंप में सिल्वर व 100 मीटर हर्डल में ब्रॉंज मेडल तथा 3 किलोमीटर वॉक रेस में सोनी बोहरा ने ब्रॉंज मेडल प्राप्त किया। अंडर-16 बालिका वर्ग 400 मीटर हर्डल में अंजलि पुजारी ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया। अंडर-14 त्रिथलॉंन में गहना महर ने ब्रॉंज मेडल प्राप्त किया। जिला क्रीड़ी अधिकारी चंदन सिंह बिष्ट, ललित मोहन कुंवर, गौरव खोलिया, जिला एथलेटिक एसोसिएशन के अध्यक्ष संग्राम सिंह यादव, धनंजय गुप्ता, अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह पाटनी आदि ने विजेता छात्रों को बधाई दी है।



देहरादून में पदकों के साथ टनकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम के खिलाड़ी और प्रशिक्षक।

## टनकपुर-पिथौरागढ़ एच पर आज और कल बंद रहेगा यातायात

**टनकपुर, अमृत विचार:** टनकपुर-पिथौरागढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर टनकपुर से चम्पावत के बीच वाहनों का संचालन 24 और 25 सितंबर को दो दिन बंद रहेगा। इस दौरान कोई भी हल्के या भारी वाहनों का संचालन नहीं होगा।

जिलाधिकारी नवनीत पांडेय ने बताया कि इस अवधि में दिन रात काम कर सड़क से मलबा हटाने से लेकर सड़क की विभिन्न खामियों को दूर किया जाएगा। 25 सितंबर के बाद सड़क के हालात को देखते हुए वाहनों के संचालन पर निर्णय लिया जाएगा। एनएच पर चम्पावत से 20 किलोमीटर दूर स्वाला में भारी बारिश के बाद 12 सितंबर से अक्सर सड़क बंद रही। ऐसा एक भी दिन नहीं रहा, जब पूरे दिन सड़क वाहनों के लिए खुली।

## मांगों को लेकर प्रदर्शन पर डटे रहे चिकित्सक

संवाददाता, अल्मोड़ा

- नौ सूत्रीय मांगों के निराकरण को चिकित्सकों का सांकेतिक प्रदर्शन
- बांह में काला फीता बांधकर जताया विरोध

**अमृत विचार :** नौ सूत्रीय मांगों के निराकरण नहीं होने पर चिकित्सकों में रोष व्याप्त है। सोमवार को भी जिला अस्पताल के चिकित्सकों ने काला फीता बांधकर ही मरीजों का इलाज किया। समस्याओं का निराकरण नहीं होने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी।

प्रांतीय चिकित्सा स्वास्थ्य सेवा संघ के आह्वान पर जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने सांकेतिक विरोध किया। कहा कि मेडिकल कॉलेजों में दुर्गम क्षेत्रों में तैनात विशेषज्ञ डॉक्टरों को 50 फीसदी प्रोत्साहन राशि दी जाती है, लेकिन स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टरों को इसका लाभ नहीं दिया जा रहा है। एसएसीपी का लाभ ढाई साल से अधिक समय तक लटकाया गया है। डॉक्टरों एसडीएसीपी का लाभ देने, लंबित डीपीसी पर तत्काल आदेश जारी करने, पर्वतीय क्षेत्रों में तैनात डॉक्टरों को 50 फीसदी प्रोत्साहन राशि देने, डॉक्टरों व नर्सों को बिना शर्त मासिक वाहन भत्ता देने, डॉक्टरों की सुरक्षा के उपाय करने की मांग की। यहां प्रदर्शन में डॉ. हरीश आर्या, डॉ. जीवन मपवाल, डॉ. प्रेरणा, डॉ. मनीष पंत, डॉ. धीरज राज, डॉ. अमित सुकोटी, डॉ. अविनाश, डॉ. नमन लोहनी, डॉ. अरविंद पांगती आदि रहे।

## गांधी मैदान में अब 10 दुकानें ही लगेंगी

संवाददाता, टनकपुर

- रामलीला कमेटी और व्यापारियों के बीच उपजा विवाद सुलझा

**अमृत विचार:** यहां गांधी मैदान में रामलीला मंचन के दौरान लगने वाली दुकानों को लेकर नवयुवक रामलीला कमेटी और व्यापारियों के बीच उपजा विवाद एसडीम आकाश जोशी की मध्यस्थता में हुई बैठक में सुलझ गया। अब रामलीला मंचन के दौरान महज 10 दुकानें ही लगेंगी।

इससे ज्यादा दुकानें लगने पर प्रशासन द्वारा कार्रवाई की जाएगी। सोमवार को उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष वैभव अग्रवाल और महामंत्री संजय पांडेय के नेतृत्व में व्यापारियों ने मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि दीपक रजवार के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। जिसमें कहा गया है कि रामलीला कमेटी गांधी मैदान में दुकानें संचालित कर व्यावसायिक कार्य कर रही है जो गलत है। एसडीएम जोशी ने कहा कि मैदान छोटा होने के कारण अब यहां केवल 10 दुकानें ही लगेंगी।




अल्मोड़ा में श्रम संहिता कानून के विरोध में प्रदर्शन करते लोग। ● अमृत विचार

## सीटू ने चार श्रम संहिताओं को लेकर जताया विरोध

संवाददाता, अल्मोड़ा

- सरकार पर जबरन श्रम संहिताओं को मजदूर वर्ग थोपने का लगाया आरोप
- जल्द मजदूर विरोध संहिताओं को वापस नहीं लेने पर आंदोलन की चेतावनी दी

**अमृत विचार:** सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन (सीटू) सोमवार को चार श्रम संहिताओं के विरोध में काला दिवस मनाया।

इस दौरान नगर के गांधी पार्क में सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर मजदूर विरोधी संहिताओं को वापस लेने की मांग उठाई। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि एक ओर आशा वर्कर, भोजनमाता, आंगनबाड़ी को मजदूर का दर्जा देने की श्रम सम्मेलनों की सिफारिश को लागू नहीं किया जाता। वहीं, दूसरी ओर चार श्रम संहिताओं को मजदूर वर्ग पर जबरन थोपा जा रहा है। सभी ने एक स्वर में चार श्रम संहिता खत्म करने, न्यूनतम वेतन 26 हजार प्रतिमाह करने आदि मांगें उठाई। मांग पूरी नहीं होने पर देशव्यापी आंदोलन की चेतावनी दी। यहां आरपी जोशी, आनंदी मेहरा, भगवती आर्या, नीमा जोशी, विजय लक्ष्मी, योगेश कुमार, डॉ. सुशील तिवारी, उपेंद्र, दिनेश तिवारी, राजू, देवेंद्र फर्त्याल आदि मौजूद रहे।

## उत्तर प्रदेश

## हिंदू वह है जो गोरक्षा के लिए लाए कानून

**साधा निशाना**

- जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने सरकार पर साधा निशाना
- कहा, हिंदू का वोट लेकर उसके साथ धोखा किया गया

संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** हिंदू वह है जो गोरक्षा के लिए कानून लाए, गोकशी रुकवाए। जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में सोमवार को गो-ध्वज स्थापना भारत यात्रा कार्यक्रम में पत्रकारों से बातचीत में कर रहे थे। शंकराचार्य ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि हिंदू से वोट लेकर उनके साथ धोखा किया गया है।

यदि सत्ताधारी नीति नियंता चाहते तो अब तक गोकशी रोकने के लिए कानून बन गया होता, एक भी गाय की हत्या नहीं होती। गो हत्या रोकने के लिए सरकार को कानून बनाना होगा। इस संबंध में राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री से मिलने के लिए कई बार समय मांगा किंतु नहीं मिला। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा कि सरकार जब अभी तक कानून बनाने में असफल रही तो मुझे मठ से बाहर निकलना पड़ा। गो हत्या रोकने के लिए मेरी ओर से निकाली जा रही यात्रा का सबसे पहले विरोध भाजपा ने किया। भाजपा की ओर से एलान किया गया कि शंकराचार्य को नागालैंड में नहीं घुसने देंगे। उन्होंने कहा कि गो रक्षा को लेकर निकाली जा रही यात्रा 33 प्रदेशों में जाएगी। यात्रा नगालैंड भी जाएगी, अभी तक कार्यक्रम में कोई संशोधन नहीं किया है। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि हमारे यहां पहला स्थान गाय है। देश की जनता ने कई बार गो माता के नाम पर वोट देकर विभिन्न दलों की सरकारें बनवाईं, मगर किसी ने भी गाय की सुरक्षा के लिए कुछ नहीं किया। उन्होंने कहा कि देश की आजादी के लिए 1857 में क्रांति हुई थी। अब समय आ गया है कि गाय को बचाने के लिए वैसी ही क्रांति फिर की जाए। जब एक देश एक चुनाव को लेकर बात हो रही है तो गो माता को लेकर प्रदेशों में अलग-अलग कानून क्यों हैं। गो हत्या रोकने के लिए भी एक ही कानून पूरे देश में लागू होना चाहिए।

### योगी सिर्फ मुख्यमंत्री के तौर पर कर रहे हैं काम

स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अभी सिर्फ मुख्यमंत्री के तौर पर काम कर रहे हैं। गोरक्ष पीठ के अध्यक्ष की भूमिका नहीं दिखाई दे रही है। गोरक्ष पीठ के अध्यक्ष के तौर पर काम कर रहे होते तो प्रदेश में गाय नहीं कट रहीं होतीं। उन्होंने कहा कि गो रक्षा के लिए पूरे देश में यात्रा करेंगे और गो ध्वज फहराएंगे। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि जिस दिन देश में गो हत्या बंद हो जाएगी उस दिन सोने के पात्र में गाय के दूध से अयोध्या में भगवान राम का अभिषेक करेंगे।

### तिरुपति के प्रसाद से धर्म किया गया भ्रष्ट

स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा कि तिरुपति के प्रसाद ने सनातनियों का धर्म भ्रष्ट किया है। क्योंकि उसमें जानवरों की चर्बी और मछली का तेल मिलाने की बात सामने आई थी। जिन्होंने प्रसाद ग्रहण किया है वे यदि गो माता के पंच द्रव्य का सेवन करेंगे तो पाप नष्ट हो जाएगा। सनातन धर्म रक्षा बोर्ड को लेकर उन्होंने कहा कि पवन कल्याण को बोलने का कोई अधिकार नहीं है। सनातन धर्म रक्षा बोर्ड बनाने का काम पवन कल्याण का नहीं है। यह काम शंकराचार्य और महंतों का है। उन्होंने कहा कि सभी मंदिरों में बाहर से लाए जाने वाले प्रसाद को प्रतिबंधित किया जाना चाहिए। बताया कि अल्पसंख्यक नहीं कह सकते कि गो मांस खाना हमारा अधिकार है। इससे बहुसंख्यकों को तकलीफ पहुंचेगी।

## जयाप्रदा के मामले में अब 1 अक्टूबर को होगी सुनवाई

**रामपुर, अमृत विचार :** पूर्व सांसद जयाप्रदा के खिलाफ स्वार थाने में दर्ज आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में सोमवार को बहस नहीं हो सकी। अब इस मामले में 1 अक्टूबर को सुनवाई होगी।

पूर्व सांसद जयाप्रदा के खिलाफ 2019 के लोकसभा चुनाव में स्वार थाने में आचार संहिता के उल्लंघन का मुकदमा दर्ज कराया गया था। इसमें पुलिस ने विवचेना के बाद चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी थी। मामले में सोमवार को बहस होनी थी। मगर सुनवाई नहीं हो सकी। अधिवक्ता अरुण प्रकाश सक्सेना ने बताया कि अब मामले में 1 अक्टूबर को सुनवाई होगी।

## गोद से शिशु को छीन ले गया जानवर

- दीवार फांदते समय छिटककर नीचे गिरा बच्चा, मामूली चोटिल
- घटना की सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम, लगाया कैमरा

संवादादता, चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़

**अमृत विचार:** कुढ़फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के गांव दियौरा खास के मझरा मिलक में रविवार रात तीन बजे जंगली जानवर दादी की गोद से दो माह के शिशु को मुंह में दबाकर ले गया लेकिन मकान की दीवार फांदते समय बच्चा जानवर के मुंह से गिर गया। शोर शराबा होने पर जानवर भाग गया। जबकि बच्चा मामूली रूप से चोटिल हो गया।

। वन विभाग की टीम ग्रामीण के घर पहुंची और गांव में सीसीटीवी कैमरा लगाया है। रविवार रात गांव दियौरा खास के मझरा मिलक निवासी महिला कुसम पत्नी रामवीर यादव घर के बरामदे में अपने दो माह के पौत्र प्रियांश पुत्र राहुल के साथ सोई थी। रात तीन बजे बच्चा रोने लगा तो दादी उसे गोद में लेकर चुप करा रही थी। तभी जंगली जानवर ने महिला की गोद से बच्चे को छीन लिया और मुंह में दबाकर ले जाने लगा। महिला शोर मचाते हुए जानवर के पीछे-दौड़ी। जानवर ने मकान की दीवार फांदने का प्रयास किया। इस बीच बच्चा जानवर के मुंह से गिर गया और बच गया।

### पकड़ा गया ग्रामीण को मारने वाला खूंखार बाघ

**पीलीभीत, अमृत विचार :** कलीनगर तहसील के जंगल से सटे गांवों में आतंक का पर्याय बने बाघ को सोमवार तड़के पीलीभीत टाइगर रिजर्व की माला रेंज में ट्रेंकुलाइज कर पकड़ लिया। इस बाघ ने 9 सितंबर को बांसखेड़ा निवासी केदारीलाल ( 50 ) को माला रेंज की भैरों बीट में मार डाला था। रेस्क्यू किए बाघ को कहां छोड़ा जाएगा, स्थानीय वन अफसर उच्चाधिकारियों के आदेश का इंतजार कर रहे हैं। इधर सोमवार सुबह शारदा डैम पर एक बाघ ने कलीनगर तहसील क्षेत्र के गांव नगरियाखुर्द कलां निवासी सुजीत राय को बुरी तरह घायल कर दिया। शोर-शराबा होने पर बाघ डैम की झाड़ियों में चला गया था।



पिंजड़े में कैद बाघ।

# 20 साल में पहली बार खिताब जीतना गर्व का पल

- **हरिका बोलीं- सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं करने के बाद भी शतरंज ओलंपियाड जीतने की खुशी है**

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अनुभवी डी हरिका को प्रतिष्ठित शतरंज ओलंपियाड खिताब जीतने के सपने को साकार करने के लिए लंबे समय तक इंतजार करना पड़ा लेकिन उन्हें बुडापेस्ट में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं करने के बाद भी इस खिताब को जीतने की खुशी है।

भारत ने रविवार को शतरंज ओलंपियाड में इतिहास रच दिया जब उसकी पुरुष और महिला टीमों ने अंतिम दौर के मैचों में क्रमशः स्लोवेनिया और अजरबैजान को हराकर दोनों वर्गों में स्वर्ण पदक जीते। अजरबैजान के खिलाफ महिला टीम के लिए 33 वर्षीय हरिका ने लय में वापसी करते हुए जीत दर्ज की, जबकि 18 वर्षीय दिव्या देशमुख ने तीसरे बोर्ड पर गोवर बेयदुल्यायेवा को पछाड़ कर अपना व्यक्तिगत स्वर्ण पदक भी पक्का किया। हरिका ने कहा मेरे लिए जाहिर तौर पर यह इन लोगों (टीम के साथी खिलाडियों) से ज्यादा भावुक क्षण है। मैं लगभग 20 साल से खेल रही हूं लेकिन पहली बार स्वर्ण पदक जीतने का मौका मिला है। मैं इन खिलाड़ियों के लिए काफी खुश और गर्व महसूस कर रही हूं। युवा खिलाड़ियों ने टीम के लिए काफी अच्छा प्रदर्शन किया। शायद मेरा प्रदर्शन संतोषजनक नहीं था लेकिन टीम के स्वर्ण पदक से मैं सब कुछ भूलने में सफल रही। मुझे खुशी है कि हम निराशा को पीछे छोड़कर मजबूत वापसी करने में सफल रहे।

दिव्या ने कहा इसकी शुरुआत काफी अच्छी रही, लेकिन बीच में हमें कुछ सफलता मिली और जिस तरह से मैंने और मेरी टीम ने इसे संभाला उस पर मुझे गर्व है। हमने दृढ़ता के साथ मुकाबला किया और आखिरकार हम स्वर्ण पदक के साथ यहां हैं। मैं अभी भावनाओं से भरी हुई हूं। मैं काफी खुश हूं। मैंने यहां अच्छा प्रदर्शन किया है। यह करो या मरो जैसे हालात थे, आपको देश के लिए सब कुछ झोंकना होता है। दिव्या तीसरे बोर्ड पर 11 में से 9.5 अंक हासिल कर व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीतने में भी सफल रही। तानिया ने कहा यह वह क्षण है, मुझे लगता है कि हम इसके लिए ही बने थे। पिछली बार (2022 में टीम मामूली अंतर से चूक कर कांस्य पदक जीती थी) ऐसा नहीं हुआ। पिछली बार कांस्य पदक का जश्न मनाना कठिन था लेकिन मैं अभी बहुत खुश हूं।



शतरंज ओलंपियाड खिताब जीतने के बाद ट्रॉफी के साथ जश्न मनाते भारतीय खिलाड़ी। ● एजेंसी

# श्रीलंका ने जीता पहला टेस्ट मैच

**गाले, एजेंसी**

प्रबथ जयसूर्या की शानदार गेंदबाजी की बदौलत श्रीलंका ने सोमवार को पहले टेस्ट मैच के पांचवें दिन न्यूजीलैंड को 68 रनों से हरा दिया है। आज यहां मैच के पांचवें दिन न्यूजीलैंड की टीम कल के स्कोर आठ विकेट पर 207 रन से आगे खेलना शुरु किया।

प्रबथ ने शतक की ओर बढ़ रहे रचिन रविंद्र (92)को पगबाधा आउट कर पवेलियन भेज दिया। इसके दो रन बाद विलियम ओरूर्क (शून्य) को बोल्ड कर प्रबथ ने न्यूजीलैंड की पारी को 211 के स्कोर पर समेट कर मुकाबला 68 रनों से जीत लिया। मैच में नौ विकेट लेने वाले श्रीलंकाई स्पिनर प्रबथ जयसूर्या को उनकी शानदार गेंदबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया।



प्रबथ जयसूर्या को प्लेयर ऑफ द मैच।

- **पांचवें दिन 275 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड 68 रनों की हारी**

इससे पहले 275 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही। और उसने छह रन के स्कोर पर डेवन कॉन्वे (चार) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद प्रबथ ने केन विलियमसन (30) को स्टंप आउट करा दिया। टॉम लेथम (28) को धनंजय ने पगबाधा किया। टॉम ब्लंडल (30) को प्रबथ ने बोल्ड आउट किया। रचिन रवींद्र ने न्यूजीलैंड के लिए सबसे अधिक 92 रन बनाए। न्यूजीलैंड के सात खिलाड़ी दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। श्रीलंका के लिए प्रबथ जयसूर्या ने 68 रन देकर पांच विकेट लिए। रमेश मेंडिस को तीन विकेट मिले। धनंजय डी सिल्वा और असिथा फर्नांडो को 1-1 बल्लेबाज को आउट किया।

## खेल डायरी

### भारत अंडर-19 ने ऑस्ट्रेलिया को नौ विकेट से हराया

**पुडुचेरी।** साहिल पारेख (नाबाद 109) और अभिज्ञान कुंडू (नाबाद 53) की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत भारत की अंडर-19 क्रिकेट टीम ने सोमवार को नौ विकेट से हराकर तीन मैचों की शृंखला में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली हैं। आज यहां 177 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारत की अंडर-19 टीम शुरुआत अच्छी नहीं रही। तीसरे ओवर में हैरी होकेस्ट्रा ने रुद्ध पटेल को (10) पर रोनाल्डो के हाथों कैच आउट करा दिया। इसके बाद साहिल पारेख और अभिज्ञान कुंडू ने भारतीय पारी को संभालते हुए ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 22 ओवर में एक विकेट पर 177 रन बनाकर नौ विकेट से मुकाबला जीत लिया। साहिल ने 75 गेंदों में 14 चौके और पांच छक्के लगाते हुए (नाबाद 109) रनों की शतकीय पारी खेली। वहीं अभिज्ञान कुंडू ने 50 गेंदों में नौ चौके लगाते हुए (नाबाद 50) रन बनाए। इसी के साथ भारत ने तीन मैचों की शृंखला 2-0 से अजेय बढ़त बना ली है।

### द. अफ्रीका ने अफगानिस्तान को क्लीन स्वीप से रोका

**शारजाह।** दक्षिण अफ्रीका ने तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में सात विकेट से जीत दर्ज करके अफगानिस्तान को शृंखला में सूपड़ा साफ करने से रोका दिया। एडेन मार्कराम की नाबाद 69 रन की पारी की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने 170 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 17 ओवर शेष रहते तीन विकेट पर 170 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। अफगानिस्तान की टीम इससे पहले 34 ओवर में सिर्फ 169 रन पर ढेर हो गई। अफगानिस्तान ने शृंखला 2-1 से जीती। दक्षिण अफ्रीका की अनुभवहीन टीम शुरुआती दो मैच में 106 और 134 रन पर सिमट गई थी लेकिन शारजाह क्रिकेट स्टेडियम में एक बार फिर धीमी पिच पर मार्कराम ने अच्छी पारी खेलते हुए अपनी टीम की जीत सुनिश्चित की। अफगानिस्तान के लिए पिछले मैच के शतकवीर रहमानुल्लाह गुरबाज ने 94 गेंद में 89 रन की पारी खेली। टीम का शीर्ष आठ में शामिल कोई अन्य बल्लेबाज 10 रन से अधिक नहीं बना पाया। इनमें से तीन बल्लेबाज रन आउट हुए। नौवें नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे एएम गजनफर ने नाबाद 31 रन की पारी खेली।

### तैराक प्रत्याशा रे को मिलेगा एकलव्य पुरस्कार

**भुवनेश्वर।** ओडिशा की उभरती हुए तैराक प्रत्याशा रे को 2024 के प्रतिष्ठित एकलव्य पुरस्कार के लिए चुना गया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। प्रत्याशा ने इस साल फरवरी में गुवाहाटी में खेलो इंडिया विश्वविद्यालय खेलों में चार स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक सहित कुल छह पदक जीते थे। विभिन्न क्षेत्रों से चुने गए जूरी सदस्यों वाली एकलव्य पुरस्कार समिति ने यहां एक बैठक में सर्वसम्मति से प्रत्याशा का चयन किया। प्रत्याशा को एक समारोह में प्रशस्ति पत्र के साथ सात लाख रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। धावक डोंडापति मृत्युम जयराम और बैडमिंटन खिलाड़ी तन्वी पत्री को भी विभिन्न अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया जाएगा। प्रत्येक को प्रशस्ति पत्र के साथ डेढ़ लाख रुपये का नकद पुरस्कार मिलेगा।

### बार्सीलोना ने स्पेनिश लीग में लगातार छठी जीत दर्ज की

**मैड्रिड।** बार्सीलोना ने स्पेनिश फुटबॉल लीग में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए रविवार को यहां विलारीयाल को 5-1 से हराकर लगातर छठी जीत दर्ज की। इस मुकाबले के दौरान हालांकि बार्सीलोना को झटका भी लगा तब उसके कप्तान और गोलकीपर मार्क आंद्रे टेर स्टेगेन के घुटने में गंभीर चोट लगी और उन्हें स्ट्रेचर पर मैदान से बाहर जाना पड़ा। स्थानीय मीडिया की खबरों के अनुसार टेर स्टेगेन स्टेडियम से अस्पताल एंबुलेंस में गए और अस्पताल से वापस व्हीलचेयर पर लौटे। बार्सीलोना के कोच हेंसी फ्लिक ने कहा इस चोट से हम दुखी हैं। मुझे लगता है कि चोट बहुत बड़ी होगी लेकिन हमें अधिक जानकारी के लिए इंतजार करना होगा। हमें इसे स्वीकार करना होगा। यह आसान नहीं है। बार्सीलोना ने अब तक हुए छह मुकाबलों में 22 गोल किए हैं जबकि उसके खिलाफ सिर्फ पांच गोल हुए हैं। टीम ने अंक तालिका के शीर्ष पर रीयाल मैड्रिड पर चार अंक की बढ़त बना ली है जिसने शनिवार को इस्पानयोल को 4-1 से हराया। एटलेटिको मैड्रिड ने रेयो वालेकानो से 1-1 से ड्रॉ खेला जबकि गेटाफे और लेगानेस का मुकाबला भी 1-1 से बराबर रहा। एथलेटिक बिलबाओ ने सेल्टा विगो को 3-1 से हराया।

# डब्ल्यूटीसी की तालिका में भारत का वर्चस्व

## बांग्लादेश पर जीत के साथ मजबूत हुई स्थिति, श्रीलंका तीसरे स्थान पर पहुंचा

**दुबई, एजेंसी**

भारत ने बांग्लादेश पर 280 रन की जीत के साथ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) तालिका के शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली जबकि श्रीलंका ने गॉल में न्यूजीलैंड को हराकर लाड्र्स में अगले साल होने वाले फाइनल के लिए अपना दावा मजबूत किया। श्रीलंका अपने मौजूदा प्रतिद्वंद्वी न्यूजीलैंड को पछाड़कर तीसरे स्थान पर पहुंचा है।

चेन्नई में जीत और 12 डब्ल्यूटीसी अंक के साथ भारत ने 71.67 प्रतिशत अंक के साथ तालिका के शीर्ष पर ऑस्ट्रेलिया (62.50 प्रतिशत अंक के साथ दूसरे स्थान पर) पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली। पाकिस्तान के खिलाफ शृंखला 2-0 से जीतकर चौथे स्थान पर पहुंचा बांग्लादेश (39.29 प्रतिशत अंक) इस हार के बाद छठे स्थान पर खिसक गया है। बांग्लादेश ने चौथे दिन भारत के 515 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए चार विकेट पर 158 रन से आगे खेलना शुरू किया। कप्तान नजमुल हुसैन शंटो और शाकिब अल हसन ने कुछ देर हार को टाला लेकिन रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा की भारत की स्पिन जोड़ी ने मात्र 40 रन देकर शेष छह विकेट चटका दिए। अश्विन को पहली पारी में शानदार शतक जड़ने और दूसरी पारी में छह विकेट लेने के लिए मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। गॉल में जीत के बाद तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंचे श्रीलंका के पास 2025 के फाइनल में जगह बनाने के लिए 2023 डब्ल्यूटीसी के फाइनलिस्ट भारत और ऑस्ट्रेलिया को चुनौती देने का सबसे अच्छा मौका है।

गॉल में न्यूजीलैंड पर 63 रन की जीत श्रीलंका की आठ मैचों में चौथी जीत है जिससे उनके 50 प्रतिशत अंक हो गए हैं। श्रीलंका की टीम मौजूदा चक्र में अब अधिकतम 69.23 प्रतिशत अंक हासिल कर सकती है जो उसे अगले साल लॉर्ड्स में होने वाले फाइनल में जगह दिलाने के लिए पर्याप्त होगा और फिर दक्षिण अफ्रीका तथा ऑस्ट्रेलिया का सूपड़ा साफ करना होगा। भारत को डब्ल्यूटीसी चक्र में अभी नौ टेस्ट और खेलने हैं और उसकी नजरें लगातार तीसरी बार डब्ल्यूटीसी फाइनल में जगह बनाने पर टिकी हैं। भारत पिछले दो सत्र में उपविजेता रहा था जब उसे न्यूजीलैंड (2020) और ऑस्ट्रेलिया (2022) के खिलाफ फाइनल में हार झेलनी पड़ी।



जीत के बाद जश्न मनाते भारतीय खिलाड़ी। (फाइल फोटो) ● एजेंसी

### गिल के साथ मैदान के बाहर की दोस्ती काम आई : पंत



**चेन्नई।** भारत के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट क्रिकेट मैच की दूसरी पारी में शुभमन गिल के साथ सफल साझेदारी के रहस्य का खुलासा करते हुए कहा कि दोनों के बीच मैदान के बाहर की दोस्ती से मैदान पर काफी मदद मिली। पंत और गिल दोनों पहली पारी में नहीं चल पाए थे लेकिन उन्होंने दूसरी पारी में 167 रन की साझेदारी की जिसका आखिर में मैच के परिणाम पर असर पड़ा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी किया है जिसमें पंत ने कहा जब मैदान के बाहर आपके बीच बहुत अच्छे संबंध होते हैं तो फिर उस खिलाड़ी के साथ बल्लेबाजी करते हुए काफी मदद मिलती है। हम एक दूसरे के खेल का आनंद ले रहे थे, आपस में खूब बातें कर रहे थे और मैच पर भी बात कर रहे थे तथा बेहद सहज थे। आखिर में हम दोनों यह जानते थे कि हमें क्या करना है। दिसंबर 2022 में सड़क दुर्घटना में घायल होने के बाद अपना पहला टेस्ट मैच खेलने वाले पंत ने कहा मेरी खेल की समझ यह कहती है कि आप जहां भी खेल रहे हों, आपके खेल में सुधार होना चाहिए। इसलिए मैं टीम की मदद करने की कोशिश कर रहा था और यह शानदार रहा। मैंने इसका पूरा लुत्फ उठाया।

### बुमराह सभी प्रारूपों में सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज : स्टीव स्मिथ



**नई दिल्ली।** अनुभवी ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से पहले जसप्रीत बुमराह की सराहना की और उन्हें सभी प्रारूपों में सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज बताया। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच टेस्ट मैच की शृंखला 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होगी। भारत ने ऑस्ट्रेलिया में पिछली दो शृंखला जीती हैं। अगर भारत को लगातार तीसरी टेस्ट शृंखला जीतनी है तो ऑस्ट्रेलिया में बुमराह के असाधारण कौशल पर काफी कुछ निर्भर करेगा। स्मिथ ने कहा वह एक बेहतरीन गेंदबाज हैं, चाहे मैं नई गेंद से, थोड़ी पुरानी गेंद से या पुरानी गेंद से उनका सामना करूं। उनके पास सभी तरह का शानदार कौशल है। 35 वर्षीय स्मिथ पिछली कुछ शृंखला से ऑस्ट्रेलिया के लिए पारी का आगाज कर रहे हैं और उनके भारत के खिलाफ भी ऐसा ही करने की उम्मीद है।

# टीम यूरोप ने टीम विश्व को हराकर लीवर कप जीता

**बर्लिन।** चार बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन कार्लोस अल्कारेज ने टेलर फ्रिट्ज को 6-2, 7-5 से हराया जिससे टीम यूरोप ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए टीम विश्व को लीवर कप टेनिस टूर्नामेंट में 13-11 से शिकस्त दी।

अल्कारेज ने दूसरे सेट के 11वें गेम में अमेरिकी ओपन उप विजेता फ्रिट्ज की सर्विस तोड़ी और फिर अपनी सर्विस बचाकर मैच जीतकर टीम यूरोप की जीत सुनिश्चित की। तीन दिन के मुकाबले के तीसरे और अंतिम दिन के खेल से पहले टीम विश्व 8-4 की बढ़त बनाकर लगातार तीसरा खिताब जीतने के करीब थी। रविवार को टीम यूरोप ने वापसी की जब अल्कारेज और कास्पर रूड ने बेन शेल्टन और फ्रांसेस टियाफो की अमेरिका की जोड़ी को युगल मुकाबले में 6-2, 7-6 से हराया। शेल्टन ने इसके बाद ऑस्ट्रेलियाई ओपन के उप विजेता दानिल मेदवेदेव को 6-7, 7-5, 10-7 से हराकर टीम विश्व को फिर बढ़त दिलाई। टियाफो के पास टीम विश्व को जीत दिलाने का मौका था लेकिन वह फ्रेंच ओपन के फाइनल में पहुंचे एलेक्जेंडर ज्वेरेव के खिलाफ हार गए। अल्कारेज ने इसके बाद फ्रिट्ज को हराकर टीम यूरोप की जीत पक्की की।

# सुर्खियों से दूर भारत के तारणहार बने रहे हैं जडेजा



- **कानपुर टेस्ट में 300 विकेट और 3,000 रन के साथ ग्रैंड डबल एलीट क्लब में शामिल होने का मिलेगा मौका**

**चेन्नई, एजेंसी**

अगर आप जसप्रीत बुमराह जैसे विलक्षण नहीं हैं तो फिर रविचंद्रन अश्विन के साथ खेलने वाले गेंदबाजों के लिए इस दिग्गज ऑफ स्पिनर की छाया से बाहर निकलना आसान नहीं होता, फिर भले ही वह रविंद्र जडेजा जैसा प्रतिभाशाली खिलाड़ी ही क्यों ना हो।

इस हफ्ते शुरू होने वाले कानपुर टेस्ट में जडेजा के पास टेस्ट क्रिकेट में 300 विकेट और 3,000 रन के ग्रैंड डबल को हासिल करने वाले खिलाड़ियों के एलीट क्लब में शामिल होने का मौका होगा। इस ऑलराउंडर के नाम पर अभी 299 विकेट और 3,122 रन दर्ज हैं। भारत के दो खिलाड़ियों अश्विन और कपिल देव सहित अब तक दुनिया के केवल 10 खिलाड़ी ही इस उपलब्धि को हासिल कर पाए हैं।

गैरी सोबर्स और जाक कैलिस जैसे महान खिलाड़ी भी इस सूची का हिस्सा नहीं हैं लेकिन इसके बावजूद जडेजा को उतनी सुर्खियां नहीं मिलती जितनी इन्हें मिला करती थी। एक तरह से जडेजा का काम करने का तरीका इसका मुख्य कारण है।

अश्विन बोलने में तेज हैं और वह प्रेस कांफ्रेंस या अपने यूट्यूब चैनल पर अपने कौशल के बारे में बात करने से नहीं डरते। जडेजा इनमें से कुछ भी नहीं करते। वह रडार की पकड़ में नहीं आने वाले लड़ाकू विमान की तरह अपना काम करते हैं। हालांकि भारत जब भी मुश्किल में होता है तो जडेजा की लड़ाकू प्रवृत्ति तुरंत सामने आ जाती है।

### स्वदेश में हमने 45 मैच खेले, जडेजा ने लिए 218 विकेट : अश्विन

अश्विन ने कहा अब यह प्रशंसा एक कदम और बढ़ गई है, यह जानते हुए कि मैं जडेजा को कभी नहीं हरा सकता। इसलिए मैं अपने खेल में सहज हूं, लेकिन उन्होंने जो किया है, उससे पूरी तरह प्रेरित हूं। उन्होंने पहले टेस्ट के बाद कहा वह काफी प्रेरणादायक है। कभी-कभी जब आप अपने साथी क्रिकेटरों के साथ दौड़ में होते हैं तो आप एक-दूसरे से आगे निकलना चाहते हैं, और फिर आप धीरे-धीरे एक-दूसरे की प्रशंसा करने लगते हैं। वर्ष 2012 में जोड़ी बनाने के बाद से अश्विन और जडेजा स्वदेश में एक साथ 45 टेस्ट खेले जिनमें से भारत ने 34 जीते, तीन में हार और शेष आठ ड्रॉ रहे। इन 45 मैचों में जडेजा ने 218 जबकि अश्विन ने 263 विकेट चटकाए।

## बॉलीवुड हलचल

# मिस यूनिवर्स इंडिया 2024 बनीं रिया सिंघा



**जयपुर।** गुजरात की रिया सिंघा मिस यूनिवर्स इंडिया 2024 की विजेता बन गईं हैं। मिस यूनिवर्स इंडिया 2024 का ग्रैंड फिनाले को राजस्थान के जयपुर में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में देश भर से चुनी गई 51 फाइनलिस्टों ने एक से बढ़कर एक जबरदस्त परफॉर्मेंस दी। 51 फाइनलिस्टों में पहले दो राउंड के बाद से टॉप 20 फाइनलिस्ट चुनी गई ।दिल्ली की प्रांजल प्रिया को हराकर गुजरात की रिया सिंघा ने मिस यूनिवर्स इंडिया 2024 का खिताब अपने नाम कर लिया। मिस यूनिवर्स इंडिया 2015 एवं बॉलीवुड स्टार उर्वशी रौतेला ने रिया सिंघा को मिस यूनिवर्स इंडिया का ताज पहनाया। रिया इस वर्ष मैक्सिको में होने वाले मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। रिया ने इस अवसर पर कहा, मैंने मिस यूनिवर्स इंडिया 2024 का खिताब जीत लिया है। मैंने इस मुकाम तक पहुंचने के लिए बहुत मेहनत की है, जहां मैं खुद को इस ताज के लायक समझ सकती हूं। मैं पिछले विजेताओं से बहुत प्रेरित हूं। कार्यक्रम में जज के रूप में मिस यूनिवर्स इंडिया 2024 के डायरेक्टर निखिल आनंद, बॉलीवुड अभिनेत्री उर्वशी रौतेला, फिलीपींस के जाने माने फैशन डिजाइनर ग्युयें कुयन्ह, रियान फर्नांडिस एवं राजीव श्रीवास्तव थे। गौरतलब है कि तीन भारतीय सुंदरियों ने मिस यूनिवर्स का ताज जीता है, जिसमें वर्ष 1994 में सुष्मिता सेन, वर्ष 2000 में लारा दत्ता और वर्ष 2022 में हरनाज संधू शामिल है।

### गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड से सम्मानित हुए चिरंजीवी

**हैदराबाद।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार चिरंजीवी को गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड से सम्मानित किया गया। चिरंजीवी अब गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के धारक बन गए हैं। चिरंजीवी को यह सम्मान 45 वर्षों में अपनी 156 फिल्मों के 537 गानों में 24,000 डांस मूव्स करने के लिए मिला। इसी दिन सुपरस्टार चिरंजीवी 1978 में भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में अपने फिल्मी करियर की शुरुआत की थी। चिरंजीवी को यह सम्मान आमिर खान ने दिया। इस अवसर पर आमिर खान ने कहा, यहां आना मेरे लिए खुशी और सम्मान की बात है। मैं चिरंजीवी गारू के प्रशंसकों को देखकर खुश हूं और मुझे भी अपने बीच शामिल करने के लिए आप सभी का धन्यवाद क्योंकि मैं भी उनका बहुत बड़ा प्रशंसक हूं। मैं उन्हें अपने बड़े भाई की तरह देखता हूं। जब चिरंजीवी गारू ने मुझे फोन किया और मुझे इस कार्यक्रम में आमंत्रित करना चाहा तो मुझे नहीं पता कि उन्होंने मुझसे क्यों बुलाया था और मैंने उनसे पहले ही कहा था कि आपको केवल ऑर्डर करना है, कोई मांग नहीं है। मुझे बहुत खुशी है कि चिरंजीवी गारू को यह सम्मान दिया गया है। चिरंजीवी ने कहा कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि वह गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड धारक बन जाएंगे। उन्होंने दर्शकों का आभार व्यक्त किया।



### अल्लू अर्जुन की आने वाली फिल्म पुष्पा 2 का रोमांचक पोस्टर रिलीज

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार अल्लू अर्जुन की आने वाली फिल्म पुष्पा 2 का रोमांचक पोस्टर रिलीज हो गया है। पुष्पा 2 : द रूल इस साल की सबसे ज्यादा प्रतीक्षित फिल्म है। दिलचस्प बात यह है कि फिल्म अब अपनी रिलीज से सिर्फ 75 दिन दूर है और जल्द ही दुनिया पुष्पा और उनके बेमिसाल जलवे को बड़े पर्दे पर देखेगी। पुष्पा 2 : द रूल के निर्माताओं ने अपने सोशल मीडिया पर अल्लू अर्जुन का एक रोमांचक पोस्टर शेयर किया है, जिसमें वे पुष्पराज के रूप में नजर आ रहे हैं, जिसमें उनका सिग्नेचर स्वैग साफ झलक रहा है। उन्होंने कैप्शन में लिखा 75 दिन में दुनिया को पुष्पा और उनकी बेमिसाल आभा को बड़े पर्दे पर देखने का मौका मिलेगा। #पुष्पा 2 द रूल भारतीय सिनेमा में एक अभूतपूर्व अध्याय लिखेगा द रूल 6 दिसंबर 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। सुकुमार द्वारा निर्देशित और माइथ्री मूवी मेकर्स द्वारा निर्मित इस फिल्म में अल्लू अर्जुन, रश्मिका मंदाना और फहाद फासिल मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिल्म का संगीत टी सीरीज का है।

# भांबरी, जीवन और प्रशांत अलग-अलग टूर्नामेंट के युगल फाइनल में

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत के जीवन नेदुनचेझियान, विजय सुंदर प्रशांत और युकी भांबरी ने सोमवार को चीन में खेले जा रहे दो अलग-अलग एटीपी टूर्नामेंट के पुरुष युगल के फाइनल में जगह बनाई।

जीवन और विजय की गैर वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने हांग्झोऊ ओपन के सेमीफाइनल में एरियल बेहार (उरुग्वे) और रॉबर्ट गैलोवे (अमेरिका) की तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी के खिलाफ पहले सेट में करारी हार के बाद शानदार वापसी की तथा एक घंटे और 11 मिनट के रोमांचक मुकाबले में 0-6, 6-2, 10-4 से जीत हासिल की। फाइनल में जीवन और विजय का मुकाबला कॉन्स्टेंटिन फ्रांत्जेन और हेंड्रिक जेबेंस की गैरवरीयता प्राप्त जर्मन जोड़ी से होगा।

उन्होंने रिंकी हिजिकाटा (ऑस्ट्रेलिया) और मैकेंजी मैकडोनाल्ड (अमेरिका) से वॉकओवर मिलने के बाद फाइनल में जगह बनाई। इस बीच चेंगदू ओपन में युकी और फ्रांस के अल्बानो ओलिवेटल की तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने एक घंटे और 31 मिनट तक चले कड़े मुकाबले में क्रोएशिया के इवान डोडिग और ब्राजील के राफेल माटोस को 6-3, 7-6 से हराया। फाइनल में युकी और अल्बानो का मुकाबला सादियो डौम्बिया और फैबियन रेबौल की शीर्ष वरीयता प्राप्त फ्रांसीसी जोड़ी से होगा, जिन्होंने सेमीफाइनल में मिगुएल रेयेस-वरेला और जॉन-पैट्रिक स्मिथ को 4-6, 6-3, 12-10 से हराया।



विजय सुंदर प्रशांत व जीवन नेदुनचेझियान।

- **फाइनल मुकाबला जीवन और विजय का कॉन्स्टेंटिन फ्रांत्जेन और हेंड्रिक जेबेंस की जर्मन जोड़ी से होगा**


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

## अनोखी प्रतियोगिता



केरल में बैलों की दौड़ प्रतियोगिता चर्चा में रहती है। खास मौकों पर यह प्रतियोगिता आयोजित की जाती है। कोझिकोड जिले में एक किसान अपने बैलों के साथ दौड़ता हुआ। एजेंसी

# सामाजिक दबावों के बीच पुरुष अकेलेपन की महामारी से जूझ रहे

जस्टिन बीबर और उनकी पत्नी हैली ने मई 2024 में घोषणा की थी कि वे बच्चे की उम्मीद कर रहे हैं, उससे कुछ हफ्ते पहले पॉप आइकन ने एक सेल्फी सोशल मीडिया पर साझा की थी जिसमें उनकी आंखों में आंसू थे और वह परेशान दिखाई दे रहे थे। मीडिया का ध्यान तुरंत ही हैली की गर्भावस्था की ओर चला गया जबकि एक पुरुष सेलिब्रिटी और भावी पिता द्वारा सार्वजनिक रूप से अपनी कमजोरी साझा करने के महत्व पर बहुत कम ध्यान दिया गया। फिर भी, बीबर का सोशल मीडिया पोस्ट उनके आंतरिक संघर्ष को उजागर करने के लिए काफी है। भावनात्मक दर्द गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से जुड़ा हुआ है। लेकिन, पुरुषों की भावनाओं और कमजोरियों की अभिव्यक्ति के प्रति लोगों की प्रतिक्रिया अक्सर कमतर होती है, भले ही उन्हें पूरी तरह खारिज नहीं किया जाता हो। उदाहरण के लिए, बीबर के आंसू भरे पोस्ट के जवाब में हैली ने उन्हें काफी रोने वाला बताया।



### कनाडाई रैप गायक ने अपने दिल की भावनाएं पेश की

एक साल पहले, कनाडाई रैप गायक डैक्स ने टू बी ए मैन गाना रिलीज किया था। उस समय उन्होंने कहा था, यह एक ऐसा गाना है जिसमें मैंने अपने दिल की भावनाएं पेश की हैं। मैं प्रार्थना कर रहा हूं कि यह उन सभी तक पहुंचे जिन्हें इसकी जरूरत है। आज, इस गाने का संदेश समय के अनुकूल है। इस गाने का भाव कुछ इस तरह है : हां, मुझे पता है कि यह जिंदगी आपको वाकई हरा सकती है, तुम चीखना चाहते हो लेकिन तुम आवाज नहीं निकाल पाओगे, इतना वजन है कि तुम उसे थामे हुए हो लेकिन एक पुरुष के तौर पर कोई भावना नहीं दिखा पाओगे, जो अनकही रह जाएगी।

### अमेरिकी सर्जन ने महामारी बताया

पुरुषों पर अकेलेपन का असर को लेकर अमेरिकी सर्जन डॉ. विवेक मूर्ति ने एक सलाह जारी की, जिसमें उन्होंने देश में अकेलेपन और अलगाव को एक महामारी के रूप में वर्णित किया। हाल ही में हमने 75 नए और भावी पिताओं पर एक अध्ययन किया, जिसमें उन्होंने व्यक्तिगत और सामूहिक आघात से निपटने की आवश्यकता पर बात की। उन्होंने कहा कि इससे अंतत: उनके परिवारों को सहायता मिलेगी। लेकिन नए और भावी पिताओं का कहना है कि पुरुषों को उनके मानसिक स्वास्थ्य में मदद करने के लिए संसाधन अक्सर अनुपलब्ध या बहुत सीमित होते हैं।

### पुरुष होने के नाते बाहर से दिखाते मजबूत

शोध में शामिल एक प्रतिभागी ने कहा एक पिता और एक पुरुष होने के नाते, आपको माहौल खुशनुमा रखना है और बाहर से खुद को मजबूत दिखाना है। लेकिन, अंदरुनी तौर पर आप कुछ अलग ही महसूस कर रहे होते हैं। शोध एक स्थायी सामाजिक स्वास्थ्य चुनौती को दर्शाता है, वह चुप्पी जो आमतौर पर पुरुषों के मानसिक स्वास्थ्य के इर्द-गिर्द रहती है।

## एक नजर

### ईरान में भूकंप के झटकों में 28 लोग घायल

**तेहरान।** ईरान के पूर्वी प्रांत उत्तरी खुरासान के बोजनुर्द काउंटी में रविवार को आए भूकंप के तीव्र झटकों के कारण कम से कम 28 लोग घायल हो गए। आधिकारिक समाचार एजेंसी इरना ने यह जानकारी दी। एजेंसी ने बताया कि भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5.2 मापी गयी एवं कम से कम 28 लोग घायल हो गए। ईरानी भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार स्थानीय समयानुसार 16:13 बजे आए भूकंप की गहराई आठ किमी पर थी। इसके बाद चार झटके महसूस किए गए जिनमें एक ही काउंटी में 4.7 और 4.1 तीव्रता के दो झटके शामिल थे।

### पाकिस्तान में युवक पर लगा ईशनिंदा का आरोप

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की पुलिस ने साहीवाल जिले के चिचावतनी शहर के एक युवक (25) पर सोशल मीडिया पर साझा पोस्ट को लेकर ईशनिंदा का आरोप लगाया है। स्थानीय अखबार डॉन ने सोमवार को बताया कि शनिवार रात चिचावतनी के सदर थाना के सहायक उप-निरीक्षक शमसुल हसन की शिकायत पर युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। वह शख्स इस्लामाबाद में सीनेट का कर्मचारी था, लेकिन हाल ही में उसे नौकरी से हटा दिया गया।

### इराक के आतंकवादी गुट ने ड्रोन हमले की जिम्मेदारी ली

**बगदाद।** इराक के आतंकवादी गुट एक शिया मिलिशिया समूह ने रविवार शाम को जॉर्डन घाटी में एक इजराइली ठिकानों पर ड्रोन हमले की जिम्मेदारी ली। मिलिशिया समूह ने एक बयान में कहा कि रविवार को अपनी तरह का पांचवां हमला गाजा पट्टी के लोगों के साथ एकजुटता में किया गया था जिसमें दुश्मन के गढ़ों को निशाना बनाना जारी रखने का संकल्प लिया गया था। समूह ने प्रभावित स्थलों को निर्दिष्ट नहीं किया या किसी हताहत की सूचना नहीं दी। इससे पहले दिन में समूह ने इज़रायली ठिकानों पर कई ड्रोन और मिसाइल हमलों की जिम्मेदारी ली जिसमें भोर में दक्षिणी इज़राइल में स्थलों पर ड्रोन हमला, उत्तर में कई स्थलों पर उन्नत अल-अरक़ब क्रूज मिसाइलों से हमले और सुबह में जॉर्डन घाटी में एक इजराइली सैन्य अड्डे पर ड्रोन हमला शामिल है।

# भारत में विकास की अनंत संभावनाएं : मोदी

## प्रधानमंत्री ने अमेरिका की 15 प्रमुख प्रौद्योगिक कंपनियों के सीईओ के साथ की बैठक

न्यूयॉर्क, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिका में प्रौद्योगिकी क्षेत्र की प्रमुख कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों (सीईओ) के साथ सार्थक गोलमेज सम्मेलन में हिस्सा लिया और इस दौरान भारत में विकास की संभावनाओं पर जोर दिया एवं विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ाने की पहलों पर चर्चा की। बैठक मोदी की तीन दिवसीय अमेरिका यात्रा के दूसरे दिन रविवार को लोट्टे न्यूयॉर्क पैलेस होटल में हुई।

बैठक में एआई क्वांटम कंप्यूटिंग और सेमीकंडक्टर जैसी अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों पर काम करने वाली अमेरिका की 15 प्रमुख कंपनियों के सीईओ ने हिस्सा लिया। मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया न्यूयॉर्क में प्रौद्योगिकी क्षेत्र की कंपनियों के सीईओ के साथ सार्थक गोलमेज सम्मेलन में हिस्सा लिया। प्रौद्योगिकी, नवोन्मेष और अन्य विषयों से संबंधित पहलुओं पर चर्चा की। इस क्षेत्र में भारत की प्रगति पर भी प्रकाश डाला। भारत के प्रति आशावादी दृष्टिकोण को देखकर मुझे खुशी हुई। विदेश मंत्रालय के अनुसार, सम्मेलन के दौरान मोदी ने कहा कि प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग और महत्वपूर्ण एवं उभरती प्रौद्योगिकियों पर पहल (आईसीईटी) जैसे प्रयास भारत-अमेरिका व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी के मूल में हैं। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि उनके तीसरे कार्यकाल में भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने का हर संभव प्रयास किया जाएगा और उन्होंने कंपनियों को सहयोग एवं नवोन्मेष के मामले में भारत की विकास गाथा का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। कंपनियां भारत में दुनिया के लिए सह-विकास, सह-डिजाइन और सह-उत्पादन कर सकती हैं। भारत के आर्थिक और तकनीकी विकास से अवसरों का लाभ उठा सकती हैं। मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग द्वारा आयोजित इस सम्मेलन में गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई, अडोब के सीईओ शांतनु नारायण, एक्सेंचर की सीईओ जूली स्वीट के सीईओ शामिल हुए।



न्यूयॉर्क के एक होटल में कंपनियों के सीईओ के साथ उपस्थित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। एजेंसी

### प्रधानमंत्री ने आर्थिक परिवर्तन पर प्रकाश डाला

बौद्धिक संपदा की सुरक्षा और तकनीकी नवाचार को बढ़ावा देने के लिए भारत की गहरी प्रतिबद्धता के बारे में उद्योगपतियों को आश्वस्त करते हुए मोदी ने देश में विशेष रूप से इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी विनिर्माण और सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में हो रहे आर्थिक परिवर्तन पर प्रकाश डाला। सम्मेलन में भाग लेने वाले अन्य लोगों में एएमडी की सीईओ लिजा सु, एचपी इंक के सीईओ एनरिक लोरेस, आईबीएम के सीईओ अरविंद कृष्णा, मॉडर्ना के चेयरमैन डॉ. नौबर अफयान और वेरिजॉन के सीईओ हैंस वेस्टबर्ग शामिल थे।

### भारत को सेमीकंडक्टर विनिर्माण का वैश्विक केंद्र बनाने के लिए प्रतिबद्ध

सीईओ के साथ बैठक में मोदी ने जोर देकर कहा कि उनकी सरकार भारत को सेमीकंडक्टर विनिर्माण का वैश्विक केंद्र बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने देश को बायोटेक पावरहाउस के रूप में विकसित करने के लिए भारत की बायो ई3 (पर्यावरण, अर्थव्यवस्था और रोजगार के लिए जैव प्रौद्योगिकी) नीति के बारे में भी बात की। उन्होंने एआई के विषय पर कहा कि भारत की नीति सभी के लिए एआई को बढ़ावा देने तथा इसके नैतिक और जिम्मेदारी से उपयोग पर आधारित है।

### सीईओ ने भारत के साथ निवेश और सहयोग करने में गहरी रुचि व्यक्त की

सीईओ ने ऐसे वैश्विक प्रौद्योगिकी केंद्र के रूप में भारत के बढ़ते प्रभुत्व की सराहना की, जो इसकी नवोन्मेष-अनुकूल नीतियों और समृद्ध बाजार के अवसरों से प्रेरित है। उन्होंने भारत के साथ निवेश और सहयोग करने में भी गहरी रुचि व्यक्त की। सम्मेलन में भाग लेने वाले अन्य लोगों में बायोजेन इंक के सीईओ क्रिस विहबैकर, ब्रिस्टल मायर्स स्क्विब के सीईओ क्रिस बोर्नर, एली लिली एंड कंपनी के सीईओ डेविड ए रिक्स, एलएएम रिसर्च के सीईओ टिम आर्चर, ग्लोबलफाउंड्रीज के सीईओ थॉमस कौलफील्ड और किंड्रिल के सीईओ मार्टिन श्रोएटर शामिल थे।

# प्रधानमंत्री ने औली समेत विश्व के कई नेताओं से की मुलाकात

- द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की
- प्रधानमंत्री ने फिलस्तीनी राष्ट्रपति सहित से की गहन चर्चा

न्यूयॉर्क, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने नेपाली समकक्ष केपी शर्मा ओली और फिलिस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास सहित विश्व के कई नेताओं के साथ अलग-अलग बैठकें की, जिनमें द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। मोदी अमेरिका की तीन दिवसीय यात्रा के तहत न्यूयॉर्क में हैं। उन्होंने रविवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) सत्र के इतर अब्बास से मुलाकात की।

मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, न्यूयॉर्क में प्रधानमंत्री केपी ओली के साथ बैठक बहुत अच्छी रही। भारत और नेपाल की मित्रता बहुत मजबूत है और हम अपने संबंधों को और गति देना चाहते हैं। हमारी बातचीत ऊर्जा, प्रौद्योगिकी और व्यापार जैसे मुद्दों पर केंद्रित रही। विदेश मंत्रालय के आधिकारिक एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट में कहा गया प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने घनिष्ठ मित्रता को और प्रगाढ़ करते हुए यूएनजीए सत्र से इतर नेपाल के प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली से आज मुलाकात की। इसमें कहा गया दोनों नेताओं ने सदियों पुरानी, बहुआयामी और विस्तारित साझेदारी के तहत सभी क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने के लिए आपसी हित के मामलों पर चर्चा की। ओली प्रधानमंत्री का कार्यभार संभालने के बाद सबसे पहले किसी पड़ोसी देश का दौरा करने की परंपरा को तोड़ते हुए संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के 79वें सत्र में भाग लेने के लिए अपनी पहली विदेश यात्रा पर अमेरिका आए हैं।



नेपाल के प्रधानमंत्री के साथ मोदी।

### गाजा में मानवीय स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की

मोदी ने फिलिस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास से भी यहां मुलाकात की और गाजा में मानवीय स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए क्षेत्र में शांति एवं स्थिरता की शीघ्र बहाली के प्रति भारत के समर्थन की पुष्टि की। मोदी ने एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, न्यूयॉर्क में (फलस्तीन के) राष्ट्रपति महमूद अब्बास से मुलाकात की।

## अगर हारा, तो 2024 का चुनाव मेरा आखिरी मुकाबला होगा : ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को कहा कि अगर वह 2024 में व्हाइट हाउस (अमेरिका के राष्ट्रपति का आधिकारिक कार्यालय और आवास) में वापसी करने में नाकाम रहते हैं तो उन्हें नहीं लगता कि वह 2028 में राष्ट्रपति पद के लिए दोबारा चुनाव लड़ेंगे। जब पत्रकार शेरिल एटकिसन ने ट्रंप से फिर से राष्ट्रपति चुनाव लड़ने के बारे में पूछा तो उन्होंने कहा नहीं, मैं (चुनाव नहीं) लड़ पाऊंगा। ट्रंप की यह टिप्पणी इसलिए उल्लेखनीय है क्योंकि उन्होंने व्हाइट हाउस के लिए चौथी बार दावेदारी की संभावना को खारिज कर दिया है और वह कभी इस संभावना को स्वीकार नहीं करते हैं कि वह वैध रूप से चुनाव हार सकते हैं।

# रूसी व अमेरिकी नागरिक को लेकर पृथ्वी पर लौटा कैप्सूल

मॉस्को, एजेंसी

- दो यात्रियों ने परिक्रमा कर रही अंतरिक्ष प्रयोगशाला में रिकॉर्ड-लंबा प्रवास पूरा किया

अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से दो रूसी और एक अमेरिकी नागरिक को लेकर सोयूज कैप्सूल सोमवार को कजाकिस्तान में उतरा। इसके साथ ही रूस के दोनों अंतरिक्ष यात्रियों का लंबा प्रवास समाप्त हो गया। आईएसएस से अलग होने के लगभग साढ़े तीन घंटे बाद कैप्सूल कजाकिस्तान के मैदान पर उतरा। ओलेग कोनोनेंको और निकोलाई चूब अंतरिक्ष स्टेशन पर 374 दिन बिताने के बाद वापस लौटे, जो वहां उनका सबसे लंबा निरंतर प्रवास था। इस कैप्सूल में अमेरिकी ट्रेसी डायसन भी थीं, जो छह महीने तक अंतरिक्ष स्टेशन में रहीं। कोनोनेंको और चूब 15 सितंबर, 2023 को अंतरिक्ष स्टेशन के लिए रवाना हुए और शुक्रवार को आईएसएस पर सबसे लंबे समय तक लगातार रहने का रिकॉर्ड बनाया। डायसन, बाहरी अंतरिक्ष में अपने तीसरे मिशन में छह महीने अंतरिक्ष में रहीं।



## लेबनान एक और गाजा में हो सकता है तब्दील : गुटेरेस

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा कि इजराइल व हिजबुल्ला के मध्य बढ़ते हमलों के बीच लेबनान एक और गाजा में तब्दील हो सकता है। गुटेरेस ने अमेरीकी समाचार आउटलेट सीएनएन के साथ एक साक्षात्कार के दौरान कहा कि लेबनान में संचार उपकरणों के हाल ही में विस्फोट का मतलब है कि बहुत अधिक वृद्धि की संभावना है जिसके बारे में उन्हें डर है कि यह दुनिया के लिए विनाशकारी त्रासदी हो सकती है। लेबनान के लिए संयुक्त राष्ट्र की विशेष समन्वयक जीनिन हेनिस ने एक्स पर कहा क्षेत्र एक आसन्न तबाही के कगार पर है और इसे अनदेखा नहीं किया जा सकता है, ऐसा कोई सैन्य समाधान नहीं है जो किसी भी पक्ष को सुरक्षित कर सके।

# इजराइली हमलों में 182 लोग मारे गए

## लेबनान के लिए 2006 के बाद सर्वाधिक घातक दिन, 300 ठिकानों पर हमला किया

मरजायौन (लेबनान), एजेंसी

लेबनान के लिए वर्ष 2006 के बाद सोमवार सर्वाधिक घातक दिन रहा और हिजबुल्ला के खिलाफ इजराइल के हमलों में 180 से अधिक लोग मारे गए। इजराइली सेना ने हिजबुल्ला के खिलाफ व्यापक हवाई अभियान से पहले दक्षिणी और पूर्वी लेबनान के निवासियों को अपने घर खाली करने की चेतावनी दी थी।

दक्षिण लेबनान से इजराइल की चेतावनी के बाद हजारों लेबनानी अपने घरों को छोड़कर भाग गए। वर्ष 2006 के इजराइल-हिज़बुल्ला युद्ध के बाद इस सबसे बड़े पलायन में दक्षिणी बंदरगाह शहर सिडोन के पास मुख्य राजमार्ग बेरूत की ओर जाने वाली कारों से जाम हो गया। इजराइल की सेना ने कहा कि उसने हिजबुल्ला आतंकवादी समूह के खिलाफ दबाव बढ़ाते हुए लेबनान में सोमवार को लगभग 300 ठिकानों पर हमला किया। इजराइल की सेना ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में तस्वीर जारी करते हुए घोषणा की कि सैन्य प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल हर्जी हलेवी, तेल अवीव स्थित सैन्य मुख्यालय से अतिरिक्त हमलों को मंजूरी दे रहे हैं। हिजबुल्ला के खिलाफ पिछले एक साल से चल रही लड़ाई में यह सबसे घातक हवाई हमलों में से एक है।



# मध्यस्थता सुनवाई में रूस पर जड़े आरोप

द हेग, एजेंसी

- यूक्रेन और रूस के बीच एक उच्चस्तरीय मध्यस्थता मामले की सुनवाई शुरू

यूक्रेन और रूस के बीच एक उच्च-स्तरीय मध्यस्थता मामले की सुनवाई सोमवार को शुरू हुई। इस दौरान, कीव ने मॉस्को पर रणनीतिक रूप से अहम अजोव सागर और केर्च जलडमरूमध्य पर अवैध रूप से कब्जा करने की कोशिश करने का आरोप लगाया। स्थायी मध्यस्थता न्यायालय (पीसीए) में यह सुनवाई रूस और यूक्रेन से जुड़े अंतर्राष्ट्रीय कानूनी मामलों की श्रृंखला में नवीनतम है। ये मामले 2014 में मॉस्को के क्रीमिया पर कब्जा करने और 2022 में यूक्रेन पर पूर्ण आक्रमण करने से जुड़े हुए हैं। यूक्रेन के प्रतिनिधि एंटन कोरिनविच ने मध्यस्थों के एक पैनल को बताया रूस अजोव सागर और केर्च जलडमरूमध्य पर कब्जा करना चाहता है। इसलिए उसने प्रवेश स्थल पर एक विशाल द्वार बनाया है, ताकि छोटी रूसी नौकाओं को प्रवेश की अनुमति दी जा सके और अंतर्राष्ट्रीय जहाजों को बाहर रखा जा सके। प्रवेश द्वार से यूक्रेन का संदर्भ क्रीमिया पर कब्जे के बाद केर्च जलडमरूमध्य पर रूस द्वारा बनाए गए एक पुल से था।



मध्यस्थता सुनवाई के दौरान पक्ष रखते जेलेंस्की। • एजेंसी

### जेलेंस्की ने गोला बारूद फैक्टरी का दौरा किया

**स्क्रैंटन (अमेरिका)।** यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने अत्यधिक कड़ी सुरक्षा के बीच रविवार को पेंसिल्वेनिया में गोला-बारूद की उस फैक्टरी का दौरा किया जो रूसी बलों के साथ उनके देश की लड़ाई के लिए आवश्यक हथियारों में से एक का उत्पादन कर रही है। स्क्रैंटन सेना गोला बारूद संयंत्र के निरीक्षण के साथ ही अमेरिका की उनकी यात्रा शुरू हो गयी है और इस दौरान वह युद्ध में यूक्रेन के लिए समर्थन जुटाने का प्रयास करेंगे।

## माली के राष्ट्रपति ने आतंकवाद पर अंकुश लगाने का लिया संकल्प

**बमाको।** पश्चिमी अफ्रीकी देश माली के राष्ट्रपति असिमी गोइता ने देश में शांति, सुरक्षा एवम विकास को आगे बढ़ाने के अपने दृढ़ संकल्प की पुष्टि की और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई तेज करने का संकल्प लिया। गोइता ने देश की आजादी की 64वीं वर्षगांठ के अवसर पर एक सैन्य परेड के बाद यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा जब तक हमारा देश इस खतरे से पूरी तरह मुक्त नहीं हो जाता, हम दिन-रात इन सशस्त्र समूहों का समर्थन करेंगे। मालियान लोगों की प्रतिबद्धता की प्रशंसा करते हुए, जो चुनौतियों के बावजूद राष्ट्र की रक्षा के लिए अपने मिशन में मालियान सशस्त्र बलों का सक्रिय रूप से समर्थन करना जारी रखते हैं। गोइता ने रक्षा और सुरक्षा बलों के आसपास एक पवित्र संघ की आवश्यकता पर जोर दिया।

**बदलाव** श्रीलंका के नव नियुक्त राष्ट्रपति ने ली शपथ

# दिसानायके ने नया युग लाने का किया वादा

कोलंबो, एजेंसी

मार्क्सवादी नेता अनुरा कुमारा दिसानायके ने सोमवार को श्रीलंका के नए राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली और कहा कि वह अपने देश में पुनजार्गरण की शुरुआत करेंगे। दिसानायके (56) ने सोमवार को श्रीलंका के नौंवे राष्ट्रपति के तौर पर शपथ ली। प्रधान न्यायाधीश जयंत जयसूर्या ने राष्ट्रपति सचिवालय में उन्हें शपथ दिलायी।

दिसानायके ने चुनाव जीतने के बाद पहली बार देश को संबोधित करते हुए जनादेश का सम्मान करने और शांतिपूर्ण सत्ता हस्तांतरण के लिए पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे का आभार जताया। उन्होंने शपथ ग्रहण करने के बाद दिए संबोधन में कहा मैं आपको आश्वस्त करता हूं कि मैं लोकतंत्र को बचाने और नेताओं का सम्मान बहाल करने की दिशा में काम करने के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रयास करूंगा क्योंकि लोगों के बीच नेताओं के आचरण को लेकर संदेह है। दिसानायके ने कहा कि श्रीलंका अलग-थलग नहीं रह सकता और उसे अंतर्राष्ट्रीय सहयोग की जरूरत है। उन्होंने कहा कि वह कोई जादूगर नहीं हैं बल्कि उनका उद्देश्य आर्थिक संकट से जूझ रहे देश को ऊपर उठाने की सामूहिक जिम्मेदारी का हिस्सा बनना है। मैं इस देश में जन्मा आम नागरिक हूं। मुझमें क्षमताएं और अक्षमताएं हैं। मैं कुछ चीजें जानता हूं और कुछ नहीं जानता। मेरा पहला काम लोगों की प्रतिभाओं का इस्तेमाल करना और इस देश का नेतृत्व करने के लिए बेहतर निर्णय लेना है। उन्होंने कहा मैं सामूहिक जिम्मेदारी में एक योगदानकर्ता बनना चाहता हूं।



शपथ ग्रहण समारोह के बाद संबोधन करते राष्ट्रपति दिसानायके।

### मोदी का जताया आभार

एक अन्य पोस्ट में उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा उन्हें बधाई दिए जाने पर उनका आभार जताया और कहा कि वह द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी की प्रतिबद्धता का समर्थन करते हैं। दिसानायके ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी, आपके स्नेहपूर्ण शब्दों और समर्थन के लिए धन्यवाद।